दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

आम बजट
2026-2007
53.5 लाख करोड़ रुपये का बजट

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, सोमवार, 02 फरवरी 2026 | कृष्ण पक्ष-प्रतिपदा, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 | अंक- 284 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

■ आत्मनिर्भरता की बात, एआई, शिक्षा और स्वास्थ्य की सौगात

नई उम्मीदों की ऊंची उड़ान

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में अपना लगातार नौवां बजट पेश किया। इस बजट में वित्त मंत्री ने सेमीकंडक्टर बायो फार्मा शक्ति की घोषणा की, जिसमें अगले पांच वर्षों में 10,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। टेक्नोलॉजी सेक्टर में सरकार सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 शुरू करेगी और इंडस्ट्री-लैड रिसर्च पर फोकस करेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत अब 'विकसित भारत' की दिशा में विश्वास से भरे कदम आगे बढ़ा रहा है और यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी। बजट में स्वास्थ्य, इंफ्रास्ट्रक्चर, रक्षा, युवा, महिला, बुजुर्ग और किसानों को फोकस किया गया है। एआई रोजगार और विकास योजनाओं पर भी जोर दिया गया है। हाई स्पीड ट्रेन, खनिज कॉरीडोर और जल मार्ग को विकसित करने की योजना है। कुल मिलाकर सबका साथ सबका विकास के मूलमंत्र पर सरकार ने इस बजट को बनाया है।

देश में 7 नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर बनेंगे

देश में 7 नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर बनेंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को इसकी घोषणा की। वित्त मंत्री का कहना है कि इससे आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्रों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ेगी। बजट में हाई स्पीड रेल कॉरिडोर से देश के कई शहरों को जोड़ा लाएगाष इसका मकसद देश के प्रमुख महानगरों को औद्योगिक और धार्मिक शहरों से जोड़ता है। बजट में सरकार ने इसे अलग से विकसित करने की बात कही है। इससे सड़क और पारंपरिक रेल नेटवर्क पर दबाव कम करने की कोशिश की है। वित्त मंत्री ने बजट में जिन 7 हाई स्पीड रेल कॉरिडोर बनाने का ऐलान किया है, उसमें देश के बड़े शहर और महानगरों को जोड़ा गया है। इसमें मुंबई, पुणे, हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, वाराणसी और सिलीगुड़ी शामिल हैं। वित्त मंत्री का कहना है कि इस कॉरिडोर के जरिए फाइनेंशियल सेंटर, आईटी सेंटर और मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर को जोड़ा जाएगा।

देश पर कितना कर्ज और कहां खर्च होगा पैसा?

वित्त मंत्री ने 53.5 लाख करोड़ का बजट पेश कर उधारी पर लगाम लगाने का रोडमैप साफ कर दिया है। सरकार ने राजकोषीय घाटे को घटाकर 4.3% करने का बड़ा लक्ष्य रखा है। इसके साथ ही, चीन पर निर्भरता कम करने के लिए घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को 10,000 करोड़ रुपये की 'बूस्टर डोज' दी गई है। सरकार ने इस बार विकास की रफ्तार को बरकरार रखते हुए राजकोषीय अनुशासन का एक मजबूत उदाहरण पेश किया है। इस बार के बजट का कुल आकार 53.5 लाख करोड़ रुपये तय किया गया है, जो पिछले वित्त वर्ष के 50.65 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले थोडा अधिक है।

4.3 | प्रतिशत तक राजकोषीय घाटे को सीमित करने का रखा गया लक्ष्य

10 | हजार करोड़ रुपये मैनुफैक्चरिंग पर खर्च

50 | लाख 65 करोड़ का बजट पिछले साल था

राजकोषीय घाटे पर सरकार का 'मास्टरस्ट्रोक'

बजट भाषण में वित्त मंत्री ने सबसे बड़ी राहत की खबर देश की आर्थिक सेहत को लेकर दी है। सरकार ने साल 2021-22 में जो वादा किया था कि वह राजकोषीय घाटे को काबू में लाएगी, उसे बखूबी निभाया गया है। वित्त मंत्री ने बताया कि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.3 प्रतिशत तक सीमित करने का लक्ष्य रखा गया है। यह आंकड़ा मौजूदा वित्त वर्ष के 4.4 प्रतिशत के अनुमान से भी कम है।

भारत बनेगा एआई डेटा सेंटर हब

2047 | तक टैक्स छूट से अब गूगल-अमेजन की एंट्री होगी आसान

10 | हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का होगा निवेश

02 | प्रतिशत तक इनवॉइस वैल्यू मुनाफा होगा

बजट 2026 में सरकार ने एआई और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर को भारत लाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि भारत में डेटा सेंटर से ग्लोबल क्लाउड सेवाएं देने वाली विदेशी कंपनियों को 2047 तक टैक्स हॉलिडे मिलेगा। इस फैसले का मकसद गूगल, अमेजन और माइक्रोसॉफ्ट जैसे टेक दिग्गजों को भारत में निवेश के लिए आकर्षित करना है। सरकार का फोकस एआई मॉडल से पहले उस मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर पर है जो एआई को चलाता है। यह राहत उन विदेशी कंपनियों को मिलेगी जो भारत में स्थित डेटा सेंटर के जरिए दुनियाभर के ग्राहकों को क्लाउड सेवाएं देती हैं। इससे भारत ग्लोबल डेटा सेंटर हब बनने की दिशा में आगे बढ़ सकता है।

गूगल, अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट जैसी कंपनियों पर नजर

यह प्रस्ताव खास तौर पर उन ग्लोबल टेक कंपनियों के लिए आकर्षक माना जा रहा है, जिनका बिजनेस बड़े डेटा सेंटर और हाई कंप्यूटिंग पर टिका है। गूगल, अमेजन और माइक्रोसॉफ्ट जैसी कंपनियां एआई और क्लाउड सेवाओं के लिए विशाल इंफ्रास्ट्रक्चर का इस्तेमाल करती हैं। नई टैक्स नीति से इन कंपनियों को भारत में अपनी मौजूदगी बढ़ाने का मजबूत कारण मिलेगा।

एआई मॉडल नहीं, पहले इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस

भारत अभी दुनिया के सबसे बड़े एआई मॉडल बनाने की दौड़ में पीछे हो सकता है, लेकिन सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने की रणनीति चुनी है। देश में एआई सेवाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है और उसे चलाने के लिए भारी कंप्यूटिंग क्षमता चाहिए। डेटा सेंटर देश में होने से लेटेंसी कम होगी और सर्विस तेज मिलेगी। बजट में बॉन्डेड वेयरहाउस का उपयोग करने वाले विदेशी इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट कारोबारियों के लिए भी सेफ हार्बर का प्रस्ताव है।

रिफॉर्म एक्सप्रेस को गति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार के विजन को सामने रखते हुए इसे 'अपार अवसरों का बजट' बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट वर्तमान के सपनों को साकार करने वाला है और इससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। यह बजट अपार अवसरों का राजमार्ग है, जो विकसित भारत की नींव को और मजबूत करेगा।

बजट में ठोस प्लान नहीं

बजट पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि इस बजट में गरीबों के लिए कुछ भी नहीं है। मोदी सरकार के पास अब कोई नए विचार नहीं बचे हैं। यह बजट भारत की महत्वपूर्ण आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक चुनौतियों के बारे में जितने सवालों का जवाब देता है, उससे कहीं ज्यादा सवाल खड़े करता है।

युवाओं के लिए कुछ नहीं

विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बजट को निराशाजनक बताया। राहुल गांधी ने कहा, युवाओं के लिए रोजगार वाला बजट नहीं है। मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर गिर रहा है। निवेशक पूंजी निकाल रहे हैं। घरेलू बचत में भारी गिरावट आ रही है। सरकार के एकतरफा रवैया से युवा हताश हैं, जिन्हें कोई भविष्य नजर नहीं आ रहा।

वित्तमंत्री का बजट झूठ

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा, तीन कॉरिडोर के बारे में उन्होंने (वित्त मंत्री) जो कहा वह सरासर झूठ है। यह प्रोजेक्ट पहले से ही चल रहे हैं। हमने इस पर काम शुरू कर दिया है। पुरुलिया में जंगलमहल जंगल सुंदरी परियोजना के लिए, इस आर्थिक कॉरिडोर में 72,000 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।

बजट में 'चुनावी तड़का', बंगाल से केरल तक प्रोजेक्ट्स

4000 | ई बसों की व्यवस्था, 5 राज्यों में पर्यटन स्थलों का विकास

20 | हजार रुपये तमिलनाडु के मंदिर नगर और शहरों के विकास के लिए

2026 | में पश्चिम बंगाल, केरल, असम और तमिलनाडु में चुनाव

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार (1 फरवरी) को संसद में अपना लगातार नौवां केंद्रीय बजट 2026 पेश किया। बजट 2025 में बिहार पर विशेष ध्यान दिया गया था क्योंकि राज्य में 2025 में चुनाव होने थे। इसी तरह, 2021 के बजट में पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल और पुडुचेरी पर केंद्रित घोषणाएं शामिल थीं। इस बार भी, बजट में इन चुनावी राज्यों पर फोकस किया गया है।

तमिलनाडु

- तमिलनाडु के मंदिर नगर सहित दूसरे और तीसरे टियर के शहरों को मजबूत करने अगले पांच वर्षों में 20,000 करोड़ रुपए के खर्च की घोषणा की।
- मिनरल-समृद्ध राज्यों ओडिशा, केरल, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु को महत्वपूर्ण मिनरल फैसिलिटीज की स्थापना में सहायता।
- शहरों के बीच विकास को जोड़ने वाले सात हाई-स्पीड रेल कोरिडॉर विकसित किए जाएंगे, जिसमें मुंबई से पुणे, पुणे से हैदराबाद, हैदराबाद से बेंगलुरु, हैदराबाद से चेन्नई, चेन्नई से बेंगलुरु, दिल्ली से वाराणसी और वाराणसी से सिलीगुड़ी शामिल हैं।
- पुलिकट झील पर और तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश की सीमावर्ती क्षेत्रों में पक्षी अवलोकन के लिए मार्ग विकसित किए जाएंगे

पश्चिम बंगाल

- पर्यावरण के अनुकूल माल ढुलाई को बढ़ावा देने के लिए पूर्व में डंकुनी से पश्चिम में सूरत तक एक नया डेडीके?टेड फ्रेट कॉरिडोर बनाया जाएगा।
- पूर्वोदय राज्यों में पांच पर्यटन स्थलों का निर्माण और 4,000 ई-बसों की व्यवस्था की जाएगी।
- दुर्गापुर में एक सुव्यवस्थित केंद्र के साथ एक इंटीग्रेटिड ईस्ट कोस्ट इंडस्ट्रीयल कोरिडॉर विकसित किया जाएगा।

केरल और असम

- खनिज संपदा से समृद्ध राज्यों ओडिशा, केरल, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु को महत्वपूर्ण खनिज सुविधाओं की स्थापना में सहायता देने का प्रस्ताव रखा है।
- कछुओं के प्रमुख घोंसला बनाने वाले स्थलों के साथ-साथ उनके लिए मार्ग भी विकसित किए जाएंगे।
- अगले पांच वर्षों में दूसरे और तीसरे टियर के शहरों, जिनमें मंदिर नगर असम भी शामिल है, में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 20,000 करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है।

मोबाइल-इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रिक वाहन, जूते और कपड़ों के बाजार में आएगा उछाल, तंबाकू से संबंधित उत्पाद खरीदने पर ज्यादा पैसे खर्चने पड़ेंगे

क्या हुआ सस्ता और क्या हुआ महंगा, आपकी जेब पर कितना पड़ेगा असर?

बजट 2026-27 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और आम जनता को राहत देने के लिए सीमा शुल्क में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। इस केंद्रीय बजट का आपकी जेब पर कितना असर होगा, इसके बारे में हम आपको यहां विस्तार से बता रहे हैं, जिसमें हम आपको बताएंगे कि आम बजट के बाद क्या-क्या सस्ता हुआ है और क्या कुछ महंगा हो गया है।

सस्ता

दवाइयां

कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 17 दवाओं और दुर्लभ बीमारियों की 7 दवाओं को पूरी तरह से सीमा शुल्क मुक्त कर दिया गया है। मरीजों को राहत।

मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक्स

देश में बने स्मार्टफोन और टैबलेट सस्ते हो सकते हैं। कैमरा मॉड्यूल और डिस्प्ले पैनल जैसे कंपोनेंट्स पर शुल्क घटाया गया है। माइक्रोवेव ओवन में भी छूट

इलेक्ट्रिक वाहन

ईवी बैटरी और लिथियम-आयन बैटरी निर्माण में उपयोग होने वाले कच्चे माल (जैसे लिथियम, कोबाल्ट) पर सीमा शुल्क कम किया गया है।

जूते और कपड़े

चमड़े के जूते और कपड़ों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए इनके कच्चे माल के आयात पर शुल्क घटाया गया है, जिससे घरेलू बाजार में भी इनकी कीमतों में राहत मिल सकती है।

खेल का सामान



'खेलो इंडिया' मिशन के तहत खेल उपकरणों को अधिक किफायती बनाया गया है। खिलाड़ियों तक स्पोर्ट्स सामानों की उपलब्धता आसानी से होगी।

सोलर और सीएनजी

सरकार ने स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सोलर सिस्टम पर लगने वाले टैक्स को कम किया है। सोलर पैनल की कीमत कम होगी। इसके साथ ही सीएनजी भी सस्ती हो सकती है।

महंगा

तंबाकू उत्पाद और सिगरेट

बजट में सिगरेट और पान मसाला पर नई एक्साइज ड्यूटी और 'सिन टैक्स' (Sin Ta&) लगाने का प्रस्ताव है, जिससे ये उत्पाद महंगे हो गए हैं।

विदेशी शराब

आयातित शराब पर लगने वाले शुल्कों में वृद्धि की गई है। शुक्ल में वृद्धि से विदेशी शराब पीना महंगा हो जाएगा। ज्यादा पैसे खर्च होंगे।

आयातित लग्जरी वस्तुएं

विदेशी परफ्यूम, महंगे जूते, कपड़े और लग्जरी घड़ियों पर आयात शुल्क बढ़ने से ये महंगे हो सकते हैं। विदेशी सामानों पर ट्रैफिक शुल्क का असर पड़ेगा। ट्रांसपोर्टिंग की वजह से सामान की कीमत में इजाफा होगा।

सोना और चांदी



कीमती धातुओं पर आयात शुल्क में बदलाव के कारण घरेलू बाजार में इनके दाम बढ़ सकते हैं। वैसे भी निवेश के लिए लोग सोने-चांदी पर ज्यादा भरोसा करते हैं।

शेयर बाजार में निवेश

फ्यूचर्स और ऑप्शंस पर सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स में भारी बढ़ोतरी की गई है, जिससे शेयर बाजार में ट्रेडिंग करना अब और महंगा हो जाएगा। साथ ही शेयर में निवेश संबंधी सूचना पर सरकार नजर रखेगी।

बजट 2026: देश का अब तक का सबसे बड़ा डिफेंस बजट, निर्मला सीतारमण ने खोला खजाना, अब धड़ाधड़ बनेंगी मिसाइलें

फोर्स को मिला ज्यादा फंड, दुश्मनों को मिलेगा दंड

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान से जारी तनाव और चीन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए केंद्र की मोदी सरकार ने रक्षा क्षेत्र के लिए खजाना खोल दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए रक्षा बजट में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी करते हुए रिकॉर्ड आवंटन किया है। वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में रक्षा मंत्रालय के लिए कुल 7.85 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो कुल बजट का 14.68 प्रतिशत है और पिछले वर्ष के बजट से 15 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को लोकसभा में वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया, जिसमें रक्षा मंत्रालय को सबसे अधिक 7.85 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि मंत्रालय को मिली यह राशि केंद्रीय बजट का 14.68 प्रतिशत है। इसका मुख्य उद्देश्य सैन्य तैयारियों को मजबूत करना, नवाचार को प्रोत्साहन देना और देश की राष्ट्रीय सुरक्षा को और सुदृढ़ करना है।

हर साल होने वाले खर्च

2021-22
4.84 लाख करोड़ रुपये

2022-23
5.25 लाख करोड़ रुपये

2023-24
5.94 लाख करोड़ रुपये

2024-25
6.2 लाख करोड़ रुपये

2025-26
6.81 लाख करोड़ रुपये

रक्षा क्षेत्र को बढ़ावा देते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि रक्षा क्षेत्र की इकाइयों द्वारा रखरखाव, मरम्मत या समग्र आवश्यकताओं के लिए उपयोग किए जाने वाले विमान के पुर्जों के निर्माण हेतु आयातित कच्चे माल पर मूल सीमा शुल्क से छूट देने का प्रस्ताव है।

इनकम टैक्स में कोई बदलाव नहीं, फिर भी करदाताओं को होगा फायदा

बजट 2026 में इनकम टैक्स में कोई बदलाव नहीं किया है, लेकिन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने करदाताओं को राहत देने के लिए कई ऐलान किए हैं. वित्त मंत्री ने बताया कि नया आयकर कानून 1 अप्रैल से लागू होगा, जबकि इसके नियम और आयकर रिटर्न (आईटीआर) फॉर्म जल्द ही अधिसूचित किए जाएंगे।

जेल नहीं अब सिर्फ जुर्माना

टैक्सपेयर्स के लिए यह बजट कई बड़ी राहतें लेकर आया है। सबसे अहम बदलाव यह है कि सरकार ने आयकर कानून को अपराध से जोड़ने की सोच से बाहर निकलने का फैसला किया है। वित्त मंत्री ने साफ किया कि अगर किसी करदाता की आय में गड़बड़ी सामने आती है या टैक्स छिपाने का मामला पकड़ा जाता है, तो अब सीधे जेल भेजने की कार्रवाई नहीं होगी। ऐसे मामलों को जुर्माना भरकर निपटाया जा सकेगा। यह व्यवस्था 1 अप्रैल 2026 से लागू होने वाले नए इनकम टैक्स एक्ट का हिस्सा होगी। वित्त मंत्री ने 30 फीसदी टैक्स की घोषणा की है। यानी अब जो अपनी इनकम छिपाता है उसे सजा नहीं मिलेगी, उससे 30 फीसदी टैक्स लिया जाएगा।

आईटीआर फाइलिंग में सुधार का आसान मौका

रिटर्न भरते समय छोटी-सी गलती हो जाना आम बात है। पहले इसे ठीक करना मुश्किल और लंबी प्रक्रिया थी. अब वित्त मंत्री ने घोषणा की है कि करदाताओं को रिवाइज्ड रिटर्न फाइल करने के लिए ज्यादा समय मिलेगा। इसके लिए सिर्फ नाममात्र की फीस देनी होगी।

एनआरआई से प्रॉपर्टी खरीदना अब और आसान

अब तक किसी एनआरआई से प्रॉपर्टी खरीदने पर टीडीएस काटने के लिए खरीदार को टेन नंबर लेना पड़ता था, जो आम लोगों के लिए परेशानी भरा था। बजट में इस झंझट को खत्म कर दिया गया है। अब खरीदार बिना टेन लिए सीधे टीडीएस काट सकेगा।

विदेश में संपत्ति रखने वालों को राहत

विदेशों में अघोषित संपत्ति रखने वालों को भी राहत दी गई है। वे अगले 6 महीनों के भीतर डिस्क्लोजर स्कीम के तहत अपनी संपत्ति का खुलासा कर सकते हैं। विदेश यात्रा या बच्चों की पढ़ाई का सपना देखने वालों के लिए भी बजट खुशखबरी लेकर आया है। पहले विदेशी टूर पैकेज, शिक्षा और इलाज पर लगने वाला टीसीएस 5% से 20% तक था, जिससे खर्च काफी बढ़ जाता था। अब सरकार ने इसे घटाकर सीधे 2% कर दिया है। यानी पढ़ाई हो, इलाज हो या विदेश घूमने का प्लान अब जेब पर पहले से कहीं कम बोझ पड़ेगा।

रिटर्न फाइल की तारीखें

सरकार ने रिटर्न फाइल करने की तारीखें भी साफ कर दी हैं। आईटीआर-1 और आईटीआर-2 भरने वाले करदाता 31 जुलाई तक रिटर्न दाखिल कर सकेंगे। नॉन-ऑडिट बिजनेस और ट्रस्ट के लिए अंतिम तारीख 31 अगस्त होगी। इसके अलावा, छोटे करदाताओं के लिए लोअर या निल टीडीएस सर्टिफिकेट लेने की प्रक्रिया अब पूरी तरह ऑटोमैटिक कर दी गई है, जिससे टैक्स दफ्तरों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

निवेश करना भी आसान

जिन निवेशकों ने कई कंपनियों में निवेश किया हुआ है, उनके लिए फॉर्म 15 जी और 15 एच की प्रक्रिया भी आसान बना दी गई है। अब डिपॉजिटरी ये फॉर्म स्वीकार कर सीधे संबंधित कंपनियों तक भेजेंगी, जिससे निवेशकों का काम घर बैठे पूरा हो सकेगा।

चीन को टेंशन! 7.85 लाख करोड़ भारतीय सेना के नाम

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार को भारत का आम बजट की घोषणा कर दी है। इस दौरान सरकार का मुख्य रूप से ग्रामीण महिलाओं, गरीब छात्रों, उद्योगों, चिकित्सा पर खास फोकस रहा। उन्होंने बताया है कि 1 अप्रैल से भारत में नया इनकम टैक्स एक्ट लागू होने जा रहा है। पाकिस्तान और चीन से आते टेंशन को देखते हुए सरकार ने बजट का एक बड़ा हिस्सा रक्षा मंत्रालय के लिए रखा है। इसके साथ ही वह 9वीं बार बजट पेश करने का नया रिकॉर्ड भी अपने नाम कर चुकी हैं, जिसमें एक अंतरिम बजट भी शामिल है। पिछले चार वर्षों की तरह इस साल का बजट भी कागज रहित रूप में पेश किया गया। खास बात है कि साल 2019 में जब सीतारमण ने पहला बजट पेश किया था, तब वह चमड़े के ब्रीफकेस की जगह लाल कपड़े में लिपटा पारंपरिक बही खाता लेकर पहुंचीं थीं। साल 2017 से बजट एक फरवरी को ही पेश किया जाता है।

बजट 2026 स्पीच टाइम

लोकसभा में सीतारमण की तरफसे पूरा बजट भाषण पढ़ने के कुछ देर बाद बजट को राज्यसभा के पटल पर रखा गया। संसद का मौजूदा बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू हुआ है। इसका पहला चरण 13 फरवरी तक चलेगा। उसके बाद नौ मार्च से दूसरे चरण की बैठक शुरू होगी। तय कार्यक्रम के अनुसार बजट सत्र दो अप्रैल को समाप्त होगा।

बजट 2026 की बड़ी घोषणाएं

- 1 अप्रैल से नया इनकम टैक्स एक्ट, 2025 लागू होने जा रहा है
- संशोधित आयकर रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा को बढ़ाकर 31 दिसंबर से 31 मार्च करने का प्रस्ताव किया
- किसानों की आय बढ़ाने के लिए बहु भाषीय एआई टूल 'भारत विस्तार' बनाने का प्रस्ताव
- देश में दूसरा 'राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं न्यूरोसाइंसेज संस्थान' (निमहैन्स-2) खोला जाएगा

भारत में बनेंगे सस्ते एयरक्रॉफ्ट! पार्ट्स और कच्चे माल पर नहीं लगेगा टैक्स

यूनियन बजट 2026 में सरकार ने एविएशन सेक्टर के लिए बड़ा और दूरगामी कदम उठाया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सिविल और डिफेंस एविएशन में घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए कस्टम ड्यूटी में छूट का ऐलान किया है। इस फैसले से न सिर्फलागत घटेगी, बल्कि भारत को ग्लोबल एविएशन हब बनाने की दिशा में भी मजबूती मिलेगी।

सिविल एविएशन के लिए क्या बदलाव

बजट 2026 के तहत सरकार ने सिविलियन ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट और अन्य विमानों के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले कंपोनेंट्स और पार्ट्स पर बेसिक कस्टम ड्यूटी खत्म करने का फैसला किया है। इसका सीधा फायदा यह होगा कि अब भारत में विमान बनाना सस्ता और आसान हो जाएगा, जिससे आयात पर निर्भरता कम होगी।

डिफेंस एविएशन को भी बड़ी राहत

सिर्फसिविल ही नहीं, डिफेंस एविएशन के लिए भी बजट 2026 में बड़ी घोषणा की गई है। डिफेंस एयरक्राफ्ट के पार्ट्स बनाने में इस्तेमाल होने वाले कच्चे माल पर बेसिक कस्टम ड्यूटी से छूट दी जाएगी। यह छूट खास तौर पर MRO (Maintenance, Repair and Overhaul) और डिफेंस यूनिट्स की ऑपरेशनल जरूरतों के लिए लागू होगी।

बजट-2026 में महिलाओं के लिए नई योजना लखपति दीदी के बाद अब सी-मार्ट का ऐलान

मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में रविवार को कई खास बड़े ऐलान किए हैं. यह बजट किसानों, युवाओं और आम आदमियों पर फोकस है. इस बीच, वित्त मंत्री ने महिलाओं के लिए खास ऐलान किया है। वित्त मंत्री ने महिलाओं के लिए सी-मार्ट योजना की शुरुआत की है। पिछले साल के बजट में महिलाओं के लिए लखपति दीदी योजना की शुरुआत की गई थी और इस बार के बजट में इस योजना को आगे बढ़ाते हुए सी-मार्ट योजना की शुरूआत की जाएगी। जिसके तहत महिलाओं को अपने कारोबार स्टैबिलिट करने के लिए बड़ा सपोर्ट मिलेगा। वहीं ये कारोबार के लिए कम ब्याज पर लोन उठा सकती हैं।

सरकार की तरफ से नहीं हुई कोई घोषणा

खाली हाथ रह गया ऑटो सेक्टर

2026-2027 के लिए बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कई बड़ी घोषणाएं की हैं, लेकिन इस बार ऑटो सेक्टर का हाथ खाली रह गया है। सरकार की ओर से ऑटो इंडस्ट्री के लिए कोई भी घोषणा नहीं की गई है। इस बार ऑटो इंडस्ट्री को ईवी, रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर टैक्स में छूट, वाहनों पर लगने वाले टैक्स में कटौती जैसी बड़ी घोषणाएं होने की उम्मीद थी, लेकिन बजट में इस बार में कोई भी घोषणा नहीं की गई है, जिससे ऑटो सेक्टर को निराशा हाथ लगी है।

ऑटो सेक्टर की पूरी नहीं हुई उम्मीदें

ऑटो सेक्टर चाहता था कि सरकार इस बार के बजट में स्थानीय सप्लायर्स के बारे में सोचे जिससे घरेलू स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिले। इसके अलावा वाहनों में लगने वाले पार्ट्स पर टैक्स को भी कम करने की बात चल रही थी, लेकिन इन सभी उम्मीदों पर पानी फिर गया और ऑटो सेक्टर का हाथ खाली रह गया है। इस बार इस बात की भी मांग उठ रही थी कि इलेक्ट्रिक वाहनों और हाइब्रिड कारों पर भी टैक्स को कम किया जाए, लेकिन ईवी खरीदने वालों को भी इस बार के बजट से कुछ नहीं मिला है। ईवी की सेल तो बढ़ रही है, लेकिन ईवी को लेकर इस बार कोई बड़ी घोषणा की जाती तो ईवी सेल्स को रफ्तार मिल सकती थी।

टूरिज्म सेक्टर को बड़ा बूस्ट, रोजगार-पर्यटन, एआई को मजबूती देने पर जोर

IIS तैयार करेगा 10 हजार प्रोफेशनल टूरिस्ट गाइड

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए शिक्षा, रोजगार, पर्यटन, एआई और फार्मा जैसे क्षेत्रों को मजबूती देने पर जोर दिया है। सरकार ने विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए कई नई योजनाओं और संस्थानों की घोषणा की है। खासतौर पर पर्यटन सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए बड़े कदम उठाए गए हैं। बजट में आईआईएम की मदद से टूरिस्ट गाइड तैयार करने, हॉस्पिटेलिटी सेक्टर को मजबूत करने और प्रोफेशनल ट्रेनिंग की व्यवस्था पर फोकस किया गया है। इसका उद्देश्य युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर पैदा करना और पर्यटन सेवाओं की क्वालिटी को बढ़ाना है।

20 पर्यटन स्थलों पर पायलट प्रोजेक्ट

सरकार पहले चरण में 20 प्रमुख पर्यटन स्थलों पर पायलट प्रोजेक्ट चलाएगी। यहां ट्रेनिंग सेंटर स्थापित किए जाएंगे। इन सेंटरों के जरिए स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे क्षेत्रीय स्तर पर रोजगार बढ़ेगा।

शॉर्ट टर्म हाइब्रिड कोर्स होंगे शुरू

इन गाइड्स की ट्रेनिंग के लिए आईआईएम में शॉर्ट टर्म कोर्स शुरू किए जाएंगे। ये कोर्स हाइब्रिड मोड में चलेंगे, यानी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीके से पढ़ाई होगी। ट्रेनिंग में कम्युनिकेशन स्किल, व्यवहार, लोकल इतिहास, संस्कृति और डिजिटल टूल्स के इस्तेमाल पर जोर दिया जाएगा। इससे गाइड्स की प्रोफेशनल क्वालिटी बेहतर होगी और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों को भी बेहतर अनुभव मिलेगा।

बुजुर्गों के लिए खास स्वास्थ्य सुविधाओं का ऐलान, सबके स्वास्थ्य की चिंता

देश में 3 नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2026 में स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कई अहम घोषणाएं की हैं। वित्त मंत्री ने देश में तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान स्थापित करने का ऐलान किया है। इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य सुविधाओं की घोषणा हुई है। सरकार के इस कदम को देश की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को नई मजबूती देने वाला माना जा रहा है। सरकार देश में तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान बनाकर आयुर्वद को और मजबूत बनाने की दिशा में काम कर रही है।

नए आयुर्वेद संस्थान की जरूरत

सरकार के इस कदम से आयुर्वेदिक शिक्षा और रिसर्च को और बढ़ावा मिलेगा। नए आयुर्वेद संस्थानों में आयुर्वेद से इलाज के साथ- साथ आधुनिक रिसर्च पर भी फोकस किया जाएगा. फिलहाल दिल्ली के सरिता विहार में पहले से ही एक एआईआईए है, जो देश में आयुर्वेद से इलाज के मामले में सबसे बड़ा संस्थान माना जाता है। देश में बढ़ती आबादी और इलाज की बढ़ती मांग को देखते हुए नए आयुर्वेद संस्थान की जरूरत है। इनके बनने से आयुर्वेद को देश और विश्व स्तर पर और बेहतर पहचान मिलेगी।

वरिष्ठ नागरिकों की सेहत पर ध्यान

आम बजट में वित्त मंत्री ने वरिष्ठ नागरिकों की सेहत को ध्यान में रखते हुए भी कई घोषणा की है। वित्त मंत्री ने कहा कि बढ़ती उम्र के साथ आने वाली बीमारियों को ध्यान में रखते हुए अस्पतालों में जेरियाट्रिक केयर सेंटरों को और भी बेहतर बनाने की दिशा में काम किया जाएगा। इसके तहत सरकारी अस्पतालों में बुजुर्गों के लिए अलग ओपीडी और वार्ड सस्ती दवाएं और डायग्नोस्टिक टेस्ट भी होंगे। कोशिश ये रहेगी की बुजुर्ग मरीजों को एक ही छत के नीचे सभी तरह का इलाज मिल सके।

दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

बिलासपुर, सोमवार, 2 फरवरी 2026 | कृष्ण पक्ष-प्रतिपदा, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 284 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

विकसित भारत की दिशा में ऐतिहासिक कदमः साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट भारत के सुनहरे और विकसित भविष्य की दिशा में एक ऐतिहासिक दस्तावेज है। कर्तव्य भवन में बना हुआ यह पहला बजट है, जिसमें देश के समग्र विकास और प्रत्येक नागरिक के कल्याण को ध्यान में रखते हुए तीन प्रमुख कर्तव्यों-आर्थिक विकास एवं रोजगार वृद्धि, जनता की अपेक्षाओं की पूर्ति तथा 'सबका साथ, सबका विकास' को केंद्र में रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह बजट गरीब, किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग और श्रमिक वर्ग के उत्थान के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों को इस बजट का सीधा लाभ मिलेगा।

कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती

बजट में किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। एआई और आधुनिक तकनीक के माध्यम से कृषि उत्पादकता बढ़ाने, पशुपालन एवं डेयरी उद्योग को प्रोत्साहन देने की योजना बनाई गई है। साथ ही महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल के तहत स्थानीय उद्योग और हस्तशिल्प को बढ़ावा देकर ग्रामीणों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

उद्योग, शिक्षा और खेल को बढ़ावा

देश की आर्थिक मजबूती के लिए 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, 20 नए जलमार्ग, बड़े टेक्सटाइल पार्क और 4 राज्यों में खनिज कॉरिडोर की घोषणा की गई है। सेमीकंडक्टर मिशन के लिए 40 हजार करोड़ रुपये के निवेश से औद्योगिक विकास और रोजगार को नई गति मिलेगी। वहीं खेलो इंडिया मिशन और शिक्षा क्षेत्र में सुधारों से बच्चों और युवाओं को बेहतर अवसर मिलेंगे।

युवाओं के लिए रोजगार

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बजट में युवाओं के लिए रोजगार सृजन पर विशेष जोर दिया गया है। स्टार्टअप, एमएसएमई, मैन्युफैक्चरिंग और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में नए अवसर पैदा होंगे। पर्यटन को बढ़ावा देने से स्थानीय आर्थिक विकास को गति मिलेगी और युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार मिलेगा। विदेश यात्रा और विदेशों में पढ़ाई भी पहले की तुलना में सस्ती होगी।

कर सुधार और आम जनता को राहत

आयकर प्रक्रिया को सरल बनाया गया है और छोटे करदाताओं के लिए आसान व्यवस्था की गई है। दवाइयां, कपड़े, जूते, मोबाइल, ईवी बैटरी, सोलर उपकरण, बायोगैस-सीएनजी सहित कई रोजमर्रा की वस्तुएं सस्ती होंगी, जिससे आम जनता को सीधी राहत मिलेगी। अंत में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 'सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास' की भावना को और मजबूत करता है। यह बजट छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में समावेशी विकास सुनिश्चित करेगा। उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को इस ऐतिहासिक, विकासशील और जनकल्याणकारी बजट के लिए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया।

स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐतिहासिक पहल

स्वास्थ्य क्षेत्र को लेकर बजट को ऐतिहासिक बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बायोफार्मा सेक्टर के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे कैंसर, डायबिटीज सहित अन्य गंभीर बीमारियों की दवाइयां सस्ती होंगी। जिला अस्पतालों के उन्नयन, हर जिले में इमरजेंसी एवं ट्रॉमा सेंटर की स्थापना, मानसिक स्वास्थ्य और आयुर्वेदिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के साथ-साथ मेडिकल टूरिज्म के लिए राज्यों में पांच रीजनल हब स्थापित किए जाएंगे। इससे छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर बेहतर होगा और रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे।

त्वरित टिप्पणी
भारत को सशक्त बनाने वाला बजट
यशवंत धोटे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह दूसरा बजट 2047 में विकसित भारत बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने वाला संतुलित बजट है। जिसमें दुनिया के मौजूदा हालातों को मद्देनजर रखकर रक्षा बजट में रिकार्ड बढ़ौतरी की गई है। जब दुनिया के सिर पर तीसरे विश्वयुद्ध का खतरा मंडराने रहा हो और वैश्विक उथलपुथल मची हो तो भारत को रक्षा के मामले में सशक्त बनाना वक्त का तकाजा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपना नौवां बजट पेश करते हुए रक्षा बजट में गत वर्ष के मुकाबले एक लाख करोड़ रुपये की वृद्धि की गई है। इस बजट में डिफेंस सेक्टर के लिए 7.8 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। जिसके तहत मेक इन इंडिया को बढ़ावा दिया जाएगा। रक्षा क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर तो बनेगा ही अब वह रक्षा उत्पादों का बड़ा निर्यातक भी बनेगा। इसके अलावा कृषि, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण के लिए भी बजट में उल्लेखनीय प्रावधान किए गए हैं। महंगाई को कम करने और बेरोजगारी की समस्या के समाधान करने के लिए भी कारगर पहल करने का संकल्प दोहराया गया है। आयकर में पिछले बजट में ही रियायत दी गई थी इसलिए इस बार इसमें और छूट की संभावना नहीं थी। फिर भी वित्त मंत्री ने छोटे आयकर दाताओं के लिए नियमों का सरलीकरण कर उन्हें थोड़ी राहत दी है। विकास दर जो इस समय 7 प्रतिशत है उसे बढ़ाकर 7. 5 प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यदि ऐसा होता है तो बहुत जल्द भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में निश्चित रुप से सफल होगा।

महिला सशक्तिकरण को नई दिशा

लखपति दीदी योजना के विस्तार के माध्यम से महिलाओं को क्रेडिट-लिंक्ड स्वरोजगार, उद्यमिता और स्थानीय बाजार से जोड़ने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा हर जिले में बालिकाओं के लिए छात्रावास निर्माण की घोषणा से उन्हें उच्च शिक्षा में सहायता मिलेगी।

डॉ. रमन सिंह ने बजट को ऐतिहासिक बताया, बोले- विजन 2047 के लक्ष्य में निभाएगा अहम भूमिका

छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए इसे एक ऐतिहासिक अवसर बताया। उन्होंने कहा कि यह पहला मौका है जब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार 9वीं बार बजट पेश किया है, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। साथ ही उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इतिहास में यह दूसरी बार है जब रविवार के दिन देश का बजट प्रस्तुत किया गया है। डॉ. रमन सिंह ने आगे बताया कि इससे पहले वर्ष 1999 में एनडीए सरकार के कार्यकाल में तत्कालीन वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने रविवार के दिन बजट पेश किया था। उन्होंने आगे कहा कि यह बजट भारत के भविष्य को मजबूत करने वाला है और देश को विजन 2047 के लक्ष्य की ओर ले जाने में अहम भूमिका निभाएगा।

बजट को पूर्व सीएम बघेल ने बताया निराशाजनक

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार के बजट को बेहद निराशाजनक करार देते हुए कहा है कि इसमें सभी क्षेत्रों के लोगों को निराशा ही हाथ लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट का असर प्रतिगामी नजर आ रहा है और कृषि, उद्योग, रोजगार व शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किए गए हैं।

आम जनता और मिडिल क्लास को राहत नहीं- बघेल

बघेल ने कहा कि बजट में आम जनता, विशेषकर मिडिल क्लास के लिए कुछ भी नया नहीं है। टैक्स स्लैब पहले जैसा ही रखा गया है, जिससे लोगों को राहत मिलने की उम्मीद टूट गई है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इस बजट में शराब महंगी हो गई है और मछली सस्ती, लेकिन देश के विकास को लेकर कोई ठोस दिशा दिखाई नहीं देती। उनके मुताबिक, बजट पेश होने के बाद शेयर मार्केट का नीचे गिरना भी इसकी निराशाजनक स्थिति को दर्शाता है। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने किसी भी राज्य को विशेष लाभ नहीं दिया और छत्तीसगढ़ को अडानी के भरोसे छोड़ दिया है।

2047 तक देश को विकसित बनाने वाला बजट: ओपी चौधरी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने केंद्रीय बजट को लेकर कहा कि, यह बजट देश को 2047 तक विकसित करने के लिए बनाया गया है। इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री को बधाई देता हूं। वित्त मंत्री चौधरी ने अंबिकापुर में व्यापारियों और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ न्यू सर्किट हाउस में बजट का लाइव प्रसारण देखा। इसके बाद मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि, यह बजट गरीबी निवारण करने वाला बजट है। सभी सेक्टर का तेजी से आने वाले दिनों में विकास होगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार गरीबों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस दौरान अभी कहा कि रेलवे में 11 साल के भीतर पूंजीगत हुए में भी वृद्धि हुई है। ओपी चौधरी ने कहा कि, मोदी सरकार लगातार देश के विकास के लिए काम कर रही है। माइनिंग, रेलवे, पर्यटन के अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य सभी सेक्टर में राहत देने वाला बजट है।

यह विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक अहम कदम, सभी वर्गों को होगा फायदा: किरणदेव

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने संसद में रविवार को प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के बजट प्रस्ताव को विकास को आगे बढ़ाने और मध्यम वर्ग की क्षमता बढ़ाने के लिए समर्पित बताया है। श्री देव ने कहा कि यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक अहम कदम है जिसमें समावेशी विकास पर विशेष जोर दिया गया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री देव ने बजट प्रस्ताव के प्रावधानों की चर्चा करते हुए कहा कि इस बजट में सरकार ने मुख्य रूप से कर सुधारों, विनिर्माण और तकनीक पर जोर दिया है। मध्यम वर्ग के लिए व्यक्तिगत आयकर स्लैब में बदलाव कर नई आयकर व्यवस्था को और अधिक आकर्षिक बनाने पर जोर दिया गया है। 12 लाख रूपए तक की सालाना आमदनी पर अब कोई कर नहीं लगेगा। वेतनभोगी कर्मचारियों की मानक कटौती की सीमा बढ़ाकर 75 हजार रूपए करने का प्रस्ताव भी स्वागतेय है। उसी प्रकार वरिष्ठ नागरिकों के लिए कर कटौती की सीमा दुगुनी कर 1 लाख रूपए कर दी गई है।

स्वस्थ भारत-विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने वाला बजट

स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े डॉ. संजय शुक्ला ने नवीन केंद्रीय बजट को ÷स्वस्थ भारत - विकसित भारत÷ के लक्ष्य को हासिल करने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि बजट में सरकार ने आयुर्वेद पद्धति के विकास और लोकव्यापी करण के लिए क्रांतिकारी घोषणाएं की है जिसका उद्देश्य सबके लिए आरोग्य सुलभ कराना है। आयुर्वेद के वैश्विक मांग को देखते हुए बजट में 'एम्स' की तर्ज पर 3 अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान 'एआईआईए' खोलने की घोषणा की गई है। आयुष फार्मेसी और औषधि प्रयोगशालाओं को अपग्रेड करने की घोषणा की गई है जिससे लोगों को गुणवत्तापूर्ण दवाईयां सुलभ होंगी।

अब बीच में नहीं छूटेगी पढ़ाई!

छत्तीसगढ़ की छात्राओं को विशेष लाभ, मिलेंगे बेहतर अवसर

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2026 के बजट में छात्राओं की उच्च शिक्षा को सुगम बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। इसके तहत, देश के हर जिले में लड़कियों के लिए हॉस्टल बनाए जाएंगे, जिसका छत्तीसगढ़ राज्य के लिए विशेष महत्व है। यह पहल राज्य की छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में बड़ी राहत प्रदान करेगी।

छत्तीसगढ़ के कई जिलों में मेडिकल, इंजीनियरिंग और साइंस जैसे महत्वपूर्ण कॉलेज तो मौजूद हैं, परंतु छात्राओं के लिए सुरक्षित और आरामदायक आवास की भारी कमी है। विशेष रूप से रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, अंबिकापुर और जगदलपुर जैसे शिक्षा केंद्रों में, दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से आने वाली लड़कियों को हॉस्टल न मिल पाने की स्थिति में अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ती है।

वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में इस बात पर जोर दिया कि स्ञ्चश्वरू (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) संस्थानों में लंबे क्लास घंटे और प्रयोगशालाओं का काम लड़कियों के लिए अक्सर चुनौतीपूर्ण होता है।

जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा

यह योजना राज्य के आदिवासी बहुल जिलों जैसे बस्तर, कांकेर, कोरिया, सुकमा और नारायणपुर के लिए विशेष रूप से परिवर्तनकारी साबित हो सकती है। इन क्षेत्रों की छात्राएं अब जिला स्तर पर ही सुरक्षित आवास की सुविधा प्राप्त कर उच्च शिक्षा से जुड़ सकेंगी, जिससे शिक्षा में उनकी भागीदारी बढ़ेगी।

छत्तीसगढ़ को बजट में कुछ नहीं मिला: दीपक बैज

रायपुर/नवप्रदेश। दीपक बैज ने बजट 2026 को छत्तीसगढ़ के साथ धोखा बताते हुए कहा कि इस बजट में राज्य के लिए कुछ भी ठोस नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को ठगने का काम किया है। बजट में क्षेत्रीय असमानता साफ दिखाई दे रही है और जिन राज्यों में आने वाले समय में चुनाव हैं, वहां राजनीतिक लाभ लेने के लिए विशेष रियायतें दी गई हैं। पीसीसी अध्यक्ष ने कहा कि, पिछले साल भी सरकार ने दावा किया था कि, 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। इस बार भी वही बात दोहराई गई। उन्होंने आरोप लगाया कि वित्त मंत्री ने बजट भाषण में झूठ बोलने का काम किया है।

चिकित्सा क्षेत्र में ऐतिहासिक फैसले: श्याम बिहारी जायसवाल

केंद्रीय बजट 2026 को चिकित्सा और स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक बताते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि यह बजट देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत, आधुनिक और सर्वसुलभ बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए लिए गए दूरदर्शी निर्णयों पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बजट में औषधि प्रशिक्षण शालाओं की स्थापना का निर्णय दवा निर्माण और गुणवत्ता सुधार में अहम भूमिका निभाएगा।

आज बेबाक

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की साफगोई के लिए उन्हें दाद दी जानी चाहिए। जिन्होंने शराफत से यह बात कबूल की है कि पाकिस्तान अब वाकई भिखारिस्तान बन चुका है। उनका देश 287 अरब डॉलर के कर्ज में डूब गया है। नतीजतन उन्हें दुनिया के सामने झोली फैलाकर भीख मांगनी पड़ रही है। सिर झुकाना पड़ रहा है, हाथ फैलाना पड़ रहा है और शर्मिंदगी उठानी पड़ रही है। जाहिर है पाकिस्तान के हुकमरानों ने उसका बेड़ा गर्क करके रख दिया है। इसके बाद भी पाकिस्तान भारत को अकड़ दिखाने से बाज नहीं आ रहा है। सही बात है। विनाश काले विपरीत बुद्धि।

छत्तीसगढ़ को केंद्र की बड़ी सौगात, 426 करोड़ रुपये से बनने वाली नई रेल लाइन को दी मंजूरी

केंद्र सरकार ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ को एक बड़ी सौगात देते हुए राज्य के बैकुंठ और उरकुरा के बीच चौथी रेल लाइन के निर्माण को मंजूरी दे दी और इसके लिए 426.01 करोड़ रुपए भी मंजूर कर दिए। इस बारे में जानकारी देते हुए रेलवे की तरफ से जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया कि मंत्रालय ने दक्षिण-पूर्व-मध्य रेलवे जोन के अंतर्गत बैकुंठ और उरकुरा के बीच 26.40 किलोमीटर लंबी चौथी रेलवे लाइन के निर्माण को मंजूरी दे दी, इसकी अनुमानित लागत 426.01 करोड़ रुपए है। साथ ही रेलवे ने बताया कि यात्रियों को होने वाले फायदों के अलावा, इस प्रोजेक्ट से हर साल लगभग 14.25 मिलियन टन अतिरिक्त माल ढुलाई की सुविधा मिलने की उम्मीद है। जिससे रेलवे को सालाना लगभग 60 करोड़ रुपए की अतिरिक्त कमाई होगी।

सालाना माल ढुलाई की क्षमता भी बढ़ेगी: रेलवे ने कहा है कि यात्रियों को होने वाले फायदों के अलावा इस परियोजना से सालाना लगभग 142.5 लाख टन अतिरिक्त माल ढुलाई की सुविधा मिलने की उम्मीद है। माल ढुलाई क्षमता में होने वाली इस बढ़ोतरी के चलते भारतीय रेलवे को इस लाइन के चालू होने के पहले साल से ही सालाना लगभग 61.70 करोड़ रुपए की अतिरिक्त कमाई होने का अनुमान है।

ट्रेनों और मालगाड़ियों की आवाजाही होगी आसान

बैकुंठ-उरकुरा का यह रेल खंड बिलासपुर-रायपुर-नागपुर मुख्य लाइन का महत्वपूर्ण हिस्सा है और यह मुंबई-हावड़ा जैसे उच्च घनत्व (हाई डेंसिटी) रेलवे नेटवर्क पर भी पड़ता है, जो देश के सबसे व्यस्त रेल कॉरिडोर में से एक है। फिलहाल, यह सेक्शन पूरी क्षमता से चल रहा था, इसी वजह से यहां क्षमता विस्तार की तत्काल आवश्यकता थी। रेलवे ने बताया है कि मंजूर की गई चौथी लाइन के निर्माण से इस मार्ग पर भीड़भाड़ काफी कम होगी और ट्रेनों की आवाजाही आसान होगी।

आदर्श दांपत्य से नन्ही प्रतिभाओं का किया गया सम्मान, तरह-तरह के झूले बने आकर्षण का केंद्र

बीएनआई बिलासपुर व्यापार व उद्योग मेला 2026: व्यापार, मनोरंजन और सामाजिक सरोकार का आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। साइंस कॉलेज मैदान, सरकंडा में बीएनआई बिलासपुर द्वारा आयोजित व्यापार एवं उद्योग मेला 2026 ने व्यापार, उद्योग और सामाजिक जिम्मेदारी को एक साथ जोड़ते हुए शहरवासियों और व्यवसायिक समुदाय के लिए आकर्षक मंच प्रस्तुत किया। यह मेला 29 जनवरी से 3 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक आयोजित हो रहा है। शहरवासियों और व्यापारियों ने इसे बेहद उत्साहपूर्वक सराहा, जिससे यह मेला पिछले वर्षों की तरह इस बार भी सफल साबित हुआ।

मेले में शनिवार को बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए, वहीं बिलासपुर संभागीय आयुक्त सुनील जैन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अति विशिष्ट अतिथियों में अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एडीएन वाजपेई, पंडित सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सी.के. सरस्वत, डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अरविंद तिवारी, सीएमडी कॉलेज के अध्यक्ष संजय दुबे और पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष विनोद मेघानी शामिल रहे। अतिथियों ने मेले की भव्यता, आयोजन की साज-सज्जा और इसके सामाजिक तथा व्यापारिक महत्व की खुले दिल से सराहना की। मेले में व्यापारिक और सामाजिक स्टॉल की विविधता ने दर्शकों का ध्यान खींचा। यहां बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए 10 से अधिक प्रकार के झूले, फूड स्टॉल, क्राफ्ट बाजार, रियल एस्टेट और लाइफस्टाइल सेक्टर, हॉस्पिटल्स, रोजगार मेला, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, नेत्रदान एवं रक्तदान शिविर लगाए गए। लोग परिवार सहित स्टॉल पर खरीदारी, सेवाओं की जानकारी और मनोरंजन का आनंद लेने पहुंचे। बीएनआई बिलासपुर व्यापार एवं उद्योग मेला 2026 ने व्यापारिक संभावनाओं, बच्चों की प्रतिभा और सामाजिक जागरूकता को एक साथ जोड़ते हुए शहर के लिए एक प्रेरणादायक और बहुआयामी मंच प्रस्तुत किया है।

ग्लैमोरा और आईआईएफटी सीजन 3.0 का आयोजन

इस अवसर पर ग्लैमोरा और आईआईएफटी सीजन 3.0 का आयोजन किया गया। इसमें रैंप वॉक के माध्यम से मिस्टर बिलासपुर, मिस बिलासपुर, मिस कॉन्फिडेंस और बेस्ट मॉडल का चयन किया गया। जज के रूप में मिस यूनिवर्स छत्तीसगढ़ डॉ. अंजली पवार और मॉडल एवं इंटरनेशनल एथलीट गोल्ड मेडलिस्ट रोहन शाह ने अपनी भूमिका निभाई। इस दौरान सम्मानित आदर्श दंपतियों को 5 हजार रुपये का कूपन भी प्रदान किया गया। साथ ही, मेले में विभिन्न क्षेत्रों के स्टॉल और झूले बच्चों और परिवारों के लिए आकर्षण का केंद्र बने। लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ मनोरंजन और खरीदारी का आनंद ले रहे थे। अतिथियों ने मेले के आयोजन की भव्यता और इसके सामाजिक और व्यापारिक दृष्टिकोण की खुले दिल से सराहना की।

नेत्रदान व देहदान मानवता की सच्ची पहचान : पाल

किरण पाल बीएनआई बिलासपुर डायरेक्टर ने कहा कि ''जीते जी रक्तदान और जाते-जाते नेत्रदान व देहदान' केवल एक संदेश नहीं, बल्कि मानवता की सच्ची पहचान है। जीवन रहते किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद को नया जीवन देता है, वहीं नेत्रदान और देहदान मृत्यु के बाद भी समाज की सेवा का अवसर प्रदान करते हैं।

■ न्यूज गैलरी

अचानकमार टाइगर रिजर्व में पर्यटकों ने किए बाघ का दर्शन

बिलासपुर/नवप्रदेश। अचानकमार टाइगर रिज़र्व में वन विभाग की सतर्क व्यवस्था और कुशल प्रबंधन के चलते इवनिंग सफारी के दौरान पर्यटकों को रोमांचक बाघ दर्शन का अवसर प्राप्त हुआ। कोरबा निवासी लक्ष्मी सिंह कवर अपने परिवार के साथ भ्रमण पर पहुंचे थे, जिन्हें प्राकृतिक वातावरण में बाघ के दर्शन हुए।सफारी के दौरान वन विभाग के अनुभवी वाहन चालक छोटेलाल मरकाम एवं प्रशिक्षित टूरिस्ट गाइड कुशल टिलवानी के सहयोग से पर्यटकों को पूर्ण सुरक्षा के साथ वन्यजीवों का अवलोकन कराया गया। इस सफल भ्रमण से पर्यटकों में खासा उत्साह देखा गया। पर्यटकों ने वन विभाग द्वारा की गई व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रबंधों एवं मार्गदर्शन की सराहना करते हुए इसे यादगार अनुभव बताया। अचानकमार टाइगर रिज़र्व में वन विभाग के प्रयास वन्यजीव संरक्षण के साथ-साथ पर्यटन को भी बढ़ावा दे रहे हैं। इस संबंध में अचानकमार टाइगर रिज़र्व के डीएफओ गणेश यू आर ने कहा कि वन विभाग द्वारा पर्यटकों की सुरक्षा एवं वन्यजीव संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। निर्धारित नियमों का पालन करते हुए सफारी संचालन किया जा रहा है, जिससे पर्यटकों को सुरक्षित एवं यादगार अनुभव मिल सके।

स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन, बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने लिया भाग

विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास के लिए सेंट जेवियर्स स्कूल प्रतिबद्ध: हुण्डल

बिलासपुर/नवप्रदेश। सेंट जेवियर हाईस्कूल अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता और बच्चों के सर्वांगिण विकास को बढ़ाने के लिए समय-समय पर कई तरह के आयोजन करवाते रहते हैं। यहां पढ़ने वाले बच्चे खेलकूद, पढ़ाई सहित सभी गतिविधियों में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन देते हैं। आज प्रदेश सहित देश में सेंट जेवियर का नाम अच्छी शिक्षा पद्धति के लिए ब्रॉण्ड बन चुका है। आज स्कूल में मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए मेरिट स्कॉलरशिप टेस्ट आयोजित किया गया था, जिसमें पूरे जिले के कक्षा छठवीं, सातवीं, आठवीं, नवमीं और ग्यारहवीं के विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

स्कूल के प्राचार्य जे.एस. हुण्डल ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय में आज स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया गया था। इसके पहले भी ऐसे टेस्ट के आयोजन किए गए थे। इस टेस्ट में भाग लेने वाले विद्यार्थियों से उनकी कक्षा अनुसार टेस्ट अनुभवी टीचर्स द्वारा लिया जाता है। रिजल्ट के बाद विद्यार्थियों को स्कूल के फीस में छूट दी जाती है। इस परीक्षा के तहत 70 प्रतिशत तक विद्यार्थियों को फीस से राहत मिलती है। आज बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं इस परीक्षा में शामिल हुए यह हर्ष की बात है। जल्द ही परिणाम जारी कर प्रतिभागियों को जानकारी दी जाएगी। स्कूल में प्ले कक्षा के बच्चों के लिए विशेषकर इको फ्रेंडली खिलौने रखे गए हैं जिससे उनको किसी तरह का नुकसान न हो। बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाई करवाने के लिए विविध प्रकार के माईंड गेम खिलाए जाते हैं, जिससे बच्चों का बौद्धिक विकास बेहतर हो।

11-12 वीं की समय सारिणी में परिवर्तन

प्राचार्य श्री हुण्डल ने बताया कि इस शैक्षणिक सत्र में कक्षा ग्यारहवीं और बाहरवीं अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए विशेष समय-सारिणी बनाई गई है, जिसके तहत इनकी कक्षा प्रात: सात बजे से 11.30 बजे तक संचालित होंगी। यह निर्णय इसलिए लिया गया है ताकि विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए भरपूर समय मिल सके। इसके साथ ही बच्चों के लिए नियमित तौर पर डाउट क्लास भी रखे जाएंगे ताकि संबंधित विषय में किसी भी तरह की समस्या होने पर टिचर्स उसका तत्काल निराकरण कर सकें।

अभाविप ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन, शीघ्र कार्रवाई की मांग

■ **रामदुलारे स्कूल में चाकूबाजी का मामला**

बिलासपुर/नवप्रदेश। पंडित रामदुलारे मिश्र (आत्मानंद) विद्यालय, मुक्तिधाम सरकंडा में कल घटित गंभीर चाकूबाजी की घटना के संबंध में आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, सरकंडा भाग द्वारा विद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। परिषद द्वारा घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए दोषियों के विरुद्ध शीघ्र एवं कठोर कार्यवाही करने तथा विद्यालय परिसर में छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु ठोस कदम उठाने की मांग की गई। ज्ञापन के माध्यम से परिषद ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार की घटनाएं शिक्षा के वातावरण को प्रभावित करती हैं और छात्रों में भय का माहौल उत्पन्न करती हैं, जो अत्यंत चिंताजनक है। परिषद ने विद्यालय प्रशासन से भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए। महानगर सहमंत्री प्रणव गौतम, वैष्णवी परसाई सरकंडा भाग संयोजक माधव शर्मा परसाई, झंकार साहू, नैतिक नामदेव, शशिकांत राय, निश्चय जायसवाल, अजय पांडेय, अनिरुद्ध एवं निखिल की प्रमुख उपस्थिति रही। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र उचित कार्यवाही नहीं की गई, तो परिषद छात्रहित में आंदोलनात्मक कदम उठाने के लिए बाध्य होगी।

सेजेस बच्चों की प्रतिभाओं को मंच देकर उनके सर्वांगीण विकास का मार्ग कर रहा प्रशस्त: सूर्या

■ **आत्मानंद स्कूल में रंगारंग वार्षिकोत्सव**

सीपत/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सीपत में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम रंग, उमंग और सांस्कृतिक विविधता से सराबोर रहा। विद्यार्थियों ने सुआ, कर्मा, पंजाबी सहित विभिन्न पारंपरिक लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ देकर उपस्थित जनसमूह का दिल जीत लिया। आकर्षक वेशभूषा, सटीक तालमेल और आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियों ने विद्यालय परिसर को उत्सव में बदल दिया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि चंद्रप्रकाश सूर्या, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि शांति धीवर, भाजपा जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष राज्यवर्धन कौशिक, सरपंच मनीषा योगेश वंशकार, उपसरपंच श्यामा साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं एसएमडीसी अध्यक्ष बांके बिहारी गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष अभिलेश यादव, मन्नू सिंह, मदनलाल पाटनवार, एवं शिव यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला की प्राचार्या सरिता यादव ने की। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि चंद्रप्रकाश सूर्या एवं एसएमडीसी अध्यक्ष बांके बिहारी गुप्ता ने संयुक्त रूप से कहा कि स्वामी आत्मानंद विद्यालय न केवल शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है, बल्कि बच्चों की प्रतिभाओं को मंच देकर उनके सर्वांगीण विकास का मार्ग भी प्रशस्त कर रहा है। सरपंच मनीषा योगेश वंशकार ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों का भविष्य तय करती है। विद्यालयों में नैतिक मूल्यों, भारतीय संस्कृति और संस्कारों की शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। आज के बच्चे ही कल के जिम्मेदार नागरिक बनेंगे, इसलिए उनके व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान देना हम सबकी जिम्मेदारी है।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

विद्यालय के वार्षिकोत्सव में भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराओं की सजीव झलक देखने को मिली। छत्तीसगढ़ी, मराठी, बंगाली, गुजराती, राजस्थानी लोकनृत्य, पंथी, कर्मा, सुआ नृत्य, शिक्षाप्रद नाटकों का मंचन, 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' तथा 'नशामुक्त समाज' जैसे सामाजिक संदेशों पर आधारित प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को प्रेरणादायी बना दिया। वार्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

निगम की सामान्य सभा की बैठक 13 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक 13 फरवरी को दोपहर 12 बजे लखीराम आडिटोरियम में होगी। बैठक में कुल 15 एजेंडों पर चर्चा होगी, जिनमें शहर की सड़कों, नालियों, बिजली, पानी, गार्डन, और कॉम्प्लेक्स जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं। इसके साथ ही, 100 करोड़ से अधिक के प्रस्तावों पर भी विचार किया जाएगा। यह बैठक दो महीने में होने वाली सामान्य सभा का हिस्सा है, लेकिन यह चार माह बाद की जा रही है।

आरपीएफ बैंड ने हाईकोर्ट परिसर में किया संगीतमय आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। 31 जनवरी को हाईकोर्ट में 'An Evening of Musical Harmony' का भव्य एवं संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल बिलासपुर के पाइप एवं ब्रास बैंड द्वारा अनुशासित एवं मनमोहक संगीतमय प्रस्तुति दी गई, विशेष रूप से राष्ट्रगीत वंदे मातरम की प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध हो गया। कार्यक्रम के माध्यम से संगीत, अनुशासन एवं सांस्कृतिक सौहार्द का सुंदर समन्वय देखने को मिला। बैंड द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति धुनों, पारंपरिक एवं समकालीन संगीत की प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। बैंड सदस्यों की अनुशासित परेड, तालमेल एवं संगीतात्मक उत्कृष्टता ने उपस्थित दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित किया। इस अवसर पर न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने बैंड की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कलाकारों के अनुशासन एवं संगीतात्मक उत्कृष्टता को सराहा एवं प्रतिभागी सदस्यों को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया। यह संगीतमय संध्या न्यायिक गरिमा के साथ-साथ सांस्कृतिक चेतना को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल रही। इससे पूर्व हाईकोर्ट परिसर स्थित बुलंद दरवाज़ा एवं उससे संलग्न टैरेस गार्डन के सौंदर्यीकरण पश्चात लोकार्पण सीजे रमेश सिन्हा के कर कमलों द्वारा किया गया। इसका उद्देश्य हाईकोर्ट परिसर की गरिमा, ऐतिहासिक महत्व एवं पर्यावरणीय सौंदर्य को संरक्षित एवं संवर्धित करना है। सौंदर्गीकरण कार्यों के अंतर्गत संरचनात्मक सुधार, हरित विकास, एवं परिसर को अधिक सुव्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे न्यायालय में आने वाले अधिवक्ताओं, पक्षकारों एवं आम नागरिकों को बेहतर वातावरण उपलब्ध हो सके।

वूमेंस अंडर-15 और अंडर-19 क्रिकेट टीम घोषित

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा निर्देशित अंडर 15 और अंडर-19 का ट्रायल क्रिकेट संघ बिलासपुर द्वारा कोनी के आधारशीला विद्या मंदिर स्कूल के मैदान में कराया गया। जिसमें कुल 31 महिला खिलाड़ियों ने ट्रायल दिया जिसमें 17 वूमेंस खिलाड़ी अंडर 15 वर्ग के और 14 वूमेंस खिलाड़ी अंडर-19 वर्ग के महिला खिलाड़ी सम्मिलित थे।बिलासपुर के चयनकर्ता के रूप में अभिषेक सिंह, सुशांत शुक्ला और अभिनव शर्मा उपस्थित थे। ट्रायल के दौरान सभी महिला खिलाड़ियों ने अपने क्रिकेट बारीकियां और स्किल का प्रदर्शन चयनकर्ता के सामने किया जिसमें सर्वप्रथम रनिंग और फिटनेश कराया गया उसके पश्चात गेंदबाजी और बल्लेबाजी कराए गए इसके बाद ही ईस्ट जोन के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। वूमेंस अंडर 15 पावनी तिवारी, आद्या सेनगुप्ता, आर्या गौरहा, मान्या रजक, लावण्या देशमुख, आराध्य शर्मा, नीलिमा पटेल, किंजल यादव, मोक्षदा वर्मा, रिया साहू, डिम्पल यादव, आराध्य स्वर्णकार, अवनी चतुर्वेदी, छाया राजपूत, छवि राजपूत और सिद्धि सिंह का चयन किया गया है और वूमेंस अंडर 19 में चांद चेलक ,गीत डेहरिया, सौम्या रात्रे, अर्पिता शर्मा, स्वर्णिका बनवारे, अनुष्का भास्कर, श्रीशांत साहू, प्राची दुबे, संयोजिता साहू, प्रतिष्ठा दुआ, रसलीन कौर खनूजा, आयुषी शर्मा, प्राची महानंद, मीनाक्षी मानिकपुरी का चयन किया गया।ये सभी खिलाड़ी ईस्ट जोन के लिए ट्रॉयल देंगे जो 2 फरवरी को सुबह 8 बजे रेलवे के सेक्रसा मैदान में आयोजित होगा।ट्रॉयल के दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ सचिव विंटेश अग्रवाल उपस्थित थे।

ईस्ट जोन का ट्रॉयल रेलवे सेक्रेसा मैदान में आज

बजट से राहत नहीं

केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता अभय नारायण राय ने कहा कि देश के युवा दो करोड़ रोजगार इस बजट में खोजते रह गए नौकरी पेशा वर्ग इनकम टैक्स के स्लैब में बढ़ोतरी की धारणा को पाले हुए रह गए वित्त मंत्री ने मध्यम वर्ग गरीब वर्ग मजदूर वर्ग और नौकरी पेशा वर्ग की कोई बात इस बजट में नहीं की है यह बजट पूरी तरह से कॉरपोरेट जगत के लिए बनाया गया बजट है आंकड़ों की जुमलेबाजी है।

जनता को छलने वाला बजट

अटल श्रीवास्तव विधायक कोटा ने कहा कि केंद्रीय बजट में मोदी सरकार और वित्त मंत्री ने फिर एक बार देश की आम जनता को छला है बजट का पिटारा पूरी तरह खाली न महिलाओं के लिए न युवाओं के लिए न किसानों के लिए कोई भी बात नहीं की गई हैं शेयर मार्केट का गिरना यह बता रहा है कि व्यापारियों के लिए कुछ भी नहीं है।

मजदूरों के साथ छलावा

मस्तूरी विधानसभा के विधायक दिलीप लहरिया ने केंद्रीय बजट को भाजपा के डबल इंजन की सरकार का विफलता बताया है और उन्होंने कहा है कि केंद्रीय बजट से आम लोगों को कोई लाभ नहीं है। किसानों के लिए कोई बात नहीं कही गई है। मजदूरों के लिए कोई विशेष योजना भाजपा सरकार के पास नहीं है। भाजपा की यह बजट दिशाहीन है और देश के आम लोगों के लिए यह सिर्फ एक छलावा है। इस बजट से किसी को कोई लाभ नहीं हुआ है।

छत्तीसगढ़ एक बार फिर खाली

प्रमोद नायक पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैक ने कहा कि छत्तीसगढ़ से भाजपा के 10 सांसद हैं और वर्तमान में बिलासपुर सांसद केंद्रीय राज्य मंत्री हैं परंतु केंद्र की मोदी सरकार के सामने छत्तीसगढ़ के हितों की बात कहने का नैतिक साहस किसी भी संसद में सरकार के सामने नहीं था छत्तीसगढ़ में भाजपा का डबल इंजन सरकार का दावा फिर एक बार जुमला साबित हुआ इस बजट में छत्तीसगढ़ फिर एक बार खाली हाथ रह गया छत्तीसगढ़ के लिए कोई योजना ना कोई पैकेज ना कोई फायदे की बात छत्तीसगढ़ की जनता केंद्रीय बजट में छली गई।

निराश करने वाला बजट

छत्तीसगढ़ी योग आयोग के पूर्व सदस्य रविन्द्र सिंह ने केंद्रीय बजट को अब तक का सबसे निराशा जनक बजट बताते हुए कहा। की इस बजट में गांव और गरीबों के उत्थान के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया है। वर्तमान बजट से युवा महिला बुजुर्गों व बेरोजगारों मे हताशा है। बजट में नही महंगाई को नियंत्रित नहीं किया गया है।नही रोजगार देने की बात हुई है। देखा जाये तो आम जन मानस को बजट पे छला गया है।

अजूबा चांदी : चार लाख के पार जाकर 48 घंटे में 2 लाख 95 हजार पर फिसली

❑ चांदी में नए साल में जिस तरह का दाम को लेकर खेल चल रहा है, वह समझ के बाहर है

रायपुर/नवप्रदेश। चांदी में नए साल में जिस तरह का दाम को लेकर खेल चल रहा है, वह समझ के बाहर है। कारोबारियों के साथ निवेशक भी नहीं समझ पा रहे हैं कि आखिर हो क्या रहा है। पहले कभी एमसीएक्स में ऐसा नहीं होता था। रात को 12 बजे भी दाम बहुत ज्यादा कम ज्यादा हो रहे हैं। अब शुक्रवार रात की बात लें, रात को 12 बजे 339000 से दाम अचानक 255000 हो गए। इसके बाद फिर दाम तीन लाख के पार हो गए। गुरुवार को दाम चार लाख के पार चले गए थे।

48 घंटों में दाम 118000 हजार कम होकर शनिवार की शाम को जीएसटी के साथ दाम 295000 हो गए। इसके पहले एक ही दिन में शुक्रवार को 82700 रुपए दाम कम हुए थे। चांदी के दाम गुरुवार को बाजार बंद होने पर 4 लाख 13 हजार 700 रुपए थे। इस दाम में शुक्रवार की शाम को छह बजे 71700 रुपए की कमी आ गई और दाम 3 लाख 42000 हो गए। इसके एक घंटे बाद सात बजे जब दाम खुले तो दाम और 11 हजार कम होकर दाम 3 लाख 31000 रुपए हो गए। आधे घंटे बाद दाम में 9 हजार की तेजी आई और दाम 33900 हो गए।

निवेशक भी परेशानी में

चांदी के कम ज्यादा होते दामों के कारण निवेशक भी अब परेशानी में पड़ गए। निवेशकों को समझ ही नहीं आ रहा है कि क्या किया जाए। जिस तरह से एक झटके में 80 से 90 हजार दाम कम हो जा रहे हैं, उससे चांदी में निवेश भी खतरनाक हो गया है। महज फायदे के लिए निवेश करने वाले भी सोच में पड़ गए हैं कि आखिर निवेश करें या नहीं।

कारोबार पूरी तरह से चौपट

चांदी का कारोबार करने वाले सराफा कारोबारी बहुत दयनीय स्थिति में चले गए हैं। कारोबार पूरी तरह से चौपट हो गया है। चांदी में निवेश करने वाले ग्राहकों के साथ ही जेवर लेने वालों का भी टोटा हो गया है। चांदी के थोक कारोबारी लक्ष्मी नारायण लाहोटी के मुताबिक चांदी के जेवर अब वही खरीद रहे हैं जिनको शादी के लिए जरूरत है। इसमें भी अब बहुत कम ग्राम की खरीदारी हो रही है। चांदी की पायल अब 10 और 20 ग्राम की ही बिक पा रही है।

रात को 84 हजार का झटका

शुक्रवार की रात को 12 बजे चांदी के दाम ने 84 हजार का झटका दे दिया और दाम 255000 हो गया। हालांकि ये दाम ज्यादा समय तक नहीं रहा। इसके बाद पहले दाम तीन लाख और फिर दाम तीन लाख पांच हजार हो गए। शनिवार की सुबह को दाम तीन लाख पांच हजार रहे। ये दाम शाम होते-होते दो लाख 95 हजार हो गए। शनिवार को तो सुबह से लेकर शाम तक दाम दस हजार ही घटे, लेकिन गुरुवार से लेकर शनिवार की शाम तक के 48 घंटों में दाम एक लाख 18 हजार टूटे। सराफा कारोबारी हरख मालू के मुताबिक इतने कम समय में पहले कभी इतने दाम कम ज्यादा नहीं हुए हैं।

रायपुर में कारोबारी से उठाईगिरी

❑ 2 युवकों ने बातों में उलझाया

❑ फिर तीसरा युवक पैसों से भरा बैग लेकर भागा

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर की साप्ताहिक बाजार में उठाईगिरी का मामला सामने आया है। तीन आरोपियों ने मिलकर आलू प्याज कारोबारी को बातों में उलझाया, फिर उसकी दुकान में रखे पैसे लेकर फरार हो गए। कारोबारी ने मामले की शिकायत धरसींवा थाने में की है। कारोबारी कार्तिक राम धीवर ने पुलिस को बताया कि, 31 जनवरी को तरपोंगी स्थित साप्ताहिक बाजार में आलू प्याज बेचने के लिए गया था। शाम करीब 4:30 से 5 बजे के बीच दो युवक आलू-प्याज खरीदने पहुंचे और उसे लगातार बातचीत में उलझाए रखा। इसी दौरान पीछे से एक तीसरा युवक आया और पैसे रखने वाला विमल गुटखा का थैला झपटकर भाग गया। झपटमारी होते ही सामने खड़े दोनों युवक भी उसी के पीछे भागते नजर आए। कारोबारी ने पीछा किया, लेकिन तीनों युवक बाजार की भीड़ का फायदा उठाकर दूर खड़ी स्कूटी में बैठकर फरार हो गए। कारोबारी के अनुसार थैले में 24 हजार रुपए था। कारोबारी की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। धरसींवा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है। घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकार्डिंग खंगालकर आरोपियों की शिनाख्त की जा रही है।

सरकार के षड्यंत्रों के चलते धान नहीं बेच पाए किसान : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। कम धान खरीदी को सत्ता प्रायोजित किसान विरोधी षड्यंत्र करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन सरकार की दुर्भावना के कारण लक्ष्य से पहले ही बंद कर दी गई है। एग्री स्टेक पोर्टल और एकीकृत किसान पोर्टल की तकनीकी दिक्कतों के चलते 5 लाख किसान पंजीयन से वंचित रह गए, जिन किसानों का पंजीयन हुआ था, उसमें भी लगभग 3 लाख किसानों को टोकन ही जारी नहीं किया गया। जिन किसानों को टोकन जारी हुआ था, उनसे वास्तविक खरीदी जारी किए गए टोकन की लिमिट से कम मात्रा में की गई।

सतत् विकास के लिए प्रकृति के साथ संतुलन आवश्यक : रमेन डेका

❑ संरक्षण क्षमता महोत्सव का राज्यपाल ने किया उद्घाटन

रायपुर/नवप्रदेश। पेट्रोलियम उत्पादों के विवेकपूर्ण उपयोग एवं ऊर्जा संरक्षण के उद्देश्य से सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस कंपनियों के सहयोग से संरक्षण क्षमता महोत्सव 'सक्षम 2025-26' का आयोजन 1 से 14 फरवरी तक किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम का उद्घाटन आज स्थानीय सर्किट हाउस में राज्यपाल रमेन डेका ने किया। राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि सक्षम एक अत्यंत महत्वपूर्ण जन-जागरूकता कार्यक्रम है, जो आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि सभ्यता के विकास के साथ मानव को ऊर्जा के अनेक साधन प्राप्त हुए हैं, लेकिन इनके अत्यधिक उपयोग से प्रकृति और भावी पीढ़ियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त दोहन से नुकसान होता है, इसलिए सतत विकास के लिए प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। स्वच्छ हवा और स्वच्छ पानी हमारे मूलभूत अधिकार हैं। नदियों और पेड़ों को उनके प्राकृतिक स्वरूप में सुरक्षित रखना चाहिए। राज्यपाल ने कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग और माइक्रो-प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि माइक्रो-प्लास्टिक का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है और यह अब गौ माता के दूध में भी पाया जा रहा है। प्रकृति को सबसे अधिक नुकसान मनुष्य स्वयं पहुंचा रहा है, इसलिए शिक्षा और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। डेका ने कहा कि जागरूकता केवल बोलने से नहीं आती, बल्कि इसे हमारी दिनचर्या और आदतों का हिस्सा बनाना होगा। उन्होंने बिजली के दुरुपयोग को रोकने और हर स्तर पर ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में पेट्रोल और डीजल के सीमित होने पर हमें ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ेगा। इसके लिए ग्रीन एनर्जी और सोलर एनर्जी के उपयोग को बढ़ावा देना होगा। अत्यधिक पेट्रोल ,डीजल उपयोग से पर्यावरण भी प्रदूषित होता है, इसलिए संतुलन बनाना जरूरी है।

कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन नितिन चव्हाण राज्य स्तरीय समन्वयक एवं मंडल प्रमुख इंडियन ऑयल द्वारा दिया गया। आभार प्रदर्शन हिंदुस्तान पैट्रोलियम के श्री नितिन श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर इंडियन ऑयल, भारत पैट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम तथा गेल के वरिष्ठ अधिकारी गण, कर्मचारी, विद्यार्थी तथा नागरिक गण उपस्थित थे।

राज्यपाल ने जल संरक्षण पर भी जोर दिया

राज्यपाल ने 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने का आह्वान करते हुए जल संरक्षण पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में जल का अत्यधिक दोहन हो रहा है। बड़े किसानों को अपने खेतों में डबरी निर्माण करना चाहिए, जिससे सामूहिक लाभ हो सके। साथ ही पुराने तालाबों और डबरियों के पुनर्जीवन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समाज ने हमें बहुत कुछ दिया है और समाज के प्रति हमारा भी दायित्व बनता है।

रोजगार और उपभोग बढ़ाने वाला बजट : कैट

रायपुर/नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेंद्र दोशी, श्री विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, राम मंधान, वासु मखीजा, भरत जैन, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स, छत्तीसगढ़ ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के Vision 2047 - विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 का स्वागत किया है। CAIT छत्तीसगढ़ का मानना है कि यह बजट व्यापारियों, MSME उद्यमियों, उद्योग एवं टैक्सपेयर के लिए सरलता, स्थिरता, निवेश और दीर्घकालिक विकास का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है। CAIT छत्तीसगढ़ के अनुसार बजट में प्रस्तावित 12.2 लाख करोड़ से अधिक का पूंजीगत व्यय सड़क, रेल, लॉजिस्टिक्स, रेलवे कॉरिडोर, बंदरगाह, कोस्टल कार्गो और औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर को नई गति देगा। बेहतर सड़क और रेल कनेक्टिविटी, मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क एवं रेलवे कॉरिडोर के विस्तार से माल ढुलाई की लागत घटेगी, डिलीवरी समय कम होगा और देशभर के व्यापारियों को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलेगी। इंफ्रास्ट्रक्चर पर यह भारी निवेश सीधे तौर पर बाजार में मांग, रोजगार और उपभोग बढ़ाने वाला सिद्ध होगा। बजट में MSME सेक्टर को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के उद्देश्य से ग्लोबल चैंपियन दृष्टिकोण को मजबूती दी गई है। Plug & Play औद्योगिक मॉडल, टियर-2 और टियर-3 शहरों में नए औद्योगिक क्षेत्र, तथा लगभग 200 नए औद्योगिक क्लस्टर/एरिया विकसित करने की दिशा में किए गए प्रावधान, छोटे उद्योगों और व्यापारियों के लिए नए अवसर खोलेंगे। इससे स्थानीय स्तर पर उत्पादन बढ़ेगा, सप्लाई चेन मजबूत होगी और आयात पर निर्भरता घटेगी। CAIT छत्तीसगढ़ बजट में सेमीकंडक्टर, चिप मैन्युफैक्चरिंग, AI - आधारित सर्विस सेक्टर और एडवांस टेक्नोलॉजी पर दिए गए विशेष फोकस को भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानता है। इन क्षेत्रों में निवेश बढ़ने से इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल, ऑटो, टेक्सटाइल मशीनरी और डिजिटल सेवाओं से जुड़े व्यापारियों को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा।

कोल इंडिया के सीएसआर सहयोग से आईआईटी से बांबे पायलट परियोजना है महत्वपूर्ण

रायपुर/नवप्रदेश। तीन वर्षों के सतत अनुसंधान एवं विकास के बाद विकसित हुई अभिनव, अहिंसक रेशम निर्माण तकनीक

कोल इंडिया के कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) फंड के सहयोग से संचालित आईआईटी बॉम्बे की अनूठी पायलट परियोजना 'जीवोदया' ने तीन वर्षों के निरंतर अनुसंधान एवं विकास के पश्चात नैतिक रेशम उत्पादन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

इस परियोजना के अंतर्गत आईआईटी बॉम्बे के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रौद्योगिकी विकल्प केंद्र (सी-तारा) ने रेशम उत्पादन की एक ऐसी नवीन तकनीक सफलतापूर्वक विकसित की है, जिसमें रेशम के कीड़ों की हत्या की आवश्यकता नहीं होती। पारंपरिक विधियों से अलग, इस तकनीक में रेशम के कीड़े रेशमी धागा उत्पन्न करने के बाद पतंगे (moth) में परिवर्तित होकर अपना प्राकृतिक जीवन चक्र पूर्ण कर पाते हैं। इसीलिए, मानवीय और नैतिक दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करते इस रेशम को 'जीवोदया सिल्क' नाम दिया गया है। परंपरागत रूप से, शहतूत की पत्तियों पर पलने वाले रेशम के कीड़े अपने चारों ओर कोकून (cocoon) बनाते हैं। रेशम निकालने के लिए इन कोकूनों को उबाल दिया जाता है, जिससे लाखों रेशम कीड़ों की मृत्यु हो जाती है।

बीएड डिग्रीधारी इंजीनियरिंग छात्रों पर दोहरा संकट

रायपुर/नवप्रदेश। 8 फरवरी को ही सीटेट अर्थात केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा भी आयोजित की जा रही है। इस कारण भी हजारों अभ्यर्थियों के सामने अत्यंत कठिन परिस्थिति उत्पन्न हो गई है। विशेष रूप से उन इंजीनियरिंग अभ्यर्थियों पर इसका गहरा प्रभाव पड़ेगा, जिनके पास बीएड की डिग्री है। सीटेट देश की सर्वाधिक प्रतिष्ठित एवं राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में से एक है, जबकि एनआरडीए जूनियर इंजीनियर की भर्ती छत्तीसगढ़ राज्य में अत्यंत महत्वपूर्ण रोजगार अवसर प्रदान करती है।

आईसीएआर-एनआईबीएसएम, रायपुर में सचिव, डेयर एवं महानिदेशक का दौरा

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान , रायपुर को डॉ. एम.एल. जाट, सचिव, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर) एवं महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के आधिकारिक भ्रमण की मेजबानी करने का गौरव प्राप्त हुआ। डॉ. एम.एल. जाट के साथ डॉ. डी.के. यादव, उप महानिदेशक (फसल विज्ञान), आईसीएआर तथा डॉ. राजबीर सिंह, उप महानिदेशक , आईसीएआर भी उपस्थित रहे। आगंतुक विशिष्ट अतिथियों का स्वागत डॉ. पी.के. राय, निदेशक, आईसीएआर-एनआईबीएसएम द्वारा संयुक्त निदेशकगण, वरिष्ठ वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों एवं संस्थान के समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर डॉ. पी.के. राय ने संस्थान के उद्देश्यों, चल रही अनुसंधान गतिविधियों तथा फसलों में जैविक तनाव प्रबंधन के क्षेत्र में संस्थान की प्रमुख उपलब्धियों की जानकारी दी। अतिथियों ने संस्थान की प्रमुख प्रयोगशालाओं, अनुसंधान सुविधाओं एवं प्रायोगिक क्षेत्रों का अवलोकन किया। डॉ. एम.एल. जाट ने वैज्ञानिकों एवं विद्यार्थियों से संवाद करते हुए बदलते जलवायु परिदृश्य में उभरते जैविक तनावों से निपटने हेतु नवाचारी एवं अंतर्विषयक अनुसंधान के महत्व पर बल दिया।

कपिध्वज करियर गाइडेंस का भव्य आयोजन

❑ मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और एनवी सर ने दिया मार्गदर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के युवाओं को आत्मनिर्भर, लक्ष्यनिष्ठ और सशक्त बनाने की दिशा में राज्य शासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की कड़ी में एक और उल्लेखनीय पहल सामने आई है। महिला-बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की पहल पर सूरजपुर जिले के भटगांव स्थित स्टेडियम ग्राउंड में कपिध्वज करियर गाइडेंस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 6 से 8 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर अपने भविष्य को दिशा देने का अवसर प्राप्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि, आज का युवा ही देश और समाज के भविष्य का निर्माणकर्ता है। युवाओं के कंधों पर राष्ट्र निर्माण की बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे निभाने के लिए स्पष्ट लक्ष्य, सही मार्गदर्शन और निरंतर परिश्रम आवश्यक है। उन्होंने कहा कि, जीवन में आने वाली चुनौतियाँ व्यक्ति को मजबूत बनाती हैं और सही निर्णय, समय प्रबंधन तथा सकारात्मक सोच के साथ कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। सीईओ नितिन विजय (एन वी सर) ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, करियर चयन, समय प्रबंधन, आत्मविश्वास निर्माण और लक्ष्य आधारित अध्ययन पर प्रभावशाली मार्गदर्शन दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि, सोच ऊंची रखो, उड़ान भी ऊंची होगी। कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य और आत्मविश्वास बनाए रखने वाला व्यक्ति निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करता है।

रायपुर में ई-सिगरेट, हुक्का-तंबाकू का जखीरा जब्त

❑ ट्रांसपोर्टर के ठिकाने पर पुलिस की रेड, लाखों का माल बरामद; दूसरे राज्यों से आता था माल

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में प्रतिबंधित ई-सिगरेट, फ्लेवर तंबाखू और हुक्का पॉट का जखीरा रायपुर पुलिस के अधिकारियों ने बरामद किया है। कार्रवाई खमतराई और एसीसीयू की संयुक्त टीम ने की है।

शनिवार-रविवार रात भर अफसरों ने सामान जब्त करके कारोबारियों से पूछताछ की है। जब्त सामान की कीमत लाखों रुपए में बताई जा रही है। कार्रवाई और आरोपियों के नाम का खुलासा रायपुर पुलिस के अधिकारी जब्त करेंगे।

एसीसीयू के अधिकारियों को मुखबिर से सूचना मिली थी, कि खमतराई थानाक्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर इलाके के गोदाम में बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित सामग्री की खेप एक गोदाम में रखी है।

मुखबिर की सूचना पर एसीसीयू-खमतराई पुलिस की संयुक्त टीम ने गोदाम में दबिश दी। अफसरों ने देर रात ट्रांसपोर्टर को बुलाकर गोदाम खुलवाया और सामान को जब्त करने की कार्रवाई की है।

ये सामान हुआ जब्त

गोदाम की तलाशी के दौरान बड़ी संख्या में कार्टूनों में पैक ई-सिगरेट डिवाइस, फ्लेवर युक्त लिक्विड, हुक्का तंबाकू और अन्य सामग्री बरामद की गई।

दूसरे राज्यों से आता था माल

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने ट्रांसपोर्टर और गोदाम से जुड़े कर्मचारियों से पूछताछ की। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह माल दूसरे राज्यों से ट्रांसपोर्ट के जरिए रायपुर लाया गया था और यहां से शहर के विभिन्न इलाकों में सप्लाई किया जाना था। पुलिस का मानना है कि इस नेटवर्क के तार अन्य राज्यों से भी जुड़े हो सकते हैं।

सुविचार

खुशी एक खुशबू की तरह है। जब तक हम खुद महकेंगे नहीं तब तक दूसरों को नहीं महका सकते। इसलिए हमेशा खुश रहें और दूसरों को भी खुश रखें।

अब सुनेत्रा ने दिया शरद पवार को झटका

महाराष्ट्र की राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक शरद पवार को पहले उनके भतीजे अजीत पवार ने झटका दिया था जब उन्होंने राकांपा पर कब्जा कर लिया था। अब शरद पवार को उनकी बहू सुनेत्रा पवार ने उससे भी बड़ा झटका दे दिया है। शरद पवार को उम्मीद थी कि अजीत पवार के आकस्मिक निधन के रूप में महाराष्ट्र की राजनीति में जो आपदा आई है उसे वे सुनहरे अवसर के रुप में तब्दील करने में सफल हो जाएंगे और राकांपा के दोनों गुटों का एकजुट कर वे फिर से पार्टी के सुप्रीमो बन जाएंगे लेकिन उनके दिल के अरमां आसूंओं में बह गए। अजीत पवार के विश्वस्त सहयोगी रहे प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल और सुनील तरवटे आदि शरद पवार के इरादे को भांप गए और उन्होंने सुनेत्रा पवार को समझा दिया कि वे शरद पवार के बहकावे में न आएं और खुद पार्टी का नेतृत्व संभाले तथा उप मुख्यमंत्री पद की शपथ भी ले लें। सुनेत्रा पवार भी शरद पवार की मंशा से वाकिफथी। यदि वे विलंब करती तो शरद पवार उनकी पार्टी में फूट डाल सकते थे और दोनों गुटों को एक कर फिर से पार्टी के सर्वेसर्वा बन सकते थे। यही वजह है कि उन्होंने लोकलाज की परवाह किए बिना आनन फानन में राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और महाराष्ट्र की पहली महिला उप मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण कर ली। नतीजतन शरद पवार के हाथों से तोते उड़ गए। उनका यह शिगूफा भी कोई काम नहीं आया कि अजीत पवार उनके साथ हुई चर्चा में राकांपा के दोनों गुटों का विलय करने के लिए तैयार हो गए थे और 12 फरवरी को राकांपा के दोनों गुटों का विलय होने जा रहा था। शरद पवार जानते हैं कि उनका मुंह पकड़ने वाले अजीत पवार इस दुनिया में नहीं है इसलिए उनका यह शिगूफा चल जाएगा लेकिन वे यह भूल गए कि इतनी बड़ी बात अजीत पवार अपने साथियों और परिजनों को अवश्य बताते। कुल मिलाकर शरद पवार की चाल नहीं चल पाई और सुनेत्रा पवार ने अपनी अलग राह चुनकर उन्हें ऐसा करारा झटका दिया है जिससे उम्र के अंतिम पड़ाव में शरद पवार शायद ही उबर पाएं। इस पूरे राजनीतिक घटनाक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने भी बड़ी भूमिका निभाई और एक तीर से दो निशाने साधते हुए जहां उन्होंने शरद पवार से 2019 का बदला ले लिया नहीं उनके लिए दिक्कत खड़ी कर रहे एकनाथ शिंदे के भी पर कतर दिए। अब देवेंद्र फड़णवीस की राह अपेक्षाकृत आसान हो जाएगी।

संजय शेखर
(वरिष्ठ पत्रकार)

भारत की ऑरेंज अर्थव्यवस्था में उभरती प्रौद्योगिकियों की प्रमुख भूमिका के साथ बजट में भारत के एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट, गेमिंग और कॉमिक (एवीजीसी) क्षेत्र को प्रोत्साहन देते हुए उद्योग के रूप में रेखांकित किया गया है। आकलन है कि 2030 तक इसमें 2 मिलियन पेशेवरों की आवश्यकता होगी। इसकी पूर्ति के लिए बजट में मुंबई में भारतीय क्रिएटिव टेक्नोलॉजी संस्थान द्वारा देश के 15000 माध्यामिक स्कूटलों और 500 महाविद्यालयों में एवीजीसी कंटेंट क्रिएटर सेंटर की स्थापना का प्रस्ताव है जो भारत की ऑरेंज अर्थव्यवस्था को और बढ़ावा देगा। इतना ही नहीं देश में सेमीकंडक्टर, बायोफार्मा शक्ति मिशन, रेयर अर्थ कॉरिडोर, आदि देश के विकास को गति देंगे। कुल मिलाकर बजट में आम आदमी के लिए भले ही कोई बड़ा लोकलुभावन राहत पैकेज नहीं है, लेकिन सतत विकास की अवधारणा और विकसित भारत की सोच पर आधारित इस बजट का लाभ आने वाले समय में लोगों को जरूर मिलेगा।

बजट 2026-27 : तत्काल राहत नहीं लेकिन विकास के लिए जरूरी

भारतीय संविधान में बजट जैसा कोई शब्द नहीं हैं। संविधान के अनुच्छेद 112 में बजट को वार्षिक वित्तीय विवरण कहा गया है। इस लिहाज से इतिहास में पहली बार वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा रविवार को संसद में वित्तीय वर्ष 2026-27 का वित्तीय विवरण प्रस्तुत किया गया है। हमेशा की तरह बजट से देश को काफी उम्मीदें थी लेकिन बजट प्रस्तुत होते ही शेयर मार्केट से लेकर सोना-चांदी तक की कीमतों में भारी गिरावट इस बात के संकेत हैं कि बाजार ने बजट का स्वागत नहीं किया। विपक्ष की नकारात्मक प्रतिक्रिया स्वभाविक है। लेकिन समग्र रूप से विश्लेषण करें तो बजट में उपलब्ध संसाधनों का उचित आवंटन करते हुए जहां एक तरफ देश की जरूरतों को पूरा कर आर्थिक विकास को गति देने की कोशिश की है वहीं दूसरी तरफ मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में भारतीय अर्थव्यवस्था को ऊंचाई पर ले जाने और वैश्विक निवेश को आकर्षित करने के लिए आधारभूत संरचनाओं के विकास पर विशेष जोर दिया गया है। पहली बार कर्तव्य भवन में तैयार किया गया आम बजट तीन कर्तव्यों से प्रेरित है।पहला कर्तव्य है आर्थिक वृद्धि को तेज करना व बनाए रखना। दूसरा कर्तव्य है लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना और उनकी क्षमता का निर्माण करना और तीसरा कर्तव्य सबका साथ सबका विकास के विज़न से जुड़ा है। बजट से देश के आम आदमी जिसमें मध्यम वर्ग, वेतनभोगी, छोटे व्यापारी, किसान परिवार आदि शामिल है को प्रत्यक्ष राहत कम दिखती है, लेकिन आधारभूत संरचनाओं के विकास के साथ ही बजट की अन्य घोषणाओं से उन्हें अप्रत्यक्ष तौर पर लाभ मिलेगा इससे इनकार नहीं किया जा सकता। 2026-27 के बजट में आयकर स्लैब या छूट में कोई बड़ा बदलाव नहीं आया। इसका मतलब है कि मध्यम वर्ग को नई अतिरिक्त राहत नहीं मिली। लेकिन कुछ छोटी राहतें मिली है जिसमें विदेशी शिक्षा व मेडिकल खर्च पर टीसीएस 5त्न से घटाकर 2त्न करना, मोटर एक्सीडेंट क्लेम्स पर ब्याज इनकम टैक्स से छूट काप्रावधान व व्यक्तिगत आयात पर टैरिफ 20त्न से 10त्न घटाया जाना शामिल है। आम आदमी के लिए सबसे बड़ी राहत स्वास्थ्य क्षेत्र में आई है। कैंसर की 17 जीवन रक्षक दवाओं पर बेसिक कस्टम ड्यूटी खत्म कर दी गई, जिससे ये दवाएं काफी सस्ती होंगी। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य बजट

में करीब दस फीसदी बढ़ोतरी, 5 क्षेत्रीय मेडिकल टूरिज्म हब बनने और 1 लाख हेल्थ प्रोफेशनल्स और 1.5 लाख केयर गिवर्स की ट्रेनिंग से घरेलू हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत होगा और आम लोगों का इलाज सस्ता व बेहतर होगा। लेकिन बजट का सर्वाधिक महत्वपूर्ण पक्ष है देश को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुकूल बनाने पर जोर देना। मौजूदा वैश्विक आर्थिक परिदृश्य और प्रतिस्पर्धा को देखते हुए देश को आर्थिक तौर पर मजबूत बनाने के लिए बजट में 12.2 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का प्रावधान रखा गया है। इससे देश में सड़क, रेल, हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, एयरपोर्ट जैसी परियोजनाएं तेज होंगी। जाहिर है इससे निर्माण, लॉजिस्टिक्स, स्टील, सीमेंट जैसे सेक्टर में नौकरियों के अवसर बढ़ेगे। इतना ही नहीं ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

लेकिन बात यहीं तक खत्म नहीं होती। बजट में देश के जल और थल मार्ग को बेहतर करने का प्रस्ताव है। पूरब में डानकुनी तथा पश्चिम में सूरत के जल मार्ग को कनेक्ट करने के लिए नए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की स्थापना सहित अगले पांच साल में बीस नए राष्ट्रीय जल मार्ग विकसित करने का प्रस्ताव है। केन्द्र सरकार के इस प्रस्ताव से पूरब से लेकर पश्चिम तक पूरे जल मार्ग का विस्तार होगा और जलमार्ग से व्यापार दोगुना करने का लक्ष्य है।

इसके साथ ही बजट में 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर जिसमें मुम्बई-पुणे, पुणे-हैदराबाद, हैदराबाद-बेंगलुरु, हैदराबाद-चेन्नई, चेन्नई-बेंगलुरु, दिल्ली-वाराणसीऔरवाराणसी-सिलीगुड़ी शामिल हैं, विकसित होगा। इससे देश के विकास को नई गति मिलेगी।

बजट में कर-निर्धारण और दंड कार्यवाहियों को एकीकृत करने का प्रस्ताव किया गया है। अब कर चोरी पर जेल जैसी सजा नहीं होगी बल्कि निर्धारित राशि देकर आप इससे बच सकते हैं। ब्याज को भी समाप्त कर दिया गया है। कुल मिलाकर व्यापारियों को बड़ी राहत दी गई है।

बजट में देश के प्रमुख औद्योगिक गलियारों के आसपास के क्षेत्रों में पांच विश्वविद्यालय टाउनशिप के निर्माण का प्रस्ताव है। इन योजनाबद्ध शैक्षणिक क्षेत्रों में विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, अनुसंधान संस्थान, कौशल केंद्रों और आवासीय परिसरों का निर्माण किया जाएगा। बजट में एआई मिशन, नेशनल क्वांटम मिशन, अनुसंधान नेशनल रिसर्च फंड और अनुसंधान विकास एवं नवाचार निधि के माध्यकम से नई प्रौद्योगिकियों को सहायता प्रदान करने का प्रस्ताव है। भारत की ऑरेंज अर्थव्यवस्था में उभरती प्रौद्योगिकियों की प्रमुख भूमिका के साथ बजट में भारत के एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट, गेमिंग और कॉमिक (एवीजीसी) क्षेत्र को प्रोत्साहन देते हुए उद्योग के रूप में रेखांकित किया गया है। आकलन है कि 2030 तक इसमें 2 मिलियन पेशेवरों की आवश्यकता होगी। इसकी पूर्ति के लिए बजट में मुंबई में भारतीय क्रिएटिव टेक्नोलॉजी संस्थान द्वारा देश के 15000 माध्यामिक स्कूटलों और 500 महाविद्यालयों में एवीजीसी कंटेंट क्रिएटर सेंटर की स्थापना का प्रस्ताव है जो भारत की ऑरेंज अर्थव्यवस्था को और बढ़ावा देगा। इतना ही नहीं देश में सेमीकंडक्टर, बायोफार्मा शक्ति मिशन, रेयर अर्थ कॉरिडोर, आदि देश के विकास को गति देंगे। कुल मिलाकर बजट में आम आदमी के लिए भले ही कोई बड़ा लोकलुभावन राहत पैकेज नहीं है, लेकिन सतत विकास की अवधारणा और विकसित भारत की सोच पर आधारित इस बजट का लाभ आने वाले समय में लोगों को जरूर मिलेगा।

भविष्य की वह शक्ति जो दुनिया बदल देगी

उमा मेहता त्रिवेदी

आज हम एक ऐसे युग की दहलीज पर खड़े हैं जहाँ 'कल्पना' और 'हकीकत' के बीच की लकीर धुंधली होती जा रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल एक तकनीकी शब्द नहीं है, बल्कि यह आधुनिक सभ्यता का नया 'विद्युत' है। जिस तरह पिछली सदी में बिजली ने कल-कारखानों और घरों की सूरत बदली थी, उसी तरह एआई भविष्य में मानवता की शक्ति का मुख्य स्रोत साबित होने वाला है। एआई की सबसे बड़ी खूबी उसकी सीखने और विश्लेषण करने की गति के साथ साथ असीमित क्षमता और दक्षता है मानव मस्तिष्क जहाँ थक सकता है, एआई वहाँ बिना रुके लाखों-करोड़ों डेटा पॉइंट्स को सेकंडों में प्रोसेस कर सकता है। भविष्य में यह शक्ति जटिल समस्याओं जैसे जलवायु परिवर्तन के समाधान खोजने, सटीक मौसम पूर्वानुमान लगाने और अंतरिक्ष की गहराइयों को समझने में मील का पत्थर साबित होगी। ?भविष्य की शक्ति का सबसे खूबसूरत रूप चिकित्सा क्षेत्र में दिखेगा जिसमें स्वास्थ्य सेवा में क्रांति नज़र आ सकती है एआई आधारित प्रणालियाँ बीमारियों का पता उनके लक्षण उभरने से पहले ही लगा लेंगी। DNA मैपिंग और व्यक्तिगत दवाओं के जरिए कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का इलाज अधिक सुलभ और सटीक हो जाएगा। यह तकनीक केवल इलाज ही नहीं करेगी, बल्कि मानव जीवन प्रत्याशा को भी बढ़ाएगी। एआई भविष्य में हर बच्चे के लिए एक व्यक्तिगत गुरु की भूमिका निभाएगा, जिस कारण शिक्षा और सृजन का नया आयाम दिख सकता है जो उसकी सीखने की क्षमता के अनुसार शिक्षा प्रदान करेगा। वहीं कला और रचनात्मकता के क्षेत्र में, एआई इंसानी कल्पना को नए पंख देगा, जिससे संगीत, लेखन और डिजाइनिंग के ऐसे स्वरूप सामने आएंगे जो हमने पहले कभी नहीं देखे। ?स्मार्ट सिटीज से लेकर स्वायत्त वाहनों तक, एआई हमारे रहने के ढंग को पूरी तरह बदल देगा जिसके कारण हमारे आर्थिक और सामाजिक विकास में परिवर्तन दिखाई देगा यह न केवल उत्पादकता बढ़ाएगा बल्कि उबाऊ और खतरनाक कार्यों से इंसानों को मुक्ति दिलाकर उन्हें रचनात्मक कार्यों के लिए समय देगा। याने हम कह सकते हैं कि एआई भविष्य की वह शक्ति है जो बुद्धिमानी और करुणा के साथ जुड़कर एक स्वर्ग जैसी दुनिया का निर्माण कर सकती है। हालांकि, यह शक्ति एक 'दोधारी तलवार' भी है। इसकी असली ताकत इस बात में नहीं है कि यह क्या कर सकती है, बल्कि इस बात में है कि हम मनुष्य इसका उपयोग नैतिकता और जिम्मेदारी के साथ कैसे करते हैं। यदि हम इसे सही दिशा देने में सफल रहे, तो एआई निस्संदेह मानवता के इतिहास का सबसे सुनहरा अध्याय लिखेगी।

राजीव खंडेलवाल

इसके अतिरिक्त– स्ष्ट/स्ज्ज अत्याचार निवारण अधिनियम, विश्वविद्यालयीय स्टैच्यूट्स, एंटी-रैगिंग नियम, ह्रष्ट्स, श्वह्रष्ट, ऑनलाइन शिकायत पोर्टल पहले से अस्तित्व में हैं। प्रश्न यह है कि– क्या नये नियम संतुलन साधते हैं, या वे नयी असमानता को जन्म देते हैं? राजनीतिक निहितार्थ राजनीतिक दृष्टि से ह्रक्चष्ट को शामिल करने से सत्ता पक्ष को समर्थन मिला, वहीं सामान्य वर्ग में असंतोष भी उभरा। दिलचस्प यह है कि– विपक्ष ने भी इस मुद्दे पर स्पष्ट स्टैंड नहीं लिया। सरकार और विपक्ष, दोनों का मौन इस बहस को केवल वोट गणित तक सीमित करता दिखता है। राजनीतिक निहितार्थ राजनीतिक दृष्टि से OBC को शामिल करने से सत्ता पक्ष को समर्थन मिला।

"यूजीसी के नये नियमों" पर उच्चतम न्यायालय का स्थगन आदेश

उच्चतम न्यायालय ने 29 जनवरी 2026 को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम, 2026 को संविधान के अनुच्छेद 142 के अंतर्गत "kept in abeyance" (स्थगन) में रख दिया। ये नियम 13 जनवरी 2026 को अधिसूचित हुए थे। याचिकाकर्ताओं का मुख्य तर्क यह था कि–नियम अस्पष्ट हैं, इनके दुरुपयोग की आशंका है, तथा इनमें सुरक्षा प्रावधान केवल SC/ST/OBC तक सीमित हैं, जिससे सामान्य वर्ग के छात्रों एवं शिक्षकों के साथ भेदभाव हो सकता है। न्यायालय ने प्रथम दृष्टया इन आशंकाओं को गंभीर मानते हुए कहा कि इन नियमों को लागू करने से सामाजिक विभाजन की स्थिति बन सकती है। साथ ही केंद्र सरकार से अपेक्षा की गई कि वह नियमों के मसौदे को अधिक स्पष्ट, पारदर्शी एवं संतुलित बनाए।

त्वरित सुनवाई — क्यों?

यह तथ्य विचारणीय है कि– याचिका 27 जनवरी को दाखिल हुई, और 29 जनवरी को ही सुनवाई कर स्थगन आदेश पारित कर दिया गया। जबकि– कई अन्य मामलों में, जिनमें व्यक्तिगत स्वतंत्रता जैसे मौलिक अधिकार जुड़े हैं, सुनवाई महीनों से लंबित है।

यह भी उल्लेखनीय है कि– 13 जनवरी से लागू इन नियमों के अंतर्गत अब तक किसी प्रकार का प्रत्यक्ष उत्पीड़न मामला सामने नहीं आया था। अतः तत्काल अंतरिम रोक की अनिवार्यता पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। विशेष रूप से इसलिए भी, क्योंकि–2019 में स्वयं उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के पालन में ही यूजीसी ने यह नए समग्र नियम बनाए थे।

नये नियमों का उद्देश्य

यूजीसी (स्थापना वर्ष 1956) द्वारा अधिसूचित विनियम, 2026 का घोषित उद्देश्य था–

धर्म, जाति, लिंग, जन्म-स्थान, दिव्यांगता आदि के आधार पर भेदभाव का उन्मूलन, विशेष रूप से SC, ST, OBC, EWS, दिव्यांग एवं महिला वर्गों के लिए उच्च शिक्षा परिसरों में समता एवं समावेशन को सुदृढ़ करना।

नये नियमों की पृष्ठभूमि

इन नियमों का आधार– रोहित वेमुला एवं डॉ. पायल तड़वी प्रकरणों से जुड़ी माताओं द्वारा दायर जनहित याचिकाएँ थीं। वर्ष 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी को निर्देश दिया था कि– "जाति-आधारित भेदभाव की रोकथाम हेतु एक मजबूत, प्रभावी और स्वतंत्र शिकायत निवारण तंत्र विकसित किया जाए।"

इसी क्रम में 2025 की सुनवाइयों के दौरान न्यायालय ने यूजीसी से ड्राफ्ट नियम प्रस्तुत करने को कहा था।

नये नियमों में प्रमुख परिवर्तन

नये विनियमों में कई संरचनात्मक बदलाव किये गये, जिनमें प्रमुख हैं।

1 OBC का नया वर्ग को शामिल किया गया।

2 हर संस्थान में Equal Opportunity Cell (EOC) अनिवार्य किया गया।

3 Equity Committee को पूर्व की तुलना में अधिक अधिकार।

4 समिति में OBC, EWS, दिव्यांग एवं महिला प्रतिनिधित्व।

5 पूर्व में सिर्फलिखित शिकायत (ऑफलाइन) थी, जो अब बढ़ा कर ऑनलाइन पोर्टल, ईमेल, 24 म 7 इक्विटी हेल्पलाइन प्रावधान किए गए।

5 शिकायत मिलते ही 24 घंटे में बैठक,15 दिन में जांच, 7 दिन में कार्रवाई।

6 अनुपालन न होने पर ल्नष्ट फंडिंग रोकने, मान्यता प्रभावित करने व नये कोर्स की मंजूरी रोकने का अधिकार।

7 झूठी शिकायत पर दंड का प्रावधान हटाया गया।

8 रैगिंग की स्वतंत्र परिभाषा नए नियमों में स्पष्ट नहीं।

9 अपील अवधि 90 से घटाकर 30 दिन।

10 संस्थान से बाहर Ombuds Person का प्रावधान।

आपत्ति के मुख्य बिंदु

1 जाति-आधारित भेदभाव की परिभाषा का सीमित होना।

2 नियमों की अस्पष्टता और दुरुपयोग की आशंका।

3 नियमों की अस्पष्टता और दुरुपयोग की आशंका।

4 उल्टा भेदभाव (reverse discrimination) का खतरा।

5 रैगिंग और अन्य भेदभाव के रूपों की अनदेखी।

6 रैगिंग और अन्य भेदभाव के रूपों की अनदेखी.

आलोचकों का कहना है कि– सामान्य वर्ग को पूर्वाग्रह के साथ संभावित शोषक मान लिया गया है, जबकि कानून का मूल सिद्धांत है– "जब तक दोष सिद्ध न हो, व्यक्ति निर्दोष माना जाता है।" यदि भेदभाव की परिभाषा पहले से व्यापक थी, तो– अतिरिक्त उप-धाराएँ जोड़कर केवल एक वर्ग को डिफ़ॉल्ट आरोपी क्यों बनाया गया?झ्रसंविधानिक परिप्रेक्ष्य संविधान के– अनुच्छेद 14, 15 और 17 पहले से ही समानता और भेदभाव निषेध के लिए पर्याप्त हैं।

आज का इतिहास

1878 - यूनान ने तुर्की के खिलाफयुद्ध की घोषणा की। 1890 - अमेरिकन एक्टर चार्ल्स कोरोल का जन्म हुआ। 1892 - रशिया ने कैलिफ़ोर्निया में 'फ़र ट्रेडिंग कॉलोनी' की स्थापना की। 1901 - क्वीन विक्टोरिया का अंतिम संस्कार हुआ। 1913 - न्यूयार्क में 'ग्रैंड सेंट्रल टर्मिनल' की ओपनिंग हुई। 1920 - फ़्रांस ने मैमेल पर कब्ज़ा किया। 1922 - जेम्स जॉयस का लिखा उपन्यास 'यूलिसिस' पहली बार प्रकाशित किया गया। 1939 - हंगरी ने सोवियत संघ के साथ संबंध समाप्त किये। 1952 - मद्रास में भारत ने पहला टेस्ट क्रिकेट जीता। 1953 - अखिल भारतीय खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड का गठन किया गया। 1966 - पाकिस्तान ने 'कश्मीर समझौते' के लिए एक महत्त्वपूर्ण प्रस्ताव पेश किया। 1982 - सीरिया ने हामा पर आक्रमण किया। 1990 - अफ़्रीकी नेशनल कांग्रेस पर 30 वर्ष पूर्व लगा प्रतिबंध हटाया गया।

पाठकों की बात
पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

यूजीसी की सवर्ण विरोधी नीति के खिलाफ भड़के आक्रोश और उसके बाद के घटनाक्रम से यह साफ हो गया है कि एक काला कानून तो क्या, सारे काले कानून खत्म हो जायेंगे. बस सामान्य वर्ग के लोग एक होकर अपना एजेंडा तय करें, अपनी राजनीतिक पार्टी बनाये, उसके प्रत्याशियों को जितायें और खुद सत्ता संभाले. सब ठीक हो जायेगा. लेकिन दूसरों से आशा करेंगे तो जीना भी दुश्वार होगा।

– अनिल पांडेय

उसे यात्राएं पसन्द थी और मैंने चुना पसंदीदा ठहराव उसे रणनीति पसन्द थी और मुझे संघर्ष करता मौन उसने बेबुनियाद प्रश्नों से हरदम हराने की कोशिश की फ़िर मैंने चुनी हर इम्तिहान में जितने की जिद्द और इस तरह हम विरोधाभास लिए हुए आज तक साथ है।

– सुरेखा अग्रवाल

बालम तेरे प्रेम में, बहे नैन से नीर जलूँ विरह की अग्नि में ,मनुआ हुआ अधीर मनुआ हुआ अधीर, देह सब सुध बुध खोती बैठ अकेली रात, प्रीत में विरहन रोती निधि÷पथ रही निहार, विरह का छाया आलम जहाँ कहीं भी होंय, चले आओ तुम बालम।

– निधि मानवी

देख तिरंगा मन हर्षित हो, भारत की इससे पहचान। हिंद-हिंद का जय जयकारा, वीरों में फूंके है जान॥ एक तिरंगे की खातिर ही, हँसकर देते हैं बलिदान। धन्य-धन्य सीमा के प्रहरी, बढ़ा रहे भारत की शान॥ **– सुमन ओमानिया**

आदमी तो हूँ बहुत ही आम हूँ मैं। इसलिए सबकी नजर नाकाम हूँ मैं।। झूठ में चर्चित रहा हर एक दिल में। सच कहा तो हो गया बदनाम हूँ मैं।। हैं यहाँ उठते दिवस में भोर में सब। चैन खोकर लौट जाती शाम हूँ मैं।। लूटता है और कोई इस चमन को। ढो रहा झूठा यहाँ इल्जाम हूँ मैं।। छल किया है साथ मेरे दोस्तों ने। हार कर बैठा हुआ संग्राम हूँ मैं।।

– दिनेश रोहित चतुर्वेदी

जय जय श्रुति शारद ,राह निहारत ,आन बसो मम ,कंज हिये। कर जोरि रिझावहुं ,अर्ज सुनावहुं ,आय बसौ भव, भंज हिये ।। मतिमंद हूं बालक ,मां तुम पालक ,जीवन ज्योति प्रकाश भरो। निज भाग सराहत ,पांय पखारत, जीवन पूरण ,आस करो ।।

– अजय मिश्रा अभिज्ञ

जज्बातों से खेलना उम्मीदों को तोड़ना बात तो छोटी सी है जो टूटा है पर उससे जरा पूछना रोते हुए को छोड़ना जिद को न छोड़ना बात तो छोटी सी है जो रोता है उससे जरा पूछना मोर को नाचते देखना खुशी में दर्द को भूलना बात तो छोटी सी है जो सहन करता है उससे जरा पूछना ज़ख्मों को यूँ करेदना बार बार ताना देना बात तो छोटी सी है जो बेजार है उससे जरा पूछना। **– वर्षा वार्ष्णेय**

हम प्रेम करते है , इजहार नहीं करते, हम नफरत करते है, चिल्ला चिल्लाकर बताते है ! और फिर एक दिन कहते है, ये धरती रहने लायक नहीं रह गयी है !!

– रूबी प्रसाद

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन आपके लिये प्रतिकूल रहेगा दिन के आरंभ से ही किसी से कहासुनी की संभावना रहेगी इसके लिये ज्यादा इंतजार भी नहीं करना पड़ेगा संतान अथवा किसी अन्य परिजन का उद्दंड व्यवहार कलह करवाएगा।

वृष: आज का दिन साधारण रहेगा दिन के पूर्वार्ध में स्वास्थ्य ठीक रहने पर भी आलस्य के कारण कार्यो में विलंब होगा घरेलू कार्य भी धीमी गति से चलेंगे बाद में हड़बड़ी करने पर नुकसान होने की संभावना है।

मिथुन: आज के दिन आपको उतार चढ़ाव का सामना करना पड़ेगा आपका स्वभाव आज संतोषी ही रहेगा फिर भी आकस्मिक आने वाले क्रोध पर नियंत्रण रखना आवश्यक है। धर्म कर्म में केवल व्यवहारिकता मात्र ही रहेगी।

कर्क: मन मे चंचलता बढ़ने के कारण आज आपका स्वभाव पल पल में बदलेगा किसी भी कार्य मे अनिर्णय की स्थिति बाधा डालेगी जिससे कार्यो में विलंब होगा। भावुकता अधिक रहेगी विपरीत लिंगीय के प्रति आकर्षित होंगे।

सिंह: आज का दिन विपरीत फलदायक है स्वभाव की मनमानी आज किसी न किसी रूप में हानि कराएगी। आज भी आपका मन अनैतिक कर्मो में अधिक रहेगा किसी के टोकने पर अभद्र व्यवहार करने से भी नही शर्माएंगे।

कन्या: आज का दिन लाभदायक रहेगा लेकिन ध्यान रहे आपका व्यवहार होने वाले लाभ को कम या अधिक करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका रखेगा। सेहत छोटी मोटी समस्या को छोड़ ठीक रहेगी।

तुला: आज के दिन भागदौड़ लगी रहेगी दिन के आरंभ से ही आकस्मिक यात्रा की योजना बनेगी इसके अंत समय पर टलने की संभावना भी है। सेहत में विकार आने की संभावना है सतर्क रहें।

वृश्चिक: आज के दिन आपके मन मे उधेड़ बुन लगी रहेगी जो करना चाहेंगे उसे नही कर पाएंगे उल्टे जिस का को करने से चिढ़ते है मजबूरी में वही करना पड़ेगा।

धनु: आज का दिन सेहत को लेकर परेशान रहेंगे। घर मे मौसमी बीमारियों के कारण सर्दी जुखाम से कोई ना कोई परेशान रहेगा।

मकर: आज का दिन शुभफलदायक रहेगा। भागदौड़ आज किसी न किसी काम से लगी रहेगी लेकिन इसका सफल परिणाम दिन भर उत्साहित रखेगा।

कुंभ: आज का दिन आपके लिये मिश्रित फलदायक रहेगा। पूर्व में किसी गलती को लेकर मन मे ग्लानि होगी।

मीन: आज आप प्रत्येक कार्य बुद्धि विवेक से करेंगे लेकिन पूर्व में बरती अनियमितता के कारण आज शत्रु पक्ष प्रबल रहेंगे घर के सदस्यों का व्यवहार भी आज विपरीत रहेगा सेहत में कुछ न कुछ विकार लगा रहेगा।

QUIZ TIME

1) रेल यात्रियों की सहायता के लिए गठित महिला सुरक्षा दस्ते का नाम क्या है?

2) पद्म पुरस्कार 2026 से कितने व्यक्तियों को सम्मानित करने की घोषणा की गयी है?

3) 500 एकल मैच जीतने वाली पहली भारतीय शटलर कौन बनी हैं?

4) गणतंत्र दिवस 2026 किस झांकी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है?

5) विशाखापट्टनम रेलवे स्टेशन पर तैनात भारतीय रेलवे के पहले ह्यूमनॉइड रोबोट का नाम क्या है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) ऑपरेशन मातृशक्ति (2) 131 (3) पी.वी. सिंधु (4) महाराष्ट्र (5) एएससी अर्जुन

कार्टून

न्यूज गैलरी

गांजा तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे बाइक और गांजा जब्त

कांकेर/ नवप्रदेश। बांदे पुलिस ने अवैध गांजा तीन पैकेट जिसका कुल वजन अनुमानित 2.050 किलो ग्राम के साथ 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का पल प्लेटिना मोटर सायकल वाहन को जब्त किया गया है।बांदे पुलिस के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में 31जनवरी 2026 को मुखवीर सूचना पर बान्दे पुलिस द्वारा घटना स्थल सुंरजन मजुमदार के घर के पास पक्की रोड़ पीकी.98 दयानगर के पास आरोपी श्रीकांत मंडल पिता गनेश मंडल उम्र 33 वर्ष निवासी पीवी 100 जयरामनगर थाना बान्दे जिला-उत्तर बस्तर कांकेर के कब्जे से अवैध गांजा 2.050 किलो ग्राम बरामद होने से गांजा, विक्री 1200/- रू. एवं प्लेटिना मोटर सायकल क.सीजी 04 केवी 7679 को जप्त कर अपराध क्र. 06/2026 धारा 20(8) NDPS ACT कायम कर विवेचना में लिया गया है। इस सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक रामचन्द्र साहू थाना प्रभारी बान्दे उपनिरीक्षक राजकुमार सिन्हा देवनारायण बंजारे प्रधान आरक्षक सूर्यदेव कुंजाम फ कीर राम सिन्हा आरक्षक बजवंत मंडावी पूनम साहू अश्वनी कुंजाम अमृत नेताम आरक्षक प्यारे लाल तारम शामिल थे।

शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

राजनांदगांव /नव प्रदेश। जिले में छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आज छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 आयोजित की गई। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा का शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित संपन्न हुआ। अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा राजनांदगांव जिले में छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 का आयोजन प्रथम पाली के लिए 25 परीक्षा केन्द्र और द्वितीय पाली के लिए 45 परीक्षा केन्द्रों में किया गया। शिक्षक पात्रता परीक्षा जिले में दोनों पालियों में कुल 18845 परीक्षार्थी शामिल हुए। प्रथम पाली में 8071 परीक्षार्थी में से 7022 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, वहीं द्वितीय पाली में 13179 परीक्षार्थी में से 11823 परीक्षार्थी शामिल हुए।

वनांचल में एकल विद्यालय वन यात्रा का हुआ आयोजन

नगरी / नवप्रदेश।/ वन बंधु परिषद, फ्रेंड्स ऑफ ट्रायवल्स समिति रायपुर चैप्टर द्वारा नगरी सिहावा वनांचल के एकल विद्यालय गांव भीरागांव में एवं महानदी दर्शन वन यात्रा का आयोजन किया गया। ऐसा बहुत कम ही होता है कि संपन्न शहरी समाज सुदूर वनांचलों में रहने वाले अपने वानप्रस्थी पूर्वजों के वंशजों से मिलने उनके घर जाते हों। युगदृष्टा स्वामी विवेकानंद जी के भारतीय समाज को स्पष्ट संदेश कि अगर बच्चे अध्ययन हेतु विद्यालयों तक नहीं पहुंच सकते तो विद्यालयों एवं शिक्षकों को उन तक पहुंचना होगा । इसी बात को चरितार्थ करता यह संगठन सब के सहयोग से ही यह कार्य कर पा रहा है । यात्रा का प्रथम विश्राम बजरंग चौक नगरी में हुआ जहां एकल संच नगरी के साथियों ने छत्तीसगढ़ के कौने-कौने से पहुंचे सेवाभावी वन यात्रियों का स्वागत पुष्पवर्षा व तिलक लगा कर किया । वनयात्रा मुख्य अतिथि उद्योगपति विरेन्द गोयल रायपुर, प्रकल्प सह प्रभारी दीपक भीमसरिया, दिव्यम अग्रवाल अध्यक्ष युवा समिति, अमित अग्रवाल सहसचिव, चंदन जैन सचिव. उपाध्यक्ष अनीता खंडेलवाल, तरुण -मीना अग्रवाल, पूजा जैन, जानकी गुप्ता धमतरी अक्ष्यक्ष, पूनम खंडेलवाल, बृजेश खंडेलवाल, अनिल अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, युवा उद्यमी गोविन्द, कबीर चंद्राकर, रुचि, गौरव अग्रवाल आदि।

महिला सुरक्षा अपराधों की रोकथाम के लिए महिला रक्षा टीम का शुभारंभ

कांकेर/ नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के आते ही कांकेर जिले में सट्टा जुआ खुडखुड़ी अवैध शराब पर जबरदस्त बंद होने से जिला का माहौल बदलता दिख रहा है।

अब महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस कप्तान ने एक अभिनव पहल करते हुए महिला रक्षा टीम का किया गया शुभांरभ किया गया है।

01 फरवरी को पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक राखेचा के निर्देशानुसार आकाश श्रीश्रीमाल एएसपी भानुप्रतापपुर दिनेश कुमार सिन्हा एएसपी कांकेर के मार्गदर्शन में सुश्री प्रतिभा लहरे डीएसपी बाल विरूद्ध अपराध अन्वेषण सुश्री विंकेश्वरी पिंदे डीएसपी (मुख्यालय) की उपस्थिति में महिलाओं की सुरक्षा सुगमता, सम्मान एवं सशक्तिकरण को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिले में महिला रक्षा टीम का शुभारंभ किया गया है।कांकेर पुलिस का अभिनव पहल का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, उनके विरुद्ध घटित अपराधों की रोकथाम, उन्हें त्वरित सहायता प्रदान करना और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित कराना है।महिला रक्षा टीम द्वारा स्कूल कॉलेज एवं छात्रावास एवं अन्य स्थलों में पेट्रोलिंग कर महिलाओं व बालिकाओं को अभिव्यक्ति ऐप के माध्यम से ऑनलाइन एवं शिकायत पेटी (एसएचई बॉक्स) के माध्यम से ऑफलाइन अपनी शिकायतों को दर्ज करने के संबंध में एवं उसके निराकरण के संबंध में जागरूक किया जाएगा। महिला रक्षा टीम द्वारा मेला/मड़ई/साप्ताहिक बाजार में शिविर लगाकर महिला सुरक्षा पर कार्यक्रम कराकर ग्रामीण एवं शहरी महिलाओं तथा बालिकाओं को घरेलू हिंसा गुड-टच बैड-टच बाल अपराध बाल विवाह बालश्रम बाल तस्करी पॉक्सो एक्ट बेटी बचाओ -बेटी पढाओं सायबर अपराधों से बचाव तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग सेल्फडिफेंस जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी।ईस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध किसी भी प्रकार की प्रताड़ना छेड़छाड़ हिंसा या अन्य अपराध की स्थिति में सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबर 94791-55925भी जारी किया गया है।

कांकेर पुलिस का अभिनव पहल...

सड़क हादसे में पिता और 2 साल के मासूम की मौत

✱ 48 घंटे भी नहीं हुआ सड़क सुरक्षा महीने के समापन को हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहा।

कांकेर/ नवप्रदेश। शनिवार की शाम 7से 8बजे के बीच ग्राम बेवर्ती मेले से लौट रहा हाटकोगेरा निवासी मंडावी परिवार की बस की चपेट में आने से पिता और मासूम बच्चे की मौत हो गई। सड़क दुर्घटना में मरने वाले मुकेश मंडावी 45 वर्ष उनका 2 साल का पुत्र खिलेंश मंडावी की दर्दनाक मौत हो गई।7 साल की लीशा मंडावी और 5साल की दुर्गेश्वरी मंडावी की दोनों घायल का इलाज ज़िला अस्पताल मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

सड़क हादसे में तेज रफ़्तार से आ रही बस ने मोटर साइकिल में सवार मंडावी परिवार की खुशियां छीन ली।

सड़क सुरक्षा महीने समापन के 48 घंटे भी पूरे हुए नहीं और दर्दनाक हादसे ने खोल दी पोल -बता दे कि यातायात पुलिस और परिवहन विभाग मिलकर एक महीने तक कांकेर जिले में सड़क सुरक्षा महीना चलाया गया । जिसमें एक महीने तक तेज रफ़्तार तेज़ आवाज़ हॉर्न से लेकर बिना हेल्मेट बिना कागज़ वाहन नहीं चलाने को लेकर जोरदार अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया गया। लेकिन यातायात पुलिस की एक महीने तक चली तमाम कोशिशों की बात करे तो बेलगाम बस वाले नियंत्रण खोकर दोपहिया वाहन वालों को मौत की घाट उतारकर सड़क सुरक्षा महीने की पोल खोल दी है।

शहर के मस्जिद चौक में रोजाना लग रहा जाम..

शहर की यातायात व्यवस्था की बात करे तो यातायात व्यवस्था भी नियंत्रण से बाहर हो चुका है। शहर के सबसे व्यस्ततम रोड मस्जिद चौक और शीतलापारा रोड में लंबी लंबी गाड़ियों की कतार से रोड तकरीबन 15 मिनट तक जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। पुराना बस स्टैंड में शुरुआत में चुने लगाकर पार्किंग बनाया गया था। लेकिन आज की स्थिति फिर वही बेतरतीब तरीके से खड़ी वाहनों के कारण पुराना बस स्टैंड में रोजाना जाम की स्थिति बन रही है।दुकानदार से लेकर आमजन रोजाना के जाम से खासे परेशान होते दिख रहे हैं।

मुख्यालय में यातायात पुलिस की व्यस्था पूरी तरह चरमराई...

जिला मुख्यालय में यातायात व्यवस्था की बात करे तो बेलगाम बसों पर नियंत्रण फेल हो चुका है। बस वालो की जहां जिस जगह मर्जी वहां रोक कर सवारी चढ़ाते या उतराते दिखते है। पार्किंग/नो पार्किंग नियम की धज्जियां उड़ाते हुए बस वाले बेलगाम शहर के भीतर आवागमन करते है लेकिन यातायात पुलिस के जवान खड़े महज तामशानबीन मूक दर्शक बनी रहती है!

920 नग गोवा शराब के साथ दो सप्लायर गिरफ्तार

कांकेर/ नवप्रदेश। पखांजूर पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब परिवहन करने वाले 3 आरोपी ताहिर अंसारी पिता इरसाद उम्र 25 वर्ष निवासी शास्त्री नगर मिलाई जिला दुर्ग एवं यश बोपचे पिता लिलेश्वर उम्र 18 वर्ष निवासी मिलाई सेक्टर 7 जिला दुर्ग को गिरफ्तार किया है।एक आरोपी नाबालिग बताया जा रहा है। दरअसल जिस स्कॉर्पियो वाहन में अंग्रेजी शराब की तस्करी की जा रही थी।

वह सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त मिली थी इसी क्षतिग्रस्त वाहन की जांच पड़ताल किए जाने पर 920 नग गोवा कुल 165.6 लीटर अंग्रेजी शराब कीमती करीबन एक लाख दो हजार एक सौ बीस रू एवं सफेद रंग की स्कॉर्पियों वाहन जप्त किया गया था। पखांजूर पुलिस ने बताया की वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में 23 जनवरी 2026 को स्कार्पियो वाहन के चालक द्वारा अपनी वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चत्ताकर एक्सीडेंट करके फ रार, अज्ञात आरोपी के विरुद्ध बाना सौटी कोतवाली कांकेर में अपराध क्रमांक 36/2026 बारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान एक्सीडेंट में क्षतिग्रस्त वाहन स्कार्पियो की तलाशी के दौरान कुल 920 नग गोवा अंग्रेजी शराब एवं स्कार्पियो वाहन को जप्त कर थाना कांकेर पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के संबंध में लगातार पता तलाश करते हुए मुखबीर की सुचना के आधार पर बताए स्थान में जाकर घेराबंदी कर आरोपी 1. यश बोपचे 2.ताहिर खान एवं विधि से संघर्षरत बालक को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अपराध घटित करना कबूल करने पर 31 जनवरी 2026 को गिरफ्तार कर विधिवत कार्यवाही कर उक्त आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।स्कार्पियो वाहन चालक के द्वारा दिनांक घटना को एक्सीडेंट होने से वो व्यक्तियों की मृत्यु एवं अन्य कई लोग घायल हुए थे। जिस पर थाना सीटी कोतवाली कांकेर में अपराय क्रमांक 35/2026 पंजीबध्द कर पृथक से विवेचना की जा रही है।

केंद्रीय बजट 2026: स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा

स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जताया आभार

एमसीबी / नवप्रदेश।/ केंद्रीय बजट 2026 को चिकित्सा और स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक बताते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि यह बजट देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत, आधुनिक और सर्वसुलभ बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए लिए गए दूरदर्शी निर्णयों पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया।स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बजट में औषधि प्रशिक्षण शालाओं की स्थापना का निर्णय दवा निर्माण और गुणवत्ता सुधार में अहम भूमिका निभाएगा। आयुष सेक्टर को सशक्त करते हुए तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थानों की स्थापना से पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को वैश्विक पहचान मिलेगी। कोविड-19 के बाद आयुर्वेद को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिली स्वीकार्यता को ध्यान में रखते हुए आयुर्वेद उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कई ठोस कदम उठाए जाएंगे।

बजट में केयर इकोसिस्टम को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया है। भारत को मेडिकल टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से राज्यों को सहयोग देकर देश में पांच रीजनल मेडिकल टूरिज्म हब स्थापित करने की योजना प्रस्तावित की गई है। इससे न केवल स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा, बल्कि रोजगार और निवेश के नए अवसर भी सृजित होंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं को अपग्रेड किया जाएगा तथा बायोफार्मा सेक्टर में 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश का प्रावधान किया गया है। बायोफार्मा मैन्युफैक्चरिंग हब विकसित करने पर भी विशेष जोर रहेगा, जिससे गंभीर बीमारियों की दवाइयां सस्ती होंगी और देश आत्मनिर्भर बनेगा।

बजट में जिला अस्पतालों की क्षमता बढ़ाने और उन्हें आधुनिक सुविधाओं से लैस करने का निर्णय लिया गया है।

कांकेर की बेटी शिवानी मिश्रा ने बीएसएफ की 44 हफ्ते की ट्रेनिंग पूरी कर घर लौटने पर हुआ भव्य स्वागत

कांकेर/ नवप्रदेश।1 फरवरी के दिन जिले के लिए गौरव भरा रहा,कांकेर के वरिष्ठ पत्रकार और सर्व ब्राह्मण समाज के संरक्षक डॉ दिनेश मिश्रा की पुत्री शिवानी मिश्रा ने भारतीय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की 44 सप्ताह की कठिन और अनुशासित ट्रेनिंग सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली है,पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी स्थित बीएसएफ प्रशिक्षण केंद्र बैकुंठपुर में प्रशिक्षण पूरा करने के बाद 31 जनवरी को पीओपी(दीक्षांत समारोह) में देश की रक्षा का शपथ ग्रहण के पश्चात आज 01 फ रवरी को अपने गृहनगर श्रीरामनगर पहुँचने पर परिवार के लोग और वार्डवासियो ने शिवानी मिश्रा का ढोल-नगाड़ों,पटाखों के साथ भव्य स्वागत किया।एसएससी जीडी के माध्यम से बीएसएफ के लिये शिवानी मिश्रा का चयन हुआ था। देश सेवा के लिए चयनित इस बेटी का उत्साहपूर्वक अभिनंदन किया गया। गौरतलब है कि शिवानी मिश्रा एनसीसी की सी सर्टिफिकेट प्राप्त एक अच्छी कैडेड व उत्कृष्ट विद्यार्थी रही हैं,एमएससी तक की सम्पूर्ण शिक्षा कांकेर में ही पूरी करने के बाद शिवानी मिश्रा का चयन भारतीय सीमा सुरक्षा बल के लिये हुआ,20 जनवरी 2025 को प्रशिक्षण के लिये सिलीगुड़ी के बीएसएफ बैकुंठपुर प्रशिक्षण केंद्र में 44 सप्ताह के कठिन,अनुशासित प्रशिक्षण पूरा कर देश सेवा के लिए स्वयं को समर्पित करने के बाद कांकेर पहुँची शिवानी मिश्रा ने कहा कि मेरी यह सफ लता मेरे माता-पिता,भाइयों व परिवारजनों के सहयोग और आशीर्वाद का परिणाम है। देश सेवा का जज्बा,कठोर परिश्रम,नियमित अभ्यास से ही सफ लता मिलती है,सफलता का कोई शॉर्टकट नही होता है,सफल होने के लिये लक्ष्य निर्धारित होना बहुत आवश्यक है।अवकाश उपरांत वे शीघ्र ही बीएसएफ हेडक्वार्टर में जॉइन करेंगी।कांकेर जिले की इस होनहार बेटी की उपलब्धि पर जिले व नगर में हर्ष और गर्व का माहौल है,और युवाओं के लिये प्रेरणा का प्रतीक बनी शिवानी मिश्रा ने देश की सेवा के लिये युवावर्ग को सेना में शामिल होकर मातृभूमि के ऋण से उऋण होने का आह्वान किया है। बेटियों के आगे बढ़ने पर नागरिकों में हर्ष व्याप्त है। शिवानी मिश्रा की इस उप्लाब्धि के लिये छग हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत,टिनकेश्वर तिवारी,यजुवेंद्र सिंह ठाकुर,पवन सेन,श्रीमती दमयंती राजपूत,श्रीमती भावना हड़प,मनोज सिंह राजपूत,सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दीपक मुखर्जी,बलराम भट्ट,डॉ दुर्गेश अवस्थी,राकेश शर्मा,सत्यप्रकाश शर्मा,शांतनु भट्टाचार्य,केतन व्यास,मयंक हड़प,नीरज सिंह,प्रवीण सिंह राजपूत,राजेश मंडावी,शिवा मंडावी,डॉ राकेश सोनी,हेमेंद्र साहसी आदि सभी शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

15 किलो से अधिक गांजा के साथ तीन अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

✱ 7.75 लाख रुपये के गांजा सहित 12.95 लाख रुपये की मशरुका जप्त

कवर्धा / नवप्रदेश।/। जिले में मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाने के लिए कबीरधाम पुलिस द्वारा लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना चिल्फी पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए अंतरराज्यीय गांजा तस्करी के एक संगठित नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 15 किलो 480 ग्राम अवैध गांजा के साथ तीन अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। जप्त गांजा की कीमत लगभग 7.75 लाख रुपये आंकी गई है, वहीं कुल जप्त मशरुका की कीमत 12.95 लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना चिल्फी क्षेत्र में 31 जनवरी 2026 को सघन वाहन चेकिंग एवं निगरानी अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक संदिग्ध टाटा जेस्ट कार को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन में रखे तीन पिट्ठू बैगों से 15 पैकेट गांजा बरामद किया गया, जिसका कुल वजन 15.480 किलोग्राम पाया गया।

मौके पर ही तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें अंतरराज्यीय स्तर पर संचालित गांजा तस्करी के नेटवर्क का खुलासा हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि महताब अहमद और मो. रासिक उड़ीसा के सोनपुर से बस या ट्रेन के माध्यम से गांजा लेकर रायपुर आते थे।

रायपुर निवासी इमाम खान, जो टैक्सी परमिट वाहन चालक है, पूर्व निर्धारित योजना के तहत गांजा को अपने वाहन से हमीरपुर (उत्तरप्रदेश) ले जाता था, जहां इसे छोटी-छोटी पुड़ियों में बेचकर अवैध मुनाफा कमाया जाता था। आरोपियों ने यह भी स्वीकार किया कि इससे पहले भी इसी तरीके से तस्करी की जा चुकी है।

गिरफ्तार आरोपी

इमाम खान, पिता वाहिद खान, उम्र 40 वर्ष, निवासी सिचौली पुरवा (पानी टंकी के पास), वार्ड-19, मौदहा, जिला हमीरपुर (उ.प्र.)

महताब अहमद, पिता इकबाल अहमद, उम्र 25 वर्ष, निवासी हिमौली, तहसील मौदहा, जिला हमीरपुर (उ.प्र.)

मो. रासिक, पिता मो. रजा उर्फ राजू, उम्र 29 वर्ष, निवासी अशोक विहार फेस-3, शीतला कॉलोनी, गुरुग्राम (हरियाणा), हाल पता मौदहापारा, रायपुर

जप्त सामग्री

टाटा जेस्ट कार -अनुमानित कीमत 5,00,000 रुपये

गांजा 15.480 किलोग्राम - जकीमत 7,75,000 रुपये

तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन - कुल कीमत लगभग 20,000 रुपयेइस प्रकार आरोपियों के संयुक्त कब्जे से कुल 12.95 लाख रुपये की संपत्ति जप्त की गई।

पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में थाना चिल्फी प्रभारी निरीक्षक लालजी सिन्हा के नेतृत्व में टीम की सतर्कता और सक्रियता निर्णायक रही। अभियान में सउनि दर्शन साहू, आरक्षक 553 पंकज यादव, 164 अमन वाहने, 07 दिलीप जायसवाल, 472 सुनील मरावी एवं 159 पप्पू पनागर का विशेष योगदान रहा।

फिलहाल आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। साथ ही तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है।

किसानों की आय बढ़ाने वाला बजट, ग्रामीण विकास को देगा नई दिशा : सचिन सिंह बघेल

✱ कहा – कृषि आय बढ़ाने, रोजगार सृजन और आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देने वाला दूरदर्शी बजट

राजनांदगांव / नव प्रदेश। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट की जमकर सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह बजट किसानों, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए इस बजट में कृषि, रोजगार और तकनीकी नवाचार को प्राथमिकता दी गई है जिससे देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

श्री बघेल ने आगे कहा कि केंद्रीय बजट में किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। कृषि क्षेत्र में निवेश बढ़ाने, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, आधुनिक कृषि तकनीक के उपयोग और फसल विविधीकरण पर जोर दिया गया है। इससे किसानों की उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और उन्हें उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि बजट में ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए जो योजनाएं घोषित की गई हैं, उससे गांवों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। ग्रामीण आधारभूत संरचना, सड़क, बिजली, भंडारण और सहकारी संस्थाओं को मजबूत करने के लिए किए गए प्रावधान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती देंगे। बजट में युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। स्टार्टअप, स्वरोजगार और छोटे-मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहन देने से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। बजट में डिजिटल बैंकिंग, आधुनिक तकनीक और नवाचार को बढ़ावा देने के प्रावधान सहकारिता और बैंकिंग क्षेत्र के लिए भी लाभकारी सिद्ध होंगे। इससे किसानों और आम नागरिकों को बैंकिंग सेवाएं और अधिक आसान व सुलभ होंगी। अंत में उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने वाला है।

न्यूज गैलरी

मुंगेली में रितेश वाधवा बने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष

मुंगेली/नवप्रदेश। रितेश वाधवा भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष बनें। भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यालय से जारी सूचना के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा में जिलाध्यक्ष पद की घोषणा की गई है। जिले के लिए रितेश वाधवा को अल्पसंख्यक मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पार्टी संगठन ने रितेश वाधवा की सक्रिय कार्यशैली, संगठन के प्रति समर्पण और समाज के विभिन्न वर्गों से उनके मजबूत संपर्क को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। संगठन का मानना है कि उनके नेतृत्व में अल्पसंख्यक मोर्चा जिले में पार्टी को और अधिक मजबूत करेगा तथा केंद्र और राज्य से कार की योजनाओं को जनहितैषी अल्पसंख्यक समाज तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगा। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष, रितेश वाधवा ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

भारतीय युवा कांग्रेस ने एनओबी कार्यक्रम का किया आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा राष्ट्रीय पदाधिकारी एनओबी कार्यक्रम को लेकर नगर में कार्यक्रम का आयोजन किया। युवा कांग्रेस सह प्रभारी शहजाद आलम अंसारी ने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं को संविधान के मूल्यों के साथ जोड़ते हुए एक सशक्त, जागरूक और जिम्मेदार नेतृत्व तैयार करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। जिला अध्यक्ष राजेश छैदईया ने बताया कि भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा शुरू किया गया। कार्यक्रम उन युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है जो लोकतंत्र, संविधान और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के साथ राजनीति में आगे आना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल पद पाने का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं को विचारधारा, नीति और जनसेवा से जोड़ने का अभियान है। कार्यक्रम के तहत युवा कांग्रेस के पदाधिकारी, निर्वाचित जनप्रतिनिधि, जनआंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले कार्यकर्ता एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पदाधिकारी अनुमति अनुसार आवेदन कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं योग्यता आधारित होगी।

किसानों को राहत, इको-टूरिज्म को बढ़ावा: बजट से मुंगेली में उम्मीद और टीस दोनों

केंद्रीय बजट 2026: मुंगेली को कृषि और ग्रामीण विकास की सौगात, रेल कनेक्टिविटी पर फिर मायूसी

मुंगेली/नवप्रदेश। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट 2026 ने छत्तीसगढ़ के कृषि प्रधान जिले के लिए उम्मीदों और कुछ पुरानी टीस का मिला-जुला परिणाम दिया है। बजट के केंद्र में गांव, गरीब और किसान रहने के कारण मुंगेली के ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह है, लेकिन शहरी बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी के मोर्चे पर जिला अब भी बड़े तोहफे का इंतजार कर रहा है।

क्या पाया: मुंगेली के खाते में आई ये बड़ी उपलब्धि-अन्नदाता को संबल मुंगेली जिला अपनी धान और सब्जी उत्पादन के लिए जाना जाता है। बजट में कृषि डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर और नए भंडारण केंद्रों के लिए फंड मिलने से यहाँ के किसानों को फसल बर्बाद होने से बचाने और सही दाम पाने में मदद मिलेगी।

अचानकमार टूरिज्म को नई पहचान- ईको-टूरिज्म के लिए केंद्रीय आवंटन में बढ़ोतरी से अचानकमार टाइगर रिजर्व में पर्यटकों के लिए सुविधाएं बढ़ेंगी। इससे मुंगेली के स्थानीय युवाओं को गाइड, होमस्टे और हॉस्पिटलिटी क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

पीएम आवास (ग्रामीण) का बड़ा लक्ष्य- जिले के हजारों बेघर परिवारों के लिए पीएम आवास योजना 2.0 प्रतिशत के तहत पक्के मकानों का रास्ता साफहो गया है। इससे न केवल रहने की स्थिति सुधरेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर निर्माण सामग्री और मजदूरी के क्षेत्र में भी उछाल आएगा।

क्या खोया: मुंगेली की वे मांगें जो अधूरी रह गईं-रेल कनेक्टिविटी का सिग्नल फेल मुंगेली वासियों की दशकों पुरानी मांग बिलासपुर-मुंगेली-कवर्धा-डोंगरगढ़ रेल लाइन को लेकर इस बजट में भी कोई बड़ी घोषणा नहीं हुई। रेल मार्ग न होने से जिले का औद्योगिक विकास आज भी कछुआ गति पर है।

बड़ा औद्योगिक निवेश- जिले में कोई बड़ी फैक्ट्री या एग्रो-प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने के लिए विशेष पैकेज की उम्मीद थी, जो इस बार भी पूरी नहीं हो सकी। युवाओं को अब भी उच्च शिक्षा और रोजगार के लिए बिलासपुर या रायपुर का रुख करना होगा।

शिक्षा और कौशल विकास- आईटीआई का उन्नयन मुंगेली के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को नई तकनीक के अनुसार अपग्रेड करने का प्रावधान है। एकलव्य विद्यालयः जिले के जनजातीय बहुल क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए केंद्रीय फंड से अतिरिक्त सुविधाएं दी जा रही हैं।

बजट : प्रमुख प्रतिक्रियाएं

भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी नें जमकर सराहा, और इसे समावेशी सभी वर्गो का ध्यान रखने वाला बजट बताया यह बजट आने वाले समय में अर्थव्यवस्था बनाए रखने के लिए नीव रखा गया है बजट में युवा और महिलाओं वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया है विकसित छत्तीसगढ़ का रोडमैप बताया। केशरवानी ने कहा कि बजट में ज्ञान पर फोकस राज्य की समृद्धि सुनिश्चित करेगा। किसानों के खाद पर सब्सिडी जारी रहने और धान खरीदी की व्यवस्था पर संतोष जताया है।

कांग्रेस के जिला अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने इसे निराशाजन और मुंगेरीलाल के हसीन सपने करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले के लिए विशेष पैकेज और बेरोजगारी दूर करने के ठोस उपायों की कमी है।

चेम्बर ऑफकॉमर्स अध्यक्ष नरेन्द्र कोटडिया नें इस बजट की सराहना करते हुए इसे संतुलित बजट बताया है, कोटडिया ने कहा की व्यापारिक संगठनों ने के लिए घोषित सुधारों और बुनियादी ढांचे पर निवेश का स्वागत किया है।

पूर्व भाजपा शहर अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह ठाकुर नें केंद्रीय बजट देश को विकास, आत्मनिर्भरता और समावेशी प्रगति की दिशा में मजबूती से आगे ले जाने वाला है। यह बजट किसान, युवा, महिला, मध्यम वर्ग और गरीब कृसबके सशक्तिकरण का स्पष्ट रोडमैप देता है। इन्फ्रास्ट्रक्चर, रोजगार सृजन, स्टार्टअप और डिजिटल इंडिया पर जोर भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प दर्शाता है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में यह बजट नए भारत की मजबूत नींव रखता है भाजपा सरकार जनहित के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

कांग्रेस नेता विधायक प्रत्यासी संजीत बनर्जी ने उद्योगपतियों को बढावा देने वाला बजट बताया उन्होने कहा की केन्द्रीय राज्य मंत्री होने के बाद भी मुंगेली को रेलवे नेटवर्क से जोड़ने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गया और जिले वासियों को फिर से छला गया है इस बजट को झुनझुना बताते हुए कहा की मुंगेली में प्रस्तावित किसी विशेष सड़क परियोजना या अचानकमार टाइगर रिजर्व के विकास कार्यों को भी दरकीनार किया गया है।

केन्द्रीय मंत्री सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट की सराहना करते हुए पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक ने कहा की जिले का एक बड़ा हिस्सा अचानकमार टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आता है। ईको-टूरिज्म का केंद्रीय बजट में स्थायी पर्यटन पर जोर दिया गया है। अचानकमार में बुनियादी सुविधाओं के विकास और स्थानीय समुदायों को गाइड व होमस्टे के रूप में रोजगार देने के लिए फंड आवंटित किया गया है वन्यजीव संरक्षण वन गलियारों की सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग बढ़ाया जाएगा, जो सराहनीय है।

जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता उमाशंकर साहू ने कहा की केन्द्रीय वित मंत्री द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट युवा शक्ति बजट है जिसमें आर्थिक विकास को गगि देने उद्योगों को मजबुत करनें जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है। साथ ही ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य के रूप में मेडिकल हब विकसित करने की योजना है साथ ही केंसर कि 17 प्रकार कि दवाईयों की कीमत कम की गई।

तेज रफ्तार बाईक सवार ने दूसरे बाइक को मारी ठोकर महिला की मौत, मामला दर्ज

लखनपुर/नवप्रदेश। ग्राम सीगीटिना पेट्रोल पंप के सामने एक तेज़ रफ़्तार बाईक सवार ने दूसरे मोटर साइकिल को जबरदस्त ठोकर मार दी जिससे सवार महिला की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक दशमेत राजवाड़े पति देवप्रसाद राजवाड़े ग्राम पीपरखार अपने नातिन दामाद शिवप्रकाश के साथ 31 जनवरी 26 को मटर बेचने ग्राम सीगीटाना गए हुए थे। शाम तकरीबन छः बजे पंप में पेट्रोल भराने जा रहे थे तभी राष्ट्रीय राजमार्ग 130 अम्बिकापुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात बाइक सवार ने सामने जा रही मोटरसाइकिल को जबरदस्त ठोकर मार दिया जिससे नातिन दामाद शिवप्रकाश राजवाड़े के साथ मोटर साइकिल में सवार महिला दशमेत राजवाड़े दूर जा गिरी जिससे उसके सिर एवं चेहरे में गंभीर चोट लगी। डायल 112 की मदद से दोनों मजरूह दशमेत राजवाड़े तथा दामाद शिवप्रकाश को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखनपुर लाया गया।

खनिज राजस्व एवं पुलिस गठित टीम ने अवैध कोयला उत्खनन परिवहन पर होगी कार्रवाई

लखनपुर/नवप्रदेश। तीनों कमान खनिज राजस्व एवं पुलिस महकमा की चुप्पी के वजह से क्षेत्र में नाजायज़ कोयला उत्खनन परिवहन का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। यह चर्चा आम है।

अवैध कोयला चोरी के शिकायत पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) वंश सिंह नेताम ने एक चर्चा में कहा कि - अवैध कोयला उत्खनन परिवहन की शिकायत लगातार आ रही है।

इसके रोकथाम के लिए खनिज राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर अवैध कोयला तस्करी में संलिप्त सौदागरों पर सख्त कार्यवाही किया जायेगा। दरअसल लखनपुर थाना क्षेत्र के अमेरा खुली खदान सहित आसपास के कोयलांचल में नाजायज़ कोयला तस्करी का कारोबार अर्से से जोरों पर है। कोल माफिया जिम्मेदारों से सांठगांठ बना जेसीबी मशीन से घुनघुटटा नदी किनारे गढ्ढे खोद अवैध क़ोयला निकाल एकतरित कर बाइक से परिवहन कर आसपास के चिमनी एवं गमले ईंट भट्टो में कोयला खपा कर मोटी कमाई कर रहे हैं। प्रतिदिन शासन को लाखों का क्षति पहुंचाया जा रहा है। विभागीय अनदेखी लापरवाही के कारण अवैध कोयले की तिजारत सौदागरों द्वारा खुलेआम किया जा रहा है। बीते एक दो साल पहले पुलिस और खनिज विभाग ने मिलकर अवैध कोयला कारोबार में लिप्त लोगों को पकड़ कर अंकुश लगाने कोशिश किया था। कोयला निकाले जाने वाले तमाम ठिकानों को जेसीबी मशीन से पटवाया था लेकिन यह तरकीब नाकाम रही।

अवैध कोयला उत्खनन परिवहन का कारोबार बदस्तूर जारी रहा है। अवैध कोयला चोरी खुद साबित कर रहा है कि इसमें महकमा के कुछ जिम्मेदार चेहरे अप्रत्येक्ष रूप से शरीक है।

इज्जत दार सफेद पोश माहिर खिलाड़ी कोयला चोरी का खेल खेल रहे हैं बिगत कई साल दर साल से अवैध कोयला खनन परिवहन का खुला खेल यूं ही चल रहा है तस्कर नाक के नीचे से नाजायज़ कोयला तस्करी कर ले जा रहे हैं। अब जबकि राजस्व विभाग के उच्चाधिकारी सख्त कार्यवाही करने की बात कह रहे हैं तो आशा जगी है कि कोयला चोरी जैसे जुर्म पर जरूर विराम लगेगी। अथवा कार्यवाही के नाम पर महज खाना पूर्ति की जायेगी। वक्त आने पर ही मालूम हो सकेगा। सरगुजा जिले का लखनपुर थाना क्षेत्र में अवैध कोयला तस्करी जोरो पर है। कोयला तस्कर साठगांठ कर जेसीबी मशीन से नदी किनारे गड्ढे खोदकर कोयला निकाल कर बाइक से चिमनी भट्ठों में परिवहन कर मोटी कमाई कर रहे।दरअसल पूरा मामला गुमगरा खाल कछार का है। स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक नेताओं के संरक्षण और अधिकारियों से साठगांठ कोयला तस्कर स्थानीय युवक की सहायता से जेसीबी मशीन लगाकर नदी किनारे गड्ढा खुदवाकर कोयला का उत्खनन कराया जा रहा है। बाइकर्स गैंग की मदद से बाइक अवैध कोयला को गुमगरा कला, जमदई और नेवारडांड की चिमनी भट्ठों सहित अन्य ईट भट्ठों में कोयले को खपाया जा रहा है। प्रतिदिन शासन को लाखों रुपए का नुकसान पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। लंबे समय से इस क्षेत्र में कोयल का गोरख धंधा संचालित हो रहा है।

मंत्री तोखन साहू ने किया एनीकट का भूमिपूजन

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम बुधवारा में आगर नदी पर प्रस्तावित एनीकट निर्माण का भूमिपूजन आज केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू द्वारा किया गया। लगभग 3 करोड़ 37 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह 60 मीटर लंबा एनीकट क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों के लिए बहुआयामी लाभ लेकर आएगा।

एनीकट के निर्माण से ग्राम बुधवारा एवं दुल्लापुर के मध्य सुगम आवागमन सुनिश्चित होगा। साथ ही दोनों गांवों के बीच की दूरी भी कम होगी। इसके अतिरिक्त, गर्मी के मौसम में भू-जल रिचार्ज को बढ़ावा मिलेगा तथा ग्राम सेमरकोना से अमरटापू तक जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जिससे किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री श्री साहू ने कहा कि एनीकट निर्माण से बुधवारा एवं आसपास के गांवों में पानी की स्थायी उपलब्धता, सिंचाई रकबे में विस्तार तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। यह परियोजना किसानों की आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी। इस अवसर पर विधायक पुन्नूलाल मोहले, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम अजय शतरंज, सहित जनप्रतिनिधि, जल संसाधन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता हेमेन्द्र सिंह ने जानकारी दी कि एनीकट के निर्माण से लगभग 41 हेक्टेयर रबी एवं 41 हेक्टेयर खरीफ फसलों के सिंचित क्षेत्र में वृद्धि होगी।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी का बजट मे बयान

अंबिकापुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व मे राजनितिक स्थिरता के साथ, देश की जनता के आशीर्वाद के साथ सरकार मिशन 2047 विकसित भारत विजन पर काम कर रही है। सरकार लांग टर्म विषय पर काम कर रही है, मिड टर्म विषय पर काम कर रही है और ईयरली बजट के आधार पर काम कर रही है, उन्होंने कहा कि यह बजट गरीबी निवारण करने वाला बजट है और सभी सेक्टर का तेजी से आने वाले दिनों में विकास होगा. उन्होंने कहा कि मोदी सरकार गरीबों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने इस दौरान अभी कहा कि रेलवे में 11 साल के भीतर पूंजीगत हुए में भी वृद्धि हुई है। मोदी सरकार लगातार देश के विकास के लिए कार्य कर रही है।

संपूर्णता अभियान 2.0 का आकांक्षी ब्लाक में शुभारंभ

लखनपुर/नवप्रदेश। नीति आयोग द्वारा संचालित संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ सरगुजा जिले के आकांक्षी ब्लॉक लखनपुर में भव्य समारोह के साथ किया गया। इस अभियान का मकसद आकांक्षी जिलों एवं विकास खंडों में समग्र एवं संतुलित विकास सुनिश्चित करना तथा प्रमुख सामाजिक सूचकांकों में 100 प्रतिशत संतृप्ति (सैचुरेशन) प्राप्त करना है। यह कार्यक्रम जिला कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सरगुजा के नेतृत्व में तथा छत्तीसगढ़ केबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शशिकला विक्रम सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष सावित्री, एसडीएम वंश सिंह नेताम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लखनपुर प्रकाश सिंह, प्रवीण खलखो, देव कुमार गुप्ता, देव प्रसाद सिंह, आवास ब्लॉक कोर्डिनेटर शीनू पटेल, परियोजना अधिकारी, पशु चिकित्सक डॉ सफदर खान, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अलोक सिंह सहित लखनपुर जनपद के सर्व सरपंच, जनप्रतिनिधि, पशु सखियाँ, कृषि सखियाँ, पोषण सखियाँ आगनबाड़ी कार्यकर्त्ता, सेक्टर सुपर वाइजर विभागीय अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।अभियान अवधि--संपूर्णता अभियान 2.0 का संचालन 28 जनवरी 2026 से 14 अप्रैल 2026 तक किया जाएगा।अभियान के प्रमुख 06 संकेतक संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत आकांक्षी विकास खंड लखनपुर के लिए निम्नलिखित 06 प्रमुख संकेतक निर्धारित किए गए हैं–आईसीडीएस के अंतर्गत 6 माह से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को नियमित पूरक पोषण प्राप्त करने का प्रतिशत।कार्यरत आंगनवाड़ी केन्द्रों में कार्यशील शौचालय सुविधा वाले केन्द्रों का प्रतिशत।कार्यरत आंगनवाड़ी केन्द्रों में पेयजल सुविधा उपलब्ध केन्द्रों का प्रतिशत।बालिकाओं के लिए शौचालय सुविधा वाले विद्यालयों का प्रतिशत। खुरपका-मुंहपका रोग के विरुद्ध टीकाकरण किए गए गोवंशीय पशुओं का प्रतिशत।

व्यापार और समाज में योगदान के लिए मुंगेली के दो वरिष्ठ व्यापारी सम्मानित

मुंगेली/नवप्रदेश। चेंबर के वरिष्ठ सदस्य नारूमल आरतानी एवं प्रेमचंद लुनिया को छत्तीसगढ़ व्यापार रत्न अलंकरण से नवाजा गया। नगर के प्रमुख व्यापार जगत की दो दिग्गज हस्तियों को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए बिलासपुर में आयोजित एक भव्य गरिमामय समारोह में सम्मानित किया गया।

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स रायपुर एवं बी.एन.आई. बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित व्यापार और समाज में योगदान का सम्मान कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने बताया कि यह सम्मान केवल व्यापारिक सफलता का नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने और सामाजिक सरोकारों में सक्रिय भागीदारी निभाने का प्रतीक है। नारूमल आरतानी और प्रेमचंद लुनिया ने दशकों से व्यापारिक हितों की रक्षा और उद्योग जगत में नैतिकता के उच्च मानदंड स्थापित किए हैं। सम्मान समारोह में बिलासपुर और रायपुर के चेंबर ऑफ कॉमर्स के वरिष्ठ पदाधिकारी, बी.एन.आई. के सदस्य और बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य व्यापारी उपस्थित थे। सम्मानित होने के पश्चात दोनों वरिष्ठ सदस्यों ने आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें भविष्य में व्यापारिक जगत की सेवा के लिए और अधिक प्रेरित करेगा। इस उपलब्धि पर प्रदेश भर के व्यापारी संगठनों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

बजट

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जताया आभार

केंद्रीय बजट 2026 : चिकित्सा क्षेत्र को नई दिशा, स्वास्थ्य सेवाएं होंगी सशक्त

एमसीबी/नवप्रदेश। *केंद्रीय बजट 2026 को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक बताते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि यह बजट देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत, आधुनिक और सर्वसुलभ बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।*

उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए लिए गए दूरदर्शी निर्णयों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बजट में औषधि प्रशिक्षण शालाओं की स्थापना का निर्णय दवा निर्माण, गुणवत्ता सुधार और कुशल मानव संसाधन तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वहीं आयुष सेक्टर को सशक्त करने के उद्देश्य से तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थानों की स्थापना से पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को वैश्विक पहचान मिलेगी। कोविड-19 के बाद आयुर्वेद को मिली अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता को देखते हुए आयुर्वेद उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बजट में केयर इकोसिस्टम को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया है। भारत को मेडिकल टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने के लिए राज्यों के सहयोग से देश में पांच रीजनल मेडिकल टूरिज्म हब स्थापित किए जाएंगे। इससे स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के साथ-साथ रोजगार और निवेश के नए अवसर भी सृजित होंगे। बजट में औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं के उन्नयन और बायोफार्मा सेक्टर में 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश का प्रावधान किया गया है। साथ ही बायोफार्मा मैन्युफैक्चरिंग हब विकसित करने पर भी जोर रहेगा, जिससे गंभीर बीमारियों की दवाइयां सस्ती होंगी और देश आत्मनिर्भर बनेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि जिला अस्पतालों की क्षमता बढ़ाने और उन्हें आधुनिक सुविधाओं से लैस करने का निर्णय लिया गया है। सभी जिलों में आपातकालीन एवं ट्रॉमा सेंटर खोले जाएंगे। इसके साथ ही मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं पर भी विशेष फोकस रहेगा, जिससे आम जनता को बेहतर और त्वरित उपचार उपलब्ध हो सकेगा। पशु-चिकित्सा क्षेत्र को भी बजट में नई मजबूती दी गई है। इस क्षेत्र में पेशेवरों की संख्या बढ़ाने और निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए पूंजी सब्सिडी सहायता योजना लाई जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि बजट के तहत कैंसर की 17 दवाएं, शुगर सहित गंभीर रोगों की दवाएं तथा 7 दुर्लभ बीमारियों की दवाएं सस्ती की गई हैं, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को बड़ी राहत मिलेगी। मंत्री जायसवाल ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026 स्वास्थ्य सेवाओं को जनहितैषी, सुलभ और विश्वस्तरीय बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है, जिसका लाभ छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश की जनता को मिलेगा।

तागा प्राइमरी स्कूल में उल्लास नव साक्षर मेला उत्साह और उल्लास कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जांजगीर/नवप्रदेश। उल्लास नव साक्षर मेला कलेक्टर जनमेजय महोबे सीइओ गोकुल रावटे के कुशल निर्देशन एवं जिला डीपीओ विजया राठौर के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम ने नव साक्षरों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। शासकीय प्राथमिक शाला तागा में उल्लास नव साक्षर मेला उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभात फेरी से हुई, जिसके माध्यम से जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों को यह संदेश दिया गया। प्रभात फेरी के दौरान सभी अतिथियों का विद्यालय आगमन पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी बड़े-बुजुर्गों, महिलाओं एवं दाईयों का पुष्प एवं आत्मीय शब्दों से स्वागत किया गया। इसके पश्चात टी.एल.एम. (शिक्षण-अधिगम सामग्री) के माध्यम से रोचक ढंग से शिक्षण कराया गया। प्रतिभागियों से प्रश्न पूछे गए तथा सीखने की प्रक्रिया को आनंददायक बनाने के लिए कुर्सी दौड़ जैसी गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं।

हिमाचल में आज भारी बारिश-बर्फबारी के आसार

शिमला/धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। शनिवार को कुल्लू और लाहौल-स्पीति की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी हुई जबकि निचले क्षेत्रों में बादल छाए रहे। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने येलो अलर्ट जारी करते हुए रविवार को आठ जिलों किन्नौर, लाहौल-स्पीति, मंडी, चंबा, कुल्लू, शिमला, सोलन और सिरमौर के कई क्षेत्रों में भारी बारिश-बर्फबारी की चेतावनी दी है। मैदानी जिलों ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर और कांगड़ा में बारिश के साथ अंधड़ का अलर्ट जारी किया है। रविवार को कुल्लू, लाहौल-स्पीति और पांगी क्षेत्र में हिमखंड गिरने की चेतावनी भी जारी की गई है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते तीन फरवरी तक प्रदेश में मौसम खराब रहने का पूर्वानुमान है। शनिवार को राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में दोपहर तक मौसम साफ रहा और धूप खिली रही, लेकिन शाम होते ही मौसम ने करवट बदली और बादल छा गए। रविवार तड़के से प्रदेश में बर्फबारी शुरू होने के आसार हैं। इससे तापमान में गिरावट दर्ज होगी। प्रशासन ने लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने और मौसम अपडेट पर नजर बनाए रखने की अपील की है। उधर, शनिवार सुबह से ही कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिले में बादल छाए रहे। ऊंची चोटियों में हल्की बर्फबारी का दौर जारी रहा। चंबा जिले में बर्फबारी के बाद अभी भी लोगों की दुश्वारियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। बर्फबारी को सप्ताह से अधिक समय बीतने के बाद भी 115 गांवों में अंधेरा पसरा है। शनिवार को शिमला में अधिकतम तापमान 16.6, धर्मशाला में 19.0, ऊना में 22.6, नाहन में 20.7, सोलन में 20.5, कांगड़ा में 21.0, मंडी में 21.8 और मनाली में 9.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

वेनेजुएला का तेल खरीदेगा भारत : ट्रंप

वॉशिंगटन। वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत की थी। अमेरिकी की पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पर लिए गए एक्शन के बाद वेनेजुएला की भारत से यह पहली वार्ता की। अब इस कड़ी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तेल खरीद पर भारत को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि भारत पहले ही तेल खरीदने के लिए एक समझौता कर चुका है। डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि भारत ईरान से कच्चा तेल खरीदने के बजाए वेनेजुएला से तेल आयात करेगा। फ्लोरिडा जाते समय एयर फोर्स वन में मीडिया से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, 'हमने पहले ही समझौता कर लिया है। भारत इसमें शामिल हो रहा है और वह ईरान से तेल खरीदने के बजाए वेनेजुएला से तेल खरीदेगा। इसलिए हमने समझौते की रूपरेखा तैयार कर ली है।' इसी के साथ डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला का तेल खरीदने के लिए चीन से भी तेल खरीदने की अपील की। उन्होंने कहा कि चीन का स्वागत है, वे आएं और तेल पर एक शानदार डील करें। हमने पहले ही एक डील कर ली है। बता दें कि इससे पहले ट्रंप ने बताया था कि वेनेजुएला ने वॉशिंगटन को 52 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के 50 मिलियन बैरल तेल की पेशकश की है, और उन्होंने उस सौदे पर सहमति जताई है।

वेनेजुएला से तेल खरीदेगा भारत

उन्होंने आगे कहा, 'हमने पहले ही समझौता कर लिया है। भारत इसमें शामिल हो रहा है और वह ईरान से तेल खरीदने के बजाए वेनेजुएला से तेल खरीदेगा। हमने पहले ही समझौता कर लिया है। भारत इसमें शामिल हो रहा है और वे आ रहे हैं, हमने पहले ही उस समझौते पर सहमति बना ली है, समझौते की अवधारणा तैयार कर ली है।' फिलहाल भारत की ओर से अभी ट्रंप की टिप्पकी पर किसी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

ट्रंप के बयान पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा

इधर, ट्रंप के भारत के वेनेजुएला से तेल खरीदने के बयान पर कांग्रेस ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने केंद्र को घेरते हुए कहा कि अमेरिकी नेता हमारी अपनी सरकार ने जो किया है या करने वाली है, उसके बारे में जानकारी देना जारी रखे हुए हैं। कांग्रेस के संचार प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर ट्रंप की टिप्पणियों का ऑडियो साझा किया और कहा, 'उन्होंने हमें बताया था कि ऑपरेशन सिंदूर रोक दिया गया है। उन्होंने हमें बताया था कि भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया है। और अब यह।'

ऑनलाइन धोखाधड़ी में 36 भारतीयों समेत 2,000 गिरफ्तार

नोम पेन्ह(वार्ता)। कंबोडिया में ऑनलाइन धोखाधड़ी के खिलाफ नवीनतम कार्रवाई के दौरान कुल 2,044 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें 36 भारतीय भी शामिल हैं। यह जानकारी कंबोडियाई गृह मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने रविवार को दी। दक्षिणपूर्वी स्वे रींग प्रांत के बावेत शहर में 22 इमारतों वाले एक कैसिनो पर छापेमारी के दौरान आठ अलग-अलग देशों के संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार हुए कुल 2,044 विदेशी नागरिकों में 1,792 चीनी, 177 वियतनामी, 179 म्यांमारी, 30 नेपाली, पांच ताइवानी, एक मलेशियाई, दो लाओसी, 36 भारतीय और एक मैक्सिकन नागरिक हैं। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता टच सोखाक ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, यह वास्तव में दर्शाता है कि कंबोडियाई सरकार ऑनलाइन धोखाधड़ी में शामिल अपराधियों के खिलाफ अपनी कार्रवाई में कभी ढील नहीं देगी।

एनसीपी के विलय पर सस्पेंस बरकरार, शरद पवार मुंबई रवाना

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दोनों गुटों के संभावित विलय को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इसी बीच, एनसीपी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार रविवार सुबह बारामती से मुंबई के लिए रवाना हो गए, जबकि अजित पवार की पत्नी और नवनियुक्त उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार देर रात बारामती लौट आईं। शरद पवार अपने भतीजे और महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन के चार दिन बाद मुंबई के लिए रवाना हुए।

'12 फरवरी को होने वाला था विलय'

एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि उनके दिवंगत भतीजे अजित पवार ने 12 फरवरी को एनसीपी के दोनों गुटों के विलय की घोषणा करने की तारीख तय की थी। शरद पवार ने संकेत दिया कि अजित पवार के निधन के बाद अब एनसीपी और एनसीपी के बीच विलय प्रक्रिया में अड़चन आ सकती है।

शपथ लेने के बाद लौटीं सुनेत्रा

सुनेत्रा पवार ने शनिवार को मुंबई में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद पुणे जिले के बारामती स्थित अपने आवास लौट आईं। मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम और एनसीपी के दोनों गुटों के विलय को लेकर चल रही अटकलों के बीच यह अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है कि शरद पवार और सुनेत्रा पवार के बीच कोई मुलाकात या बातचीत हुई या नहीं। वहीं, शरद पवार की बेटी और बारामती से लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले शनिवार को बजट सत्र में भाग लेने के लिए दिल्ली रवाना हो गईं।

जयपुर की फैक्टरी में धमाका, ऑक्सीजन सिलेंडर में विस्फोट से दो की मौत

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर के विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार शाम एक भीषण हादसा हो गया। विश्वकर्मा थाना क्षेत्र के करणी विहार कॉलोनी, रोड नंबर 17 स्थित 'विल्सन क्रायो गैसेज' (सुपर गैस) फैक्टरी में ऑक्सीजन सिलेंडर भरने के दौरान जोरदार विस्फोट हुआ। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार, हादसा शनिवार शाम करीब 7:45 बजे हुआ, जब फैक्टरी में ऑक्सीजन सिलेंडरों की फिलिंग की जा रही थी। इसी दौरान अचानक एक सिलेंडर में विस्फोट हो गया।

धमाका इतना शक्तिशाली था कि फैक्टरी की टिनशेड की छत हवा में उड़ गई और एक दीवार पूरी तरह ढह गई। विस्फोट के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

हादसे में झारखंड निवासी मुन्ना राय की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। धमाके की तीव्रता इतनी अधिक थी कि उनके शरीर के चीथड़े उड़ गए।

गंभीर रूप से घायल फैक्टरी मैनेजर विनोद गुप्ता और कर्मचारी शिबू को तुरंत एंबुलेंस से SMS अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान विनोद गुप्ता ने भी दम तोड़ दिया।

पश्चिम बंगाल पुलिस में बड़ा फेरबदल, 22 आईपीएस के तबादले

कोलकाता। पश्चिम बंगाल सरकार ने पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल किया है। सरकार ने एक साथ 22 आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर उन्हें नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इस फेरबदल में कोलकाता के पुलिस कमिश्नर से लेकर कई जिलों के पुलिस अधीक्षक तक बदल दिए गए हैं। सबसे बड़ा बदलाव राज्य के पुलिस महानिदेशक पद पर हुआ है। राजीव कुमार के रिटायर होने के बाद वरिष्ठ अधिकारी पीयूष पांडे को कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया है। वहीं, सुप्रतिम सरकार अब कोलकाता के नए पुलिस कमिश्नर होंगे। इससे पहले वह दक्षिण बंगाल के एडीजी पद पर तैनात थे। कोलकाता के पूर्व पुलिस कमिश्नर मनोज कुमार वर्मा को अब राज्य का सुरक्षा निदेशक नियुक्त किया गया है। एसटीएफके एडीजी विनीत कुमार गोयल को अब एडीजी बनाया गया है। उन्हें भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो का अतिरिक्त प्रभार भी मिला है। दूसरी ओर, जावेद शमीम अब एसटीएफ के एडीजी होंगे और उनके पास इंटेलिजेंस ब्यूरो का अतिरिक्त जिम्मा भी रहेगा।

रोहित शेट्टी के घर के बाहर हुई फायरिंग, पकड़े गए आरोपी

मुंबई। मुंबई के जुहू इलाके में फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के घर के बाहर फायरिंग की घटना सामने आई है। जिस समय यह फायरिंग हुई, उस वक्त रोहित शेट्टी घर के अंदर ही मौजूद थे। घटना के बाद जुहू पुलिस मौके पर पहुंच गई है। गनीमत रही कि फायरिंग में कोई घायल नहीं हुआ है। मुंबई पुलिस के वरिष्ठ सूत्रों के अनुसार प्राथमिक जांच में सामने आया है कि फायरिंग करने वाला आरोपी केवल एक ही था। पुलिस ने इस मामले में रोहित शेट्टी का बयान भी दर्ज किया है।इसके बाद पुणे पुलिस ने भी चार आरोपियों को इसी मामले में पकड़ा है।

पुलिस ने घटना के बाद इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें आरोपी चलते हुए फायरिंग करता नजर आ रहा है। क्राइम ब्रांच के सूत्रों का कहना है कि इस मामले में गैंगस्टर लिंक की आशंका को भी ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। पुलिस हर पहलू से मामले की तफ्तीश कर रही है।

पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी की मदद से आरोपियों की तलाश कर रही है। फिलहाल इस मामले में तमाम एंगल से जांच की जा रही है। क्राइम ब्रांच के सूत्रों का कहना है कि रोहित शेट्टी के घर के बाहर हुई फायरिंग मामले में गैंगस्टर लिंक को भी खंगाला जा रहा है।

जांच के लिए क्राइम ब्रांच की 12 टीमें बनी

रोहित शेट्टी के घर के बाहर हुई फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। यह एफआईआर अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस और आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं में दर्ज की गई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए मुंबई पुलिस क्राइम ब्रांच को इस मामले की जांच सौंपी गई है। इस मामले में आरोपियों को पकड़ने के लिए क्राइम ब्रांच ने 12 टीमें बनाई गई हैं।

खेल, व्यापार एवं मनोरंजन

चांदी की कीमतों में तगड़ी गिरावट

नई दिल्ली। चांदी के भाव शुक्रवार को तेजी से गिरे, जिसका असर शनिवार को सराफा बाजार पर नजर आया। पूरे दिन चांदी के नए सौदे हुए ही नहीं और बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। कारोबारियों ने चांदी के सभी नए सौदे रोक दिए और देखो एवं इंतजार करो की नीति अपना ली है। बाजार में चांदी की जबरदस्त गिरावट से खलबली मची हुई है, जिस वजह से हाजिर बाजार में चांदी खरीद में हाथ डालने को कोई तैयार नहीं हुआ। बजट के बाद ही कारोबारी चांदी की खरीद बिक्री पर रुख करेंगे। चांदी के साथ ही सोने के दाम में भी गिरावट नजर आई। चांदी का दो दिन पहले भाव चार लाख रुपये को पार कर गया था, लेकिन एकाएक गिरावट ने सराफा कारोबारियों को एक पल के लिए भी चैन से नहीं बैठने दिया। एमसीएक्स पर चांदी के भाव पर दिन भर नजरें जमाए रहे।

दरअसल, चांदी के भाव एक साल में ही चार गुना से ज्यादा पहुंच गए। निवेशक सोने की जगह चांदी में निवेश कर रहे थे, लेकिन शुक्रवार की बड़ी गिरावट के बाद किनारी बाजार, नमक की मंडी, फाटक सूरजभान, शाहगंज बाजार समेत सराफा बाजार में शनिवार को चांदी की खरीद नहीं हुई। एमसीएक्स पर 2.92 लाख पर लोअर सर्किट लगामल्टीकमोडिटी एक्सचेंज पर शुक्रवार को चांदी 3.89 लाख रुपये से शुरू हुई थी, जो 2.92 लाख रुपये तक गिरी। लोअर सर्किट लगने के बाद चांदी के भाव देखकर कारोबारी सदमे में आ गए। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चांदी के भाव पर नजर डाली, लेकिन बार-बार उतार-चढ़ाव और चांदी के भाव में बड़े अंतर के कारण कारोबारी हिम्मत नहीं जुटा सके। शनिवार को एमसीएक्स बंद रहा, ऐसे में बजट पर सराफा कारोबारियों की निगाहें जमी हुई हैं। हाजिर बाजार में निवेशकों के साथ ग्राहक भी चांदी के भाव में गिरावट देखकर अभी इंतजार की मुद्रा में है। ग्राहकों को उम्मीद है कि चांदी में ऐसा ही एक झटका और आ सकता है। अध्यक्ष नितेश अग्रवाल ने बताया कि अभी तक चांदी में तेजी थी, लेकिन अब शुक्रवार के बाद कारोबारी नए सौदे नहीं कर रहे हैं। चांदी कभी भी बड़ा झटका दे सकती है, इसलिए अब नए सौदे रोककर बजट का इंतजार कर रहे हैं। श्री सराफा कमेटी के मंत्री देवेंद्र गोयल ने बताया कि बाजार में पूरे दिन सन्नाटा रहा है। ग्राहक क्या निवेशक तक नहीं खरीदने आए।

सूर्यकुमार यादव ने बतौर कप्तान एमएस धोनी को छोड़ा पीछे

नई दिल्ली। टी20 इंटरनेशनल में रोहित शर्मा ने जब साल 2024 का वर्ल्ड कप जीतने के बाद रिटायरमेंट का ऐलान किया था, उसके बाद सूर्यकुमार यादव को अगला कप्तान बनाए जाने का ऐलान किया गया। अभी तक उनके नेतृत्व में टीम इंडिया का घर और बाहर दोनों ही जगह शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है, जिसमें बिल्कुल भी आक्रामक खेल मैदान पर दिखा है। आगामी टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले भारतीय टीम ने घर पर न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज खेली जिसमें वह 4-1 से इसे जीतने में कामयाब रहे। वहीं आखिरी मैच को जब टीम इंडिया ने 46 रनों से अपने नाम किया तो उसी के साथ उन्होंने एक खास लिस्ट में टीम इंडिया के पूर्व कप्तान एमएस धोनी को पीछे छोड़ दिया। किसी भी टीम के लिए टी20 फॉर्मेट में आज के दौर में स्कोर डिफेंड करना बिल्कुल भी आसान काम नहीं रहता है, जिसमें गेंदबाज भी काफी दबाव में रहते हैं। भारतीय टीम जो टारगेट का पीछा करने के मामले में हमेशा से शानदार मानी जाती रही है, उन्होंने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में अब तक टी20 इंटरनेशनल में कुल 27 मैचों में से 21 में स्कोर को डिफेंड करने में सफलता हासिल की है। इसी के साथ सूर्यकुमार यादव अब टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा मैचों में बतौर कप्तान स्कोर डिफेंड करने के मामले में एमएस धोनी से आगे निकल गए हैं।

अनुराग ने किया 'टॉक्सिक' का बचाव

मुंबई। फिल्ममेकर अनुराग कश्यप ने यश की अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' के टीजर का सपोर्ट किया है। उन्होंने बताया कि टॉक्सिक के क्लिप के खिलाफ विरोध से पता चलता है कि दर्शक स्क्रीन पर पुरुष और महिला की सेक्सुअलिटी पर कैसे दोहरा रवैया अपनाते हैं। 17वें बेंगलुरु इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के दौरान 'फियरलेस फिल्ममेकिंग' नाम के एक सेशन में अनुराग कश्यप ने कहा, 'टॉक्सिक के टीजर के खिलाफ जो गुस्सा दिखाया जा रहा है, वह हमारे कल्चरल पाखंड को दिखाता है। जब मेल एक्टर स्क्रीन पर शर्टलेस दिखते हैं या मर्दानगी दिखाते हैं, तो कोई सवाल नहीं उठाता। लेकिन जब कोई महिला अपनी सेक्सुअलिटी को दिखाती है, तो उसे स्वीकार करना मुश्किल हो जाता है।'

बॉर्डर-2 के आगे दम नहीं दिखा पाई 'मर्दानी 3'

मुंबई। सिनेमाघरों में इन दिनों कई फिल्में चल रही हैं। इसमें 'मर्दानी 3', 'बॉर्डर 2' और 'मयसभा' शामिल हैं। दूसरे दिन 'मर्दानी 3' को वीकएंड का फायदा मिला है। वहीं 'बॉर्डर 2' के कलेक्शन में भी इजाफा हुआ है। सिनेमाघरों में पहले से चल रही 'बॉर्डर 2' ने शनिवार को नई रिलीज हुई फिल्म 'मर्दानी 3' से ज्यादा कलेक्शन किया है। आइए जानते हैं कि 'मर्दानी 3', 'बॉर्डर 2' और 'मयसभा' ने कितना कलेक्शन किया है।

30 जनवरी को सिनेमाघरों में रानी मुखर्जी की अदाकारी वाली फिल्म 'मर्दानी 3' ने दस्तक दी। पहले दिन का कलेक्शन 4 करोड़ रुपये रहा। दूसरे दिन फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला और इसने 6 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। फिल्म का टोटल कलेक्शन 10 करोड़ रुपये हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म का बजट 60 करोड़ रुपये है। बजट के हिसाब से फिल्म का कलेक्शन औसत है।

मर्दानी फ्रेंचाइजी का दूसरे दिन का कलेक्शन

बॉक्स ऑफिस पर दूसरे दिन 'मर्दानी' (2014) ने 4.70 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। 'मर्दानी 2' (2019) ने दूसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर 6.55 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। 'मर्दानी 3' ने दूसरे दिन 6 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है।

मोदी सरकार का आम बजट नई बोतल में पुरानी शराब, जनता को सिर्फ निराशा

बजट शेयर बाजार को भी ले डूबा: हरमेश चावड़ा

गरियाबंद/नवप्रदेश। मोदी सरकार का आम बजट पेश होते ही जनता और विशेषज्ञों की राय आना चालू हो गयी है वही काँग्रेस नेता और पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष हरमेश चावड़ा ने कहा कि बजट को लेकर जनता में निराशा का माहौल देखने को मिला। बजट का पूरा खाका यह संकेत दे रहा है कि सरकार एक बार फिर ऋ्रण लेने की तैयारी में है, लेकिन जनता को राहत देने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि उल्टे शेयर बाजार ने मोदी सरकार के बजट की दिशा और दशा दोनों बयां कर दी। बजट ऐसा की शेयर बाजार औंधे मुंह गिर पड़ा ।

उन्होंने कहा कि किसानों के लिए कोई नई योजना नहीं-कृषि क्षेत्र को इस बजट में पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया है। किसानों को राहत देने के लिए किसी भी तरह की ठोस योजना नहीं बनाई गई है। बेरोजगारों के लिए कोई समाधान नहीं-युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों का अभाव है। कोई नई योजना नहीं लाई गई, जिससे बेरोजगारी की समस्या और गंभीर हो सकती है। महंगाई से राहत के कोई संकेत नहीं - महंगाई कम करने को लेकर सरकार की गंभीरता इस बजट में कहीं नजर नहीं आई।

जनता को राहत देने के लिए कोई नई पहल नहीं की गई है। ऋ्रण पर निर्भरता बढ़ेगी - बजट के आकार से स्पष्ट हो रहा है कि सरकार एक बार फिर ऋ्रण लेने की योजना बना रही है, जिससे आने वाले समय में वित्तीय असंतुलन बढ़ सकता है।

गांव, गरीब, किसान और महिलाओं के सशक्तिकरण का बजट: प्रकाश सिन्हा

महासमंद/नवप्रदेश। आज प्रस्तुत बजट भाषण को जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा ने जनअपेक्षाओं के अनुरूप, दूरदर्शी और सर्वसमावेशी बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा और श्रमिक वर्ग को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है, जो विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ की नींव को और मजबूत करेगा। प्रकाश ने कहा कि बजट में ग्रामीण अधोसंरचना, सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, महिला एवं बाल विकास जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया है। इससे

न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी, बल्कि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण, बच्चों के पोषण व शिक्षा, किसानों की आय बढ़ाने, युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार सृजन से जुड़े प्रावधान इस बजट को जनकल्याणकारी बनाते हैं। पंचायत स्तर पर योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से गांवों में वास्तविक बदलाव देखने को मिलेगा। श्री सिन्हा ने विश्वास जताया कि इस बजट के माध्यम से जनपद पंचायतें शासन और जनता के बीच सशक्त सेतु के रूप में और प्रभावी भूमिका निभाएंगी तथा बसना अंचल सहित पूरे क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।

युवाओं के बेहतर भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने वाला ऐतिहासिक बजट : अमन

महासमुंद/नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष अमन वर्मा ने वित्त मंत्री सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट को ऐतिहासिक बताते हुए सभी वर्गों खासकर युवाओं के लिए बेहतर भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने वाला बजट करार दिया है। अमन ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बजट में गरीब, किसान, मजदूर, महिलाओं, युवाओं, छात्राओं सभी के लिए बेहतर प्रावधान किए गए हैं। बजट में 'युवा शक्ति' को अपनी प्राथमिकता बनाया गया है। वित्त मंत्री ने बेरोजगारी की समस्या को दूर करने और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई बड़े ऐलान किए हैं। जहां बेरोजगारों के लिए स्किलिंग और नई नौकरियों के द्वार खोले गए हैं। वहीं स्टार्टअप की चाह रखने वाले युवाओं के लिए भी बेहतर अवसर मिलेंगे। सेमीकंडक्टर क्रांति के तहत इस सेक्टर के लिए 40,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। चिप मैन्युफैक्चरिंग हब बनने से लाखों तकनीकी नौकरियों के अवसर पैदा होंगे।

हर वर्ग की उम्मीदों पर खरा उतरा केंद्रीय बजट : अंजू त्रिपाठी

आत्मनिर्भर, समृद्ध और विकसित भारत की दिशा में ऐतिहासिक पहल

डोंगरगांव/नवप्रदेश। नगर पंचायत अध्यक्ष डोंगरगांव अंजू त्रिपाठी ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट को देश के हर वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला और विकास को नई दिशा देने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूती प्रदान करते हुए विकसित भारत की नींव को और सशक्त करता है। अंजू त्रिपाठी ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट में गरीब, किसान, मजदूर, व्यापारी, उद्योगपति, कर्मचारी, अधिकारी एवं विद्यार्थियों सहित समाज के सभी वर्गों का संतुलित रूप से ध्यान रखा गया है। बजट में किए गए प्रावधान यह दर्शाते हैं कि सरकार की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि बजट में ग्रामीण भारत को विशेष प्राथमिकता दी गई है। कृषि, पशुपालन, रोजगार सृजन,

आवास, सड़क, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी योजनाएं गांवों की तस्वीर बदलने का काम करेंगी, जिससे किसानों और श्रमिक वर्ग की आय में वृद्धि होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि बजट में शहरी विकास को भी समान महत्व दिया गया है। आवास, परिवहन, जलापूर्ति, स्वच्छता और आधुनिक अधोसंरचना के विस्तार से शहरों का समग्र विकास होगा और नागरिकों को बेहतर जीवन सुविधाएं प्राप्त होंगी। अंजू त्रिपाठी ने अंत में कहा कि यह बजट मोदी सरकार की दूरदर्शी सोच, मजबूत नेतृत्व और विकास के प्रति प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।

विकसित भारत को गति देने वाला बजट : देवांगन

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। रविवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री किशोर देवांगन ने कहा कि बजट में देश को सशक्त, मजबूत व विकसित बनाने के साथ-साथ देशवासियों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने, मूलभूत सुविधाओं में वृद्धि करने व रोजगार के नये अवसर पैदा करने पर विशेष जोर दिया गया है। इस बजट से सरकार ने एक बार फिर साबित कर दिया कि देश और देशवासियों के हित से बढ़कर उनके लिए कुछ नहीं है। बजट में कृषि, स्वास्थ्य, सड़क, खेल, शिक्षा, सुरक्षा, टेक्नोलॉजी सहित अन्य क्षेत्रों के लिए पिछले वर्षों की तुलना में अधिक राशि का प्रावधान किया गया है, जिससे किसान, युवा, महिला शक्ति और आम नागरिक की तरक्की के लिए अधिक मौके उपलब्ध हो सकें।

देवांगन ने बताया बजट में किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। एआई और आधुनिक तकनीक के माध्यम से कृषि उत्पादकता बढ़ाने, पशुपालन एवं डेयरी उद्योग को प्रोत्साहन देने की योजना बनाई गई है। साथ ही महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल के तहत स्थानीय उद्योग और हस्तशिल्प को बढ़ावा देकर ग्रामीणों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। वहीं शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण योजनाओं का ऐलान किया गया है। उद्यमिता और दक्षता आधारित रोजगार पर विशेष जोर दिया जाएगा। शिक्षा से रोजगार तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विकसित भारत का कोर ड्राइवर सेवा क्षेत्र होगा। इसके तहत एक उच्च स्तरीय समिति बनाई जाएगी, जो एआई और अन्य नई प्रौद्योगिकियों के असर का आकलन करेगी और उनके आधार पर नीतियां बनाई जाएंगी। शिक्षा के क्षेत्र में खास घोषणा यह रही कि पांच विश्वविद्यालय टाउनशिप बड़े औद्योगिक और लॉजिस्टिक गलियारों के पास स्थापित किए जाएंगे, जिससे छात्रों को उद्योग से जुड़े प्रैक्टिकल अनुभव मिल सकेगा। इसके अलावा, हर जिले में एक महिला छात्रावास बनाए जाने की घोषणा की गई है, जिससे महिलाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहुलित मिलेगी । इसी प्रकार 1500 सेकेंडरी स्कूलों और 500 कॉलेजों में एवीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया है, जिसका उद्देश्य 10 लाख से अधिक रोजगार के अवसर उत्पन्न करना, कौशल विकास को बढ़ावा देना और भारत को डिजिटल इनोवेशन में अग्रणी बनाना है। वित्त मंत्री ने बताया कि इन लैब्स में छात्रों को गेम डिजाइन, एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स और डिजिटल कंटेंट प्रोडक्शन की आधुनिक ट्रेनिंग दी जाएगी। इस कदम से इंडस्ट्री-रेडी स्किल तैयार किए जाएंगे, जो छात्रों को आने वाले डिजिटल उद्योगों के लिए तैयार करेंगे। देवांगन ने कहा कि ऐसा दूरदर्शी बजट प्रस्तुत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बधाई के पात्र हैं।

रोजगार गारंटी को समाप्त करने वाला बजट: कुसुम

राजनांदगांव/नवप्रदेश छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव अधिवक्ता कुसुम दुबे ने केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कही की पिछली बजट की राशि खर्च कर सकने में असफल भाजपा की केंद्र सरकार जो मनरेगा को समाप्त करने की जो साजिश की है इसका खुलासा इस बजट में हुआ है मांग आधारित रोजगार गारंटी मनरेगा को समाप्त कर बजट आधारित वीबी जी रामजी योजना की डफली भाजपा बजा रही है।

बजट 2026-27 ग्रामीण विकास और कृषि उन्नति का रोडमैप: कैलाश शर्मा

डोंगरगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा प्रवक्ता और किसान नेता कैलाश शर्मा ने केंद्रीय बजट 2026-27 को नारी शक्ति, मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और सनराइज सेक्टर आधारित एक दूरदर्शी बजट बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट न केवल महिलाओं और युवाओं के लिए नए अवसर खोलता है, बल्कि भारत की वैश्विक भूमिका को और मजबूत करने की दिशा में निर्णायक कदम साबित होगा। शर्मा ने कहा कि बजट में युवाओं के लिए उड़ान का खुला आसमान और महिलाओं के लिए सशक्तिकरण के ठोस प्रावधान इसे त्रूली इंक्लूसिव बजट बनाते हैं। कैलाश शर्मा ने कहा कि मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत को मजबूत करने के लिए इस बजट में जो रोडमैप रखा गया है, वह देश को नई टेक्नोलॉजी और विनिर्माण के केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। सेमीकंडक्टर,

रेयर अर्थ, बायोफ्यूल, हाई-एंड टूल्स जैसे सनराइज सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए घोषित कदम छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में नए उद्योग और रोजगार अवसर तैयार करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश से ग्रामीण और औद्योगिक अर्थव्यवस्था को नया बल मिलेगा। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता कैलाश शर्मा ने आगे कहा कि प्राकृतिक आपदाओं और बाजार जोखिम से निपटने के लिए फसल बीमा को और प्रभावी बनाना तथा कृषि ऋण व्यवस्था को सरल करना किसान हित में ऐतिहासिक कदम है।



जीवेत शरदः शतम्
जीवेत शरदः शतम्
छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व नेता प्रतिपक्ष, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं बिल्हा के माटीपुत्र, विकासपुरुष, यशस्वी विधायक
मान. श्री धरमलाल कौशिक जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विनीत : सेवा सहकारी समिति मर्यादित, बिल्हा एवं बिटकुली

जीवेत शरदः शतम्
जीवेत शरदः शतम्
छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व नेता प्रतिपक्ष, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं बिल्हा के माटीपुत्र, विकासपुरुष, यशस्वी विधायक
मान. श्री धरमलाल कौशिक जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
आशिष दुबे
लक्ष्मण कौशिक
हितेश सलूजा
विनीत : सेवा सहकारी समिति मर्यादित, बरतोरी

जीवेत शरदः शतम्
जीवेत शरदः शतम्
छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व नेता प्रतिपक्ष, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं बिल्हा के माटीपुत्र, विकासपुरुष, यशस्वी विधायक
मान. श्री धरमलाल कौशिक जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
आशीष दुबे
नोडल अधिकारी, जिला सहकारी बैंक
लक्ष्मण कौशिक
शाखा प्रबंधक
जिला सहकारी बैंक बिल्हा
हितेश सलूजा
पर्यवेक्षक, बिल्हा
अखिलेश सिंह
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति बोड़सरा
नरोत्तम यादव
अध्यक्ष
सेवा सह. समिति पासीद
स्वाती अमित सिंह
सरपंच
ग्राम पंचायत पिरैया
अमित सिंह
सरपंच प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत पिरैया
अंकित उपाध्याय
प्रदीप यादव
प्रबंधक
सेवा सह. समिति पासीद
लक्ष्मी जायसवाल
कम्प्यूटर ऑपरेटर
सेवा सह. समिति पासीद
संतोष मरावी
सेवा सहकारी समिति
बोड़सरा
धनंजय यादव
कम्प्यूटर ऑपरेटर
सेवा सहकारी समिति बोड़सरा
विनीत : सेवा सहकारी समिति पासीद एवं बोड़सरा

बिल्हा के विकास पुरुष, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक
मान. धरमलाल कौशिक जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
डॉ. राजेश यादव (B.P.T.)
डायरेक्टर
न्यू जनता हॉस्पिटल
शिव चौक, यदुनंदन नगर रोड, तिफरा,
बिलासपुर (छ.ग.), मो. 9755568886

केंद्रीय बजट 2026-27 भारत के स्वर्णिम युवा युग का बजट: कौशिक

राज्यों को बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 1.5 लाख करोड़, बजट विकास, समावेशन और वैश्विक प्रतिस्पर्धा का रोडमैप

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने आज संसद में पेश केंद्रीय बजट 2026-27 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस बजट से मोदी जी का वह वचन फिर से पूरा हुआ है कि जिन्हें कोई नहीं पूछता, उन्हे मोदी जी पूजते हैं। केंद्र सरकार के तीन कर्तव्य ग्रोथ को बढ़ावा देना निवेश, उद्योग और रोजगार सृजन को मजबूत करना। (2) जनता की उम्मीदों को पूरा करना सामान्य नागरिकों को अधिक सुविधाएं और अवसर देना। (3) सबका साथ, सबका विकास विकास का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाना। यह कर्तव्य भारत देश को स्वर्णिम युग और विश्वगुरु बनाने में एक अनूठा पहल है। उन्होंने कहा कि समाज के मध्यम वर्ग और श्रमिक वर्गों के उत्थान के लिए यह बजट ऐतिहासिक और क्रांतिकारी होगा। मोदी सरकार ने सार्वजनिक निवेश पर मजबूत जोर को कायम रखते हुए दूरगामी संरचनात्मक सुधारों, राजकोषीय मितव्ययिता और मौद्रिक स्थिरता को निरंतर बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता को केंद्र में रखते हुए, मोदी सरकार ने घरेलू उत्पादन क्षमता एवं ऊर्जा सुरक्षा का निर्माण किया है और आयात पर निर्भरता में कमी लाई है। इसके साथ-साथ नागरिक-आधारित विकास को सुनिश्चित किया गया है और रोजगार सृजन, कृषिगत उत्पादकता, परिवारों की क्रय शक्ति और लोगों को सार्वभौमिक सेवाएं प्रदान करने हेतु विभिन्न सुधारों को अपनाया गया है। श्री कौशिक ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 में देश के तीन राज्यों–छत्तीसगढ़, ओडिशा और केरल–के लिए माइनिंग कॉरिडोर विकसित करने का ऐलान किया है जिससे खनिज आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इसके साथ ही सभी राज्यों के सभी जिलों में छात्राओं के लिए गर्ल्स हॉस्टल बनाने की योजना रखी गयी है जिससे हर ज़िले में गर्ल्स हॉस्टल बनाने से छत्तीसगढ़ की लड़कियों को एस्ट्रोफिजिक्स, एस्ट्रोनॉमी, मेडिसिन और इंजीनियरिंग जैसे मुश्किल फील्ड्स में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। भारत को मेडिकल वैल्यू टूरिज़्म का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की।

वेतनभोगी कर्मचारियों की मानक कटौती की सीमा बढ़ाना स्वागतेय

बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने बजट पर कहा कि वेतनभोगी कर्मचारियों की मानक कटौती की सीमा बढ़ाकर 75 हजार रूपए करने का प्रस्ताव भी स्वागतेय है। उसी प्रकार वरिष्ठ नागरिकों के लिए कर कटौती की सीमा दुगुनी कर 1 लाख रूपए कर दी गई है। लिथियम आयरन बैटरी समेत 12 महत्वपूर्ण खनिजों पर सीमा शुल्क समाप्त किए जाने से इलेक्ट्रानिक्स सस्ते होंगे। इसके तहत निजी क्षेत्र की भागीदारी से पाँच क्षेत्रीय मेडिकल टूरिज़्म हब स्थापित करने के लिए राज्यों को सरकारी समर्थन दिया जाएगा। बायोफार्मा शक्ति पहल में 10 हजार करोड़ का बड़ा निवेश, बायोलॉजिक/बायोसिमिलर दवाओं का उत्पादन और क्लीनिकल ट्रायल नेटवर्क शिक्षा-अनुसंधान संस्थानों का विस्तार, राष्ट्रीय आयुष और आयुर्वेद को बढ़ावा, सेहत से जुड़े रोजगार और कौशल विकास चीजों पर जोर दिया है।

बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक अहम कदम है जिसमें समावेशी विकास पर विशेष जोर दिया गया है। बजट प्रस्ताव के प्रावधानों की चर्चा करते हुए कहा कि इस बजट में सरकार ने मुख्य रूप से कर सुधारों, विनिर्माण और तकनीक पर जोर दिया है। मध्यम वर्ग के लिए व्यक्तिगत आयकर स्लैब में बदलाव कर नई आयकर व्यवस्था को और अधिक आकर्षिक बनाने पर जोर दिया गया है। 12 लाख रूपए तक की सालाना आमदनी पर अब कोई कर नहीं लगेगा।

तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने बताया कि हम तेजी से बढती अर्थव्यवस्था बनकर ही संतुश्ट नहीं है। बल्कि जल्द से जल्द तीसरी अर्थव्यवस्था बनना चाहते है। ये बजट अपार अवसरों का राजमार्ग है। ये बजट वर्तमान के सपनों को साकार करता है। भारत जिस रिफॉर्म्स पर सवार है, बजट से उसे नई गति मिलेगी। रेयर अर्थ कॉरिडोर, क्रिटिकल मिनिरल्स पर बल, टैक्सटाइल, हाईटेक टूल मैनुफैक्चरिंग जैसी चीजें भविष्य और वर्तमान की जरूरतों का ध्यान रखती है।

क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी ने कहना है कि यह युवा शक्ति बजट है। ऑरेंज इकोनॉकी, पर्यटन और खेलों इंडिया मिशन के जरिए युवाओं के लिए नए अवसरों द्वार खुलेंगे। भारत को दुनिया का डेटा सेंटर हब बनाने टैक्स में बड़ी छूट दी गई है। हमारी सरकार ने डेयरी उद्योग को भी प्राथमिकता दी है। इस बजट में नारियल, काजू कोको की पैदावार वाले किसानों को प्राथमिक्ता दी गई है। भारत विस्तार ऐप से किसानों को उनकी भाशा में जानकारी मिलने में आसानी रहेगी।

वही बिलासपुर शहर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने कहा कि राज्यों को बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 1.5 लाख करोड़ रूपए का 50 साल तक के लिए पूर्व घोषित ब्याज मुक्त ऋण जारी रखा जाएगा। छत्तीसगढ़ के लिए बजट में किए गए प्रावधानों का जिक्र करते हुए कहा कि केन्द्रीय बजट 2026-27 में छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कई रणनीतिक प्रावधान किए गए हैं। चूँकि छत्तीसगढ़ एक खनिज संपन्न और जनजातीय बहुल राज्य है, इसलिए केंद्र सरकार का ध्यान यहाँ की कनेक्टिविटी, जनजातीय कल्याण और औद्योगिक विकास पर केंद्रित है।

मनीष अग्रवाल पूर्व एल्डरमैन भाजपा ने पेश बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वर्ष 2026-27 का आम बजट विकसित भारत की नींव रखने वाला सर्व समावेशी बजट है, यह बजट आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को मजबूत करने वाला है। बजट में विभिन्न वर्गों ,हर राज्य को लाभान्वित करने के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। कर सुधार और सरलता पर भरोसा नया आयकर अधिनियम 1 अप्रैल2026 से लागू होगा इसमें नियमों को सरल और करदाता अनुकूल बनाने बजट में प्रावधान है, स्वास्थ्य सेवाएं सस्ती दवाइयां विशेष कर कैंसर के इलाज के लिए 17 नई दावों पर कस्टम ड्यूटी घटाई गई है जिससे विभिन्न राज्यों के मरीज को इलाज सस्ता मिलेगा।

सकारात्मक दृष्टिकोण वाला बजट

भारतीय जनता युवा मोर्चा बिलासपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष ऋषभ चतुर्वेदी ने कहा आज भारत की संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने और विकास के विस्तृत दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने वाला केंद्रीय बजट 2026-27 प्रस्तुत किया। इस बजट में युवाओं, कौशल विकास, रोजगार निर्माण और शिक्षा-तकनीक अभिनव अवसरों पर विशेष जोर दिया गया है। यह बजट विकास-प्रधान, समावेशी और भविष्य-उन्मुख नीतियों का प्रतिबिंब है, जो भारत की युवाशक्ति को मजबूत आधार देकर देश को आत्मनिर्भरता और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ाएगा।

आयकर व्यवस्था को आकर्षित बनाने पर जोर

बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि यह बजट विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में एक अहम कदम है जिसमें समावेशी विकास पर विशेष जोर दिया गया है। मध्यम वर्ग के लिए व्यक्तिगत आयकर स्लैब में बदलाव कर नई आयकर व्यवस्था को और अधिक आकर्षिक बनाने पर जोर दिया गया है। 12 लाख रूपए तक की सालाना आमदनी पर अब कोई कर नहीं लगेगा। बजट प्रस्ताव के प्रावधानों की चर्चा करते हुए कहा कि इस बजट में सरकार ने मुख्य रूप से कर सुधारों, विनिर्माण और तकनीक पर जोर दिया है।

बजट दूरदर्शी व सराहनीय

गृहणी आशा बजेठा ने कहा कि कैंसर की दवाओं पर आयात शुल्क हटाना स्वागत योग्य है। जिनके परिजन इस बीमारी से जूझ रहे हैं उन्हें पता है कि इनका इलाज कितना महंगा होता है। इसके साथ ही सात दुर्लभ बीमारियों की दवाईयां भी ड्यूटी फ्री की गई है। डिफेंस का बजट बढ़ना एक अच्छा निर्णय है। इससे डिफेंस को और भी मजबूती मिलेगी। सरकार का यह बजट दुरदर्शी और सराहनीय योग्य है। निश्चित ही इस बजट का लाभ समाज के सभी वर्गों को मिलेगा। मेडिकल खोले जाने की घोषणा भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में अच्छी पहल है।

गरीब व मध्यमवर्गीय को राहत नहीं

प्राइवेट संस्था में कार्यरत नीति शर्मा ने कहा कि इस बजट में राज्य के लिए कुछ भी ठोस नहीं है। केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ को ध्यान में नहीं रखा है। जिन राज्यों में आने वाले समय में चुनाव है वहां राजनीतिक लाभ लेने के लिए विशेष बजट तैयार किया गया है। इस बजट से पेट्रोल, डीजल के दाम कम नहीं किए। कुल मिलाकर देखा जाए तो इस बजट से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार को किसी भी तरह की राहत नहीं मिली है। इस बजट से छत्तीसगढ़ खुद को ठगा महसूस कर रहा है। यह बजट केवल चुनाव को ध्यान में रखाकर बनाया गया है।

नागपुर-दुर्ग रेल खंड की क्षमता और कनेक्टिविटी में ऐतिहासिक वृद्धि

■ तुमसर रोड पर तीसरी लाइन का सफल कमीशनिंग

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर-दुर्ग रेल खंड पर क्षमता विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में 31 जनवरी को तुमसर रोड स्टेशन यार्ड में तीसरी लाइन का सफलतापूर्वक कमीशनिंग किया गया। इस उपलब्धि से नागपुर-दुर्ग खंड पर रेल कनेक्टिविटी और अधिक सुदृढ़ होगी तथा यात्री एवं मालगाड़ी परिचालन की दक्षता में उल्लेखनीय सुधार आएगा। यह संपूर्ण कार्य निर्माण विभाग, नागपुर द्वारा निष्पादित किया गया। कमीशनिंग से पूर्व सभी आवश्यक इंजीनियरिंग, सिग्नलिंग एवं ओएचई से संबंधित कार्यों को मौजूदा रेलवे नियमों, मानकों एवं सुरक्षा निर्देशों के अनुरूप पूर्ण कर परीक्षण किया गया। इस दौरान आवश्यक सिग्नल इंटरलॉकिंग संशोधन किए गए तथा कुल 191/192 रूटों का परीक्षण किया गया, जो पूर्णतः सुरक्षित एवं क्रियाशील पाए गए। तीसरी लाइन के कमीशनिंग के अंतर्गत ट्रैक बिछाने, ब्लास्टिंग, टैंपिंग एवं एलाइनमेंट से संबंधित कार्य संतोषजनक रूप से पूरे किए गए। सभी पॉइंट्स एवं रूटों के लिए सिग्नलिंग इंस्टॉलेशन तथा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का सफल परीक्षण संपन्न हुआ। ओएचई कार्यों के अंतर्गत इरेक्शन, वायरिंग, टेंशनिंग एवं ऊर्जीकरण सुरक्षित ढंग से पूर्ण किया गया तथा सभी वैधानिक निरीक्षणों एवं सुरक्षा जांचों का अनुपालन सुनिश्चित किया गया। सभी अनिवार्य परीक्षणों एवं सुरक्षा सत्यापन के पश्चात 31 जनवरी को तुमसर रोड में तीसरी लाइन को रेल संचालन के लिए खोल दिया गया।

यूनिसेक्स पार्लर व महिला बुटीक का लोकार्पण

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा यात्रियों को आधुनिक एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल के तहत नागपुर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह की अगुवाई में नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में नव स्थापित यूनिसेक्स पार्लर (पुरुष सैलून) एवं महिला बुटीक का विधिवत शुभारंभ आज 1 फरवरी को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने कहा कि रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं के निरंतर उन्नयन के लिए नागपुर मंडल प्रतिबद्ध है।

सीयू में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यशाला का समापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) नैक से ए++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद गुजरात के संयुक्त तत्वावधान में 19 से 31 जनवरी, 2026 तक आयोजित उद्यमिता विकास कार्यशाला का समापन दिनांक 31 जनवरी, 2026 को रजत जयंती सभागार के हॉल क्रमांक 1 में सुबह 10 बजे हुआ।

हार-जीत खेल का हिस्सा, असली जीत अनुभव और अनुशासन की होती है: मेलाराम

सीपत/नवप्रदेश। सीपत महाविद्यालय मैदान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रोमांच और उत्साह से भरपूर रहा, जहां घुटकू इलेवन ने मेजबान सीपत टीम को 7 रनों से हराकर खिताब अपने नाम किया। पूरे टूर्नामेंट में कुल 32 टीमों ने भाग लिया, जिससे क्षेत्र में खेल का उत्सव जैसा माहौल बना रहा। प्रतियोगिता में तृतीय स्थान फरहदा और चतुर्थ स्थान सेमरताल को प्राप्त हुआ। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि छग जागृति मिशन व्यापार संघ के अध्यक्ष मेलाराम साहू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराया और मैच का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि खेल हमें जीवन का सबसे बड़ा सबक सिखाता है। हार और जीत दोनों जरूरी हैं, क्योंकि हार से अनुभव मिलता है और जीत से आत्मविश्वास। मैदान में अनुशासन, मेहनत और खेल भावना ही खिलाड़ी की असली पहचान है। सुनील आईएएस एकेडमी के संचालक सुनील निर्मलकर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी प्रतियोगिताएं छिपी प्रतिभाओं को मंच देती हैं। खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे, अनुशासन और टीम भावना को मजबूत करने का माध्यम भी है। सीपत में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं, बस उन्हें अवसर मिलते रहना चाहिए। विशिष्ट अतिथियों में मनोज खरे सभापति, जनपद पंचायत मस्तूरी, मनीषा योगेश वंशकार सरपंच प्रतिनिधि सीपत , सलीम विरानी अध्यक्ष, इंटक यूनियन एनटीपीसी सीपत सुनील सिंह शामिल रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें बेहतर खेल भावना के साथ आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं। पहले बल्लेबाजी करते हुए घुटकू इलेवन ने निर्धारित 10 ओवरों में 101 रन बनाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीपत की टीम ने शानदार संघर्ष किया, लेकिन 94 रन पर सिमट गई और मुकाबला 7 रनों से हार गई।

दो तालाबों से अवैध मिट्टी खनन का वीडियो वायरल

खनिज माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में परिसीमन के बाद जुड़े वार्ड में अवैध खनन का बड़ा मामला सामने आया है। जिसमे कांग्रेस पार्टी के पार्षद सवालों के कटघरे में है। उनपर बिना परमिशन वार्ड के तालाबों से अवैध मिट्टी के खनन कराने का आरोप लगा है। मिली जानकारी के अनुसार वार्ड नं 47 के पार्षद मोहन श्रीवास का एक कॉल रिकॉर्ड सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिसमे मोपका के रहने वाले युवक सितेश कुमार दर्वे के साथ अवैध खनन के लेन देन की बात की गई है। यही नहीं उक्त ऑडियो में कांग्रेसी पार्षद मोहन श्रीवास रात में हुए अवैध खनन के बाद मिट्टी के परिवहन का हिसाब लेते सुनाई दे रहे साथ ही पर ट्रिप 400 कमीशन की बात भी की गई है। सूत्रों की माने तो वार्ड नं 47 के रामकृष्ण नगर के बाबा तालाब और वार्ड नं 48 के कूटीपारा तालाब में बीते एक पखवाड़े से रात के अंधेरे में जेसीबी से खुदाई कर उसका परिवहन किया गया है। खनिज विभाग के नाक के नीचे चल रहे इस खेल का खुलासा होना मुश्किल भी था। ठीक इसी समय वार्ड पार्षद मोहन श्रीवास और खनन करने वाले युवक सितेश कुमार दर्वे के बीच लेन देन को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद उनके बीच हुए कॉल रिकार्डिंग सोशल मीडिया में वायरल कर दिया गया। इधर मामले में पार्षद ने युवक के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। तो वही सितेश कुमार दर्वे ने एसपी ऑफिस पहुंच पूरे घटना क्रम की जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेसी पार्षद मोहन श्रीवास के द्वारा कुटी पारा, रामकृष्ण नगर के बाबा तालाब का नगर निगम एवं खनिज विभाग द्वारा खोदने की परमिशन लेने की बात युवक से कही गई थी। जिसके बाद अवैध खनन का काम शुरू कर दिया गया। युवक ने बताया कि विगत दो महीनो से दोनो तालाब के मिट्टी के अवैध खनन का काम किया जा रहा था। जिसमे करीब 200 हाइवा मिट्टी का खनन किया जा चुका है।

उपलब्धि

तीन वर्षों के सतत अनुसंधान एवं विकास के बाद विकसित हुई अभिनव, अहिंसक रेशम निर्माण तकनीक

कोल इंडिया के सीएसआर सहयोग से आईआईटी बॉम्बे की पायलट परियोजना 'जीवोदया' को रेशम उत्पादन में मिली सफलता

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोल इंडिया के कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) फंड के सहयोग से संचालित आईआईटी बॉम्बे की अनूठी पायलट परियोजना 'जीवोदया' ने तीन वर्षों के निरंतर अनुसंधान एवं विकास के पश्चात नैतिक रेशम उत्पादन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

इस परियोजना के अंतर्गत आईआईटी बॉम्बे के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रौद्योगिकी विकल्प केंद्र (सी-तारा) ने रेशम उत्पादन की एक ऐसी नवीन तकनीक सफलतापूर्वक विकसित की है, जिसमें रेशम के कीड़ों की हत्या की आवश्यकता नहीं होती। पारंपरिक विधियों से अलग, इस तकनीक में रेशम के कीड़े रेशमी धागा उत्पन्न करने के बाद पतंगे में परिवर्तित होकर अपना प्राकृतिक जीवन चक्र पूर्ण कर पाते हैं। इसीलिए, मानवीय और नैतिक दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करते इस रेशम को 'जीवोदया सिल्क' नाम दिया गया है। परंपरागत रूप से, शहतूत की पत्तियों पर पलने वाले रेशम के कीड़े अपने चारों ओर कोकून बनाते हैं। रेशम निकालने के लिए इन कोकूनों को उबाल दिया जाता है, जिससे लाखों रेशम कीड़ों की मृत्यु हो जाती है। 'जीवोदया' परियोजना ने इस लंबे समय से चली आ रही प्रथा को चुनौती देते हुए करुणा आधारित वैज्ञानिक नवाचार के माध्यम से रेशम उत्पादन की प्रक्रिया को पुनर्परिभाषित किया है। अथक प्रयोगों के बाद, 'सी-तारा' ने एक दुर्लभ वैज्ञानिक उपलब्धि हासिल की है, जिसके तहत रेशम के कीड़ों को कोकून बनाए बिना समतल सतह पर रेशमी धागा बुनने के लिए प्रशिक्षित किया गया। इसके परिणामस्वरूप, अब रेशम के कीड़ों को कोकून बनाने की आवश्यकता नहीं रहती और वे अंततः पतंगे के रूप में मुक्त होकर उड़ान भर पाते हैं।

एसईसीएल सीएमडी दुहन को डब्ल्यूसीएल का अतिरिक्त प्रभार

एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन को वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वो 1 फरवरी से इस नए दायित्व का कार्यभार संभालेंगे। इस संबंध में कोयला मंत्रालय, भारत सरकार ने आदेश जारी किया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, यह अतिरिक्त प्रभार 1 फरवरी 2026 से प्रभावी होगा और इसकी प्रारंभिक अवधि तीन माह या अगले आदेश तक रहेगी। हरीश दुहन ने 27 मार्च 2025 को एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का पदभार ग्रहण किया था। प्रबंधन के दावों के मुताबिक, दुहन के मार्गदर्शन में एसईसीएल भूमिगत खदानों में पेस्ट-फिल तकनीक अपनाने वाली देश की पहली कोल पीएसयू बनी है। यह तकनीक खनन सुरक्षा और दक्षता में सुधार के लिए महत्वपूर्ण मानी जाती है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com